राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

तरुणमित्र

श्रम ही आधार, खबरों से सरोकार

वर्ष : 47 अंक 255
जौनपुर, बुधवार
02 जुलाई 2025
तापमान
अधिकतम / न्यूनतम
33°C | 27°C

मूल्य 3.00 रुपये पृष्ठ-8 | जौनपुर, अयोध्या, लखनऊ, पटना (बिहार), ठाणे (महाराष्ट्र), भोपाल (मप्र) से प्रकाशित | www.tarunmitra.in

सुदीक्षा ई.एन.टी. क्लीनिक & थायरॉइड सेन्टर
कान पर्दे की सुराख का बिना आपरेशन इलाज
सभी प्रकार के नाक, कान, गला थायराइड एवं मुख कैंसर रोग का इलाज व आपरेशन की सुविधा
डॉ. बृजेश कन्नौजिया M.B.B.S., M.S.(ENT) (गोल्ड मेडलिस्ट) नाक, कान, गला, थायरॉइड एवं मुख कैन्सर सर्जन
डॉ. एकता कन्नौजिया B.H.M.S., C.G.O. नाक, कान, गला एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ
नईगंज तिराहा (कुमार पेट्रोल पम्प के सामने), जौनपुर Mob.:8115484636

2 साल में 3.5 करोड़ नौकरियां, राष्ट्रीय खेल नीति को मंजूरी

मोदी सरकार ने 3 बड़े फैसलों पर लगाई मुहर

नई दिल्ली, 01 जुलाई। केंद्र की मोदी सरकार ने कैबिनेट मीटिंग में कई बड़े फैसले लिए। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंगलवार (01 जुलाई, 2025) को बताया कि केंद्रीय मंत्रिमंडल ने रोजगार से जुड़ी प्रोत्साहन योजना, खेल से जुड़ी खेलो भारत नीति, रिसर्च एंड डेवलपमेंट के अलावा तमिलनाडु में परमकुडी-रामनाथपुरम नेशनल हाईवे को चार लेन का बनाने के लिए मंजूरी दी।

कैबिनेट प्रेस ब्रीफिंग के दौरान उन्होंने बताया कि कैबिनेट ने सभी क्षेत्रों में रोजगार सृजन, रोजगार क्षमता और सामाजिक सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए रोजगार से जुड़ी प्रोत्साहन (ईएलआई) योजना को मंजूरी दी। योजना का लक्ष्य 2 वर्षों में देश में 3.5 करोड़ से अधिक नौकरियों के सृजन को प्रोत्साहित करना है। इसका कुल बजट- 99,446 करोड़ रुपये है।

खेलो भारत नीति को दी मंजूरी: केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने आज राष्ट्रीय खेल नीति (एनएसपी) 2025 को मंजूरी दे दी। यह एक ऐतिहासिक पहल है जिसका उद्देश्य देश के खेल परिदृश्य को नया आकार देना और खेलों के माध्यम से नागरिकों को सशक्त बनाना है। नई नीति मौजूदा राष्ट्रीय खेल नीति, 2001 की जगह लेती है, साथ ही भारत को एक वैश्विक खेल महाशक्ति के रूप में स्थापित करने और 2036 ओलंपिक खेलों सहित अंतर्राष्ट्रीय खेल आयोजनों में उत्कृष्टता के लिए एक मजबूत दावेदार के रूप में स्थापित करने के लिए एक दूरदर्शी और रणनीतिक रोडमैप पेश करती है।

रिसर्च एंड डेवलपमेंट: भारत के रिसर्च एंड डेवलपमेंट के पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने के लिए एक परिवर्तनकारी कदम के रूप में, केंद्रीय मंत्रिमंडल ने एक लाख करोड़ रुपये की निधि के साथ अनुसंधान विकास और नवाचार (आरडीआई) योजना को मंजूरी दे दी है।

आरडीआई योजना का उद्देश्य आरडीआई में निजी क्षेत्र के निवेश को बढ़ावा देने के लिए कम या शून्य ब्याज दरों पर लंबी अवधि के साथ दीर्घकालिक वित्तपोषण या पुनर्वित्त प्रदान करना है। यह योजना निजी क्षेत्र के वित्तपोषण में बाधाओं और चुनौतियों को दूर करने के लिए डिज़ाइन की गई है और नवाचार को सुविधाजनक बनाने, प्रौद्योगिकी को अपनाने को बढ़ावा देने और प्रतिस्पर्धात्मकता को बढ़ाने के लिए उभरते और रणनीतिक क्षेत्रों को विकास और जोखिम पूंजी प्रदान करने का प्रयास करती है।

तमिलनाडु को मोदी सरकार का तोहफा: मंत्रिमंडल ने तमिलनाडु में परमाकुडी-रामनाथपुरम खंड के 4-लेन निर्माण को मंजूरी दी। खंड की कुल लंबाई 46.7 किमी है और परियोजना लागत 1,853 करोड़ रुपये है। दक्षिणी तमिलनाडु के प्रमुख आर्थिक, सामाजिक और लॉजिस्टिक्स नोड्स को निर्बाध कनेक्टिविटी प्रदान करेगा। मौजूदा समय में, मदुरै, परमकुडी, रामनाथपुरम, मंडपम, रामेश्वरम और धनुषकोडी के बीच संपर्क मौजूदा 2-लेन राष्ट्रीय राजमार्ग 87 (एनएच-87) और संबंधित राज्य राजमार्गों पर निर्भर है, जिस वजह से इस राजमार्ग पर भीड़भाड़ रहती है और लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

SINCE : 1981
Affiliated to CBSE (New Delhi)
NEHRU BALODYAN SR. SECONDARY SCHOOL
ADMISSION OPEN 2025-26
KANHAIPUR, VAN VIHAR ROAD, JAUNPUR
SCIENCE • COMMERCE • HUMINITIES
PLAY GROUP To 9TH & 11TH
UPSC Air-1 Result - 24-01-2024 NIKHIL SINGH SCHOOLING- 9 TO 12 (2011-2015)
TRANSPORT INCHARGE 9554586608, 8736006564
KANHAIPUR, JAUNPUR
CONTACT FOR MORE INFO 9415234111, 9415349820 9450089310

जम्मू-कश्मीर के तीन राजनीतिक दलों को कारण बताओ नोटिस

रद हो सकता है पंजीकरण

श्रीनगर, 01 जुलाई। केंद्र शासित जम्मू-कश्मीर में तीन पंजीकृत राजनीतिक दलों का पंजीकरण रद हो सकता है। यह तीनों ही राजनीतिक रूप से निष्क्रिय हैं और उनकी निष्क्रियता का संज्ञान लेते हुए मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने सोमवार को तीनों राजनीतिक दल ऑल जम्मू एंड कश्मीर रिपब्लिकन पार्टी, इंडियन पीपुल्स कॉन्फ्रेंस और सोशलिस्ट डेमोक्रेटिक पार्टी के नाम कारण बताओ नोटिस जारी कर दिया है।

जम्मू-कश्मीर के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि प्रदेश में विभिन्न राजनीतिक दलों की गतिविधियों का आकलन किया जा रहा है। इसी दौरान पाया गया कि तीन पंजीकृत राजनीतिक दल वर्ष 2019 से पूरी तरह से निष्क्रिय हैं। इन्होंने जम्मू-कश्मीर वर्ष 2019 से लेकर अब तक किसी भी चुनावी प्रक्रिया में भाग नहीं लिया है। इसके अलावा, इन दलों का मौजूदा पता भी किसी को मालूम नहीं है, इसलिए इनके अस्तित्व को लेकर भी सवाल पैदा होते हैं। इसलिए इन दलों को कारण बताओ नोटिस जारी कर, अपना पक्ष रखने को कहा गया है कि उन्हें क्यों नहीं पंजीकृत दलों की सूची से बाहर किया जाए। इन दलों को एक लिखित में अपना पक्ष हल्फनामे व अन्य आवश्यक दस्तावेजों के साथ सात जुलाई 2025 तक जमा कराने को कहा गया है। इस विषय में सुनवाई 11 जुलाई 2025 को होगी।

योगी सरकार ने 63 तहसीलदार को बनाया एसडीएम

लखनऊ, 01 जुलाई। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने 63 तहसीलदारों को एसडीएम के पद पर पदोन्नति दे दी है। इन्हें सातवें वेतनमान में पुनरीक्षित वेतन मैट्रिक्स के लेवल-10 में 56,100-1,77,500 रुपये वेतनमान मिलेगा। नियुक्ति विभाग ने सोमवार को इसके आदेश जारी कर दिए। पदोन्नति के लिए उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग में डीपीसी की बैठक 26 जून को हुई थी। इन्हें वर्तमान तैनाती के स्थान पर ही पदोन्नत करते हुए कार्यभार ग्रहण करने के लिए कहा गया है। इनका परिवीक्षा काल दो वर्ष का होगा। नियुक्ति विभाग ने दो आदेश अलग से जारी किए हैं। इनमें श्रावस्ती में तैनात प्रदुमन कुमार को उनके कनिष्ठ विनोद कुमार की पदोन्नति 20 मार्च 2025 की तिथि से कार्यभार ग्रहण करने की तिथि तक नोशनल प्रोन्नति दी जाएगी। कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से उन्हें वास्तविक प्रोन्नति प्रदान की जाएगी। उनकी ज्येष्ठता बाद में निर्धारित की जाएगी। इसी प्रकार आगरा में तैनात श्रद्धा पांडेय को भी उनकी कनिष्ठ रानी गरिमा जायसवाल की 30 जून 2023 की प्रोन्नति की तिथि से कार्यभार ग्रहण करने की तिथि तक नोशनल प्रोन्नति दी जाएगी। कार्यभार ग्रहण करने तिथि से वास्तविक प्रोन्नति प्रदान की जाएगी। इनकी भी ज्येष्ठता बाद में निर्धारित की जाएगी।

बागपत में बरसात से भरभराकर गिरा मकान, नौ पशुओं की मौत, चार लोग घायल

बागपत, 01 जुलाई। बरसात के कारण खेड़ा इस्लामपुर गांव में एक मकान भरभराकर गिर गया। मलबे में दबने एक बच्चे समेत चार लोग घायल और नौ पशुओं की मौत हो गई। सात पशु घायल हो गए। राहत कार्य जारी है। बड़ौत कोतवाली क्षेत्र के ग्राम खेड़ा इस्लामपुर निवासी नरेश चौधरी दूध का व्यापार करते है। मंगलवार सुबह पशुओं का दूध निकाला जा रहा था। इसी दौरान एक मंजिला मकान भरभरकर गिर गया। मलबे में नरेश के बेटे सनी, पोता आठ वर्षीय दिव्यांश, नौकर मंगल, पड़ोसी रोशन तथा करीब 20 पशु दब गए। इसका पता चलते ही ग्रामीणों की भीड़ उमड़ गई। पुलिस व दमकल कर्मियों को सूचना देते हुए राहत बचाओ अभियान शुरू किया गया। बच्चे समेत चारों व्यक्तियों को मलबे से निकालकर अस्पताल भेजा गया। रोशन की हालत गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने मेरठ हायर सेंटर के लिए रेफर किया। 16 पशुओं को मलबे से बाहर निकाला जा चुका है, इनमें नौ जीवित मिले। राहत अभियान जारी है। वहीं, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी अरविंद त्रिपाठी, चिकित्सकों के साथ पशुओं के इलाज में जुटे हैं। कोतवाली प्रभारी मनोज कुमार चहल पुलिस टीम के साथ कार्य में लगे हैं। ग्रामीण पूरा सहयोग कर रहे हैं। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी कहना है कि हादसे में नौ पशुओं की मौत तथा सात घायल हुए हैं। मृत पशुओं की संख्या और बढ़ सकती है। घायलों का इलाज किया जा रहा है, मृत पशुओं का पोस्टमार्टम किया जाएगा।

'तुम पढ़ो, फीस हम पर छोड़ो'

जनता दर्शन में आज फिर एक बच्ची से बोल पड़े योगी

लखनऊ, 01 जुलाई। हाल ही में लखनऊ में जनता दर्शन के दौरान सीएम योगी से अपने एडमिशन की मांग करती एक नन्हीं बच्ची की बातचीत वायरल हुई थी। सीएम योगी ने उस बच्ची की मांग पर अधिकारियों को तत्काल उसका एडमिशन कराने का आदेश दिया था और थोड़ी ही देर में ऐसा हो भी गया। मंगलवार को एक बार फिर कक्षा 7 में पढ़ने वाली एक छोटी सी बच्ची ने सीएम योगी से अपनी पढ़ाई को लेकर बात की। गोरखपुर स्थित गोरखनाथ मंदिर परिसर में जनता दर्शन कार्यक्रम में आई पंखुड़ी त्रिपाठी नाम की इस बच्ची को देखकर सीएम रुक गए। सीएम जब पंखुड़ी के पास पहुंचे तो उन्हें प्रार्थना पत्र देते हुए वह बोल पड़ी। महाराज जी, मैं पढ़ना चाहती हूं, फीस माफ करवा दीजिए या फीस का इतंजाम करा दीजिए। सीएम ने बड़ी आत्मीयता से बात कर पंखुड़ी की सारी परेशानी जानी। इसके बाद उन्होंने बच्ची से कहा,'बिलकुल परेशान मत हो। पढ़ाई बाधित नहीं होने देंगे। फीस माफ कराने के लिए बात कराएंगे और, माफ न होने की दशा में फीस का इंतजाम खुद करा देंगे। इसे लेकर उन्होंने मौके पर मौजूद अधिकारियों को निर्देशित किया कि फीस के अभाव में पंखुड़ी की पढ़ाई रुकनी नहीं चाहिए। मुख्यमंत्री से भरोसा मिलते ही प्रफुल्लित पंखुड़ी ने उनके साथ फोटो खिंचाने का अनुरोध किया। मुख्यमंत्री ने उसकी इस ख्वाहिश को भी पूरा कर दिया।

गोरखपुर के कोतवाली क्षेत्र के पुरदिलपुर की रहने वाली कक्षा सात की छात्रा पंखुड़ी त्रिपाठी के लिए नए शैक्षिक सत्र का पहला दिन (एक जुलाई) आजीवन यादगार बन गया। फीस न दे पाने की स्थिति में इस बिटिया की पढ़ाई छूटने की नौबत आ गई थी लेकिन मंगलवार को जनता दर्शन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात होते ही पढ़ाई में आड़े आ रही आर्थिक बाधा दूर हो गई। मुख्यमंत्री ने पंखुड़ी को भरोसा दिया कि उसकी पढ़ाई नहीं रुकेगी। वह या तो फीस माफ करवाएंगे या फिर फीस की खुद व्यवस्था कराएंगे। मुख्यमंत्री की सहृदयता से भावविभोर पंखुड़ी ने कहा-महाराज जी जैसा कोई नहीं है।

जनता दर्शन में 100 लोगों की समस्याएं सुनीं: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन दौरान करीब 100 लोगों की समस्याएं सुनीं और कहा कि चिंता न कीजिए, सबकी समस्याओं का समाधान होगा। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को संबंधित मामलों के निस्तारण के निर्देश देते हुए कहा कि जनता की हर पीड़ा का निवारण सरकार की प्रमुख प्राथमिकता है। जनसमस्याओं का समाधान शीघ्रता से किया जाए। इसमें किसी भी तरह की शिथिलता नहीं होनी चाहिए। उन्होंने जरूरतमंदों को आवास एवं अन्य कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने तथा इलाज में आर्थिक मदद के लिए अस्पताल से इस्टीमेट मंगाकर शासन को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

School No. : 70622
Affiliation No.: 2131221
Admission Open 2025-26
Science, Commerce & Humanities
R.N. Tagore Higher Secondary School
(A Senior Secondary School)
Affiliated to C.B.S.E. New Delhi (10+2)
WHERE EVERYONE IS AN ACHIEVER
Referral Book
The Most Advanced 192 Slice Siemens CT Scan Facility in Purvanchal
Diagnato diagnostics realm
• CT Coronary Angiogram
• Brain Angiography
Opposite R.N. Tagore Hr. Sec. School Sukkhipur, Bodkarpur, Jaunpur-222001
9580799739, 8400746241
diagnatoimaging@gmail.com
Sukkhipur, Bodkarpur, Jaunpur
Phone:+91 5452-352515 Mob.: 9616178972, 9935011946, 7388456512
Email : rnthrss94@rediffmail.com | www.rntsss.com

जय माँ गायत्री सुपरस्पेशलिटी
पेन हॉस्पिटल/क्लीनिक एवं पैलिएटिव केयर (दर्द चिकित्सालय)
वाजिदपुर तिराहा, जौनपुर
दर्द क्लीनिक (पेन क्लीनिक)
दर्द विभाग- पुराना दर्द की चिकित्सा विशेषज्ञता का हॉस्पिटल जनपद में पहली बार इन्टरवेंशनल पेन प्रोसीडर सर्जरी द्वारा बिना चीर फाड़ के दर्द से तत्काल आराम।
पेन मैनेजमेंट डिपार्टमेंट
चेहरे का दर्द, घुटने का दर्द, स्पाइन का दर्द, गर्दन का दर्द, न्यूरो (नस) का दर्द, कैंसर का दर्द, माइग्रेन का दर्द इत्यादि।
पुराना दर्द से आराम न मिलने पर दर्द विभाग में अवश्य दिखायें
पैलिएटिव मेडिसीन विभाग- पैलिएटिव विभाग/विशेषज्ञता का जनपद में पहली बार प्रारम्भ पुराना गम्भीर जनरल मेडिसीन/ सायकियाट्रिक/न्यूरोलॉजी/ कार्डियोलॉजी/ टी.बी. एवं चेस्ट/ आन्कोलॉजी (कैंसर विभाग)/HIV विभाग इत्यादि से सम्बन्धित रोगों/ विशेषज्ञों के यहाँ से आराम न मिलने पर पैलिएटिव मेडिसिन विभाग/विशेषज्ञता में एक बार अवश्य दिखायें।
क्रिटिकल केयर मेडिसिन विभाग- इमरजेन्सी डाक्टरों की हर समय सुविधा/उपलब्धता
(आई.सी.यू. & वेन्टीलेटर)
24 Hours सेवा
डेंगू, मलेरिया, निमोनिया हार्ट अटैक, साँस फूलना इत्यादि।
डा. विवेक शुक्ला
M.D. एनेस्थिसियोलॉजी & क्रिटिकल केयर
F.P.M (Fellow Pain Management & Palliative Care)
दर्द प्रबंधन विशेषज्ञ (पेन स्पेशलिस्ट), पैलिएटिव फिजिशियन एवं क्रिटिकल केयर स्पेशलिस्ट Regd.No.- 53800

घर के बाहर सो रहे गल्ला व्यापारी की हत्या, बदमाशों ने पत्नी को भी मारी गोली, हालत गंभीर

रायबरेली, 01 जुलाई। खीरों के महारानीगंज में देर रात बदमाशों ने घर के बाहर सो रहे दंपति को गोली मार दी। साथ ही बदमाशों ने पर चाकू से भी हमला किया और गला रेता। घटना में गल्ला व्यापारी की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उनकी पत्नी की गंभीर हालत में जिला अस्पताल से एम्स रेफर किया गया है। परिवारजन की तहरीर पर केस दर्ज कर पुलिस मामले की जांच रही है। जानकारी के मुताबिक गांव निवासी सुखदेव लोधी गल्ला व्यापारी थे। सोमवार की रात वह और उनकी पत्नी सरोजनी घर के बाहर सो रहे थे, जबकि अन्य परिवारजन घर के अंदर थे। रात करीब दो बजे बदमाशों ने दंपति पर चाकू से हमला कर दिया। साथ ही दंपति को गोली मार दी। गोली व्यापारी की गर्दन में जा लगी जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई, जबकि सरोजनी के पेट में गोली लगने से वह गंभीर रूप से घायल हो गईं। गोली की आवाज से परिवारजन व ग्रामीणों को घटना की जानकारी हुई।

आनन फानन मामले की सूचना पुलिस को देने के साथ ही सरोजनी को अस्पताल ले जाया गया, जहां से उन्हें जिला अस्पताल फिर एम्स रेफर किया गया है। घटना से लोगों में रोष रोष है। घटना के विरोध में महारानीगंज के व्यापारियों ने मंगलवार को बाजार बंदी की घोषणा की है। एएसपी संजीव कुमार सिन्हा ने बताया कि तहरीर के आधार पर अज्ञात के विरुद्ध केस दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

आवश्यकता है
स्कूल के लिए एक दाई की। कुछ पढ़ी-लिखी हो तो अच्छा है। वेतन योग्यतानुसार। शीघ्र सम्पर्क करें।
भारती विद्या मन्दिर
अहियापुर, जौनपुर
मो0 9336511474

A Place Of Scientific, Situational & Sequential Learning...
ST. MARRY CONVENT SCHOOL
Session 2025-26
ADMISSION OPEN
For Classes PG to IX
Ph No.: 9598785972, 7007410872
Add.: Purani Bazar, Jaunpur

SALVATION HOSPITAL साल्वेशन हॉस्पिटल
The Culture of Care
डॉ. प्रियंका श्रीवास्तव B.A.M.S. (स्त्री रोग विशेषज्ञ)
24/7 Emergency Services
24 घंटे भर्ती की सुविधा
आई.सी.यू. | डायलेसिस | एच.डी.यू.
नेत्र विभाग | अस्थि रोग विभाग
दन्त चिकित्सा | किडनी विभाग
जनरल मेडीसिन | जनरल सर्जरी
नोट- प्रत्येक महीने के दूसरे रविवार को प्रयागराज के गुर्दा रोग विशेषज्ञ डा0 सन्तोष मौर्य (M.D., D.M. Nephro) 12 बजे से 4 बजे तक उपलब्ध रहते हैं।
डॉ. विवेक श्रीवास्तव
M.D. (Physician, F.G.O. (APOLO HOSPITAL)
P.G.D.S. Member of Indian Medical Association
UPMCI Rg. No. 95653
पंडित दीनदयाल उपाध्याय राज्यकर्मी कैशलेस चिकित्सा योजना सम्बद्ध अस्पताल
आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अन्तर्गत सूचीबद्ध अस्पताल
कंधरपुर, मुरादगंज, जौनपुर (वाराणसी-लखनऊ न्यू हाइवे के बगल में बाईपास से 400 मीटर की दूरी पर 9138828282, 8686867547

20 Year
750/916 Hallmark Jewellery
BIS हालमार्क रजिस्टर्ड एक्सक्लूसिव शोरूम
मानकः पथप्रदर्शकः
HUID HALLMARK
आपके विश्वास व शुद्धता पर खरा
99 19 7320 11
उमाशंकर लाइट हाउस का प्रतिष्ठान
उमाशंकर ज्वेलर्स
संजीव साहू
हरलालका रोड, जौनपुर-222001
RuPay VISA G Pay द्वारा पेमेंट की सुविधा उपलब्ध है।

गाँजा के साथ गिरफ्तार पुलिस ने किया चालान

बीजपुर (सोनभद्र)। पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अशोक कुमार मीणा के निर्देश पर जनपद में अबैध मादक पदार्थों की बिक्री और परिवहन करने वाले अभियुक्तों के खिलाफ चलाएं गए रोकथाम और प्रभावी कार्रवाई के अंतर्गत प्रभारी निरीक्षक बीजपुर अखिलेश मिश्रा द्वारा गठित टीम ने थाना क्षेत्र अंतर्गत भर्मण शील थी इसी दौरान सोमवार शाम मुखबिर की सूचना पर ग्राम सिरसोती टोला नकटू पेट्रोल पंप के आगे पुलिया के पास एक सन्दिग्ध युवक को दिखाई देने पर उससे रोक कर पूछताछ और जामा तलाशी में उसके पास से एक किलों एक सौ पचास ग्राम नाजायज गाँजा बरामद होने पर विधिक कार्रवाई के बाद गिरफ्तार आरोपी को एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/20 में सम्बन्धित न्यायालय के लिए मंगलवार सुबह चालान कर दिया। गिरफ्तार युवक ने अपना नाम अटल बिहारी पुत्र रामफल पाल उम्र 29 वर्ष निवासी ग्राम सिरसोती हाल पता डोडहर बताया। पुलिस के पूछताछ और जामा तलाशी के दौरान युवक के पास से 1 किलो 150 ग्राम गाँजा बरामद किया गया जिसको कहीं बेचने की फिराक में निकला था इसी बीच पुलिस टीम के हत्थे चढ़ गया।

मां वैष्णों मॉडर्न पब्लिक स्कूल में मना प्रवेश उत्सव

छुट्टियों के बाद लौटी रौनक

मांगों को लेकर प्रदर्शन करते ग्रामीण।

तरूणमित्र न्यूज

सोनभद्र। गर्मियों की लंबी छुट्टियों के बाद माँ वैष्णों मॉडर्न पब्लिक स्कूल राबर्ट्सगंज में सोमवार से पुन: विद्यार्थियों की चहल-पहल लौट आई। विद्यालय खुलते ही परिसर एक बार फिर से मुस्कान, उल्लास और उमंग से भर गया। इस शुभ अवसर को प्रवेश उत्सव के रूप में बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

प्रकृति मानो स्वयं इस अवसर की साक्षी बनी। हल्की फुहारों से नहाई धरती, ताजगी से महकती हवाएं और बादलों की ओट से झांकती सूरज की किरणें मानो शिक्षा की इस नई शुरुआत पर आशीर्वाद बरसा रही थीं। चारों ओर हरियाली का वह दृश्य, जैसे हर पौधा बच्चों के ज्ञान की यात्रा में सहभागी बनना चाहता हो। पत्तों की सरसराहट मानो कह रही हो सीखते चलो, बढ़ते चलो।

विद्यालय के प्रधानाचार्य सत्यदेव कुमार श्रीवास्तव ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा, प्रवेश उत्सव केवल एक परंपरा नहीं, बल्कि यह उन सपनों की शुरुआत है, जो हर विद्यार्थी की आंखों में पलते हैं। यह शिक्षा की एक नई यात्रा का पहला कदम है।

विद्यालय प्रबंधक रमाशंकर दुबे ने भी अपने प्रेरणादायक शब्दों में शिक्षा को जीवन का आधार बताया और सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय की दीवारों ने जैसे फिर से जीवन पाया और हर कोना बच्चों की किलकारियों से गूंज उठा। शिक्षकों में भी विशेष उत्साह देखने को मिला। अभिभावकों ने विद्यालय के प्रयासों की सराहना की और बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर विद्यालय कि कोआर्डिनेटर ऋचा पाण्डेय व अजय पाण्डेय, रिती अग्रहरी, प्रियंका शुक्ला, अर्चना द्विवेदी, पुष्पलता वर्मा आदि उपस्थित रहीं। प्रवेश उत्सव ने यह स्पष्ट कर दिया कि शिक्षा केवल पुस्तकों तक सीमित नहीं, बल्कि वह उस वातावरण में भी समाहित होती है, जहाँ प्रकृति और बालमन एक साथ सीखने की यात्रा पर निकलते हैं।

जलजमाव को एसडीएम ने लिया संज्ञान

मीरजापुर। हलिया क्षेत्र के हलिया ड्रमंडगंज मार्ग स्थित हथेड़ा गांव के राष्ट्रीय राजमार्ग 135 सी पर एक सप्ताह से भी अधिक समय से जलजमाव की विकराल समस्या बनी हुई थी। क्षेत्रीय लोगों द्वारा समस्या के निजात हेतु एसडीएम लालगंज संजीव कुमार यादव को अवगत कराया गया था। मामले को संज्ञान में लेते हुए एसडीएम ने राजस्व विभाग और ग्राम प्रधान हथेड़ा को समस्या के निदान हेतु निर्देशित किया। एसडीएम के निर्देश पर मंगलवार सुबह लेखपाल पंकज सिंह प्रधानपति काशी प्रसाद मिश्र ने ग्रामीणों के सहयोग से श्रमिकों द्वारा नाली खोदवाकर जलनिकासी करवाया। राष्ट्रीय राजमार्ग पर भीषण जलजमाव होने से लोगों को आवागमन में मुसीबतों का सामना करना पड़ रहा था। जल निकासी के रास्ते का पटान और सड़क किनारे मकान निर्माण होने से पानी निकासी का रास्ता बंद हो गया था। जिसके चलते राष्ट्रीय राजमार्ग पर हुआ जलजमाव लोगों के लिए मुसीबत बन गया था। पानी की निकासी हो जाने से राष्ट्रीय राजमार्ग पर आवागमन सुचारू रूप से चालू हो गया है। लोगों ने एसडीएम के इस कार्य की सराहना की है।

संचारी रोग नियंत्रण अभियान का शुभारंभ

मीरजापुर। प्रदेश के सभी जनपदो में एक जुलाई 2025 से 31 जुलाई 2025 तक चलने वाले संचारी रोग नियंत्रण अभियान का जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने आज मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय से आशाओं एवं एएनएम व स्वास्थ्य विभाग के कर्मियों को घर के आस पास साफ सफाई रखने, गांव के वातावरण को स्वच्छ रखने तथा समुदाय को साफ सफाई एवं स्वच्छता अपनाने के लिए प्रेरित करने तथा यदि कोई बच्चा बुखार से पीड़ित होगा तो उसे तुरंत उपचार के लिए सरकारी अस्पताल भेजे जाने एवं संचारी रोग अभियान के अन्य सभी बिन्दुओ के सम्बंध में लोगो को जागरूक करने हेतु शपथ दिलाकर शुभारम्भ किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य विभाग के द्वारा संचारी रोग अभियान को लोगो में जन जागरूकता लाने हेतु जागरूकता रैली का फीता काटकर एवं प्रचार वाहन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर स्वच्छता से सम्बन्धित शपथ उपस्थित सभी चिकित्सको द्वारा भी ली गई।

जिलाधिकारी ने कहा कि संचारी रोग अभियान में लगे सभी स्वास्थ्यकर्मी व इससे जुड़े अन्य सहयोगी विभागों के अधिकारी, कर्मचारी अपना सहयोग प्रदान करे। उन्होंने पंचायती राज विभाग ग्रामीण क्षेत्रो में नालियों की सफाई, जल भराव समाप्त करने, हैण्डपम्पों का चिन्हीकरण, झाड़ियों की कटाई, हैण्डपम्पों का मरम्मत, शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने लिए निर्देशित करते हुए कहा कि स्वंय मानिटरिंग करते हुए उपरोक्त कार्य सुनिश्चित कराएं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक दिन जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा प्रार्थना सभाओं में बच्चों को संचारी रोग अभियान के समय रोगो से बचाव व जागरूकता की जानकारी दी जाएं। स्कूलों में पोस्टर प्रतियोगिता, वाद विवाद प्रतियोगिता कराई जाए।

स्वास्थ्य विभाग के कर्मियों द्वारा घर-घर जाकर बच्चों का चिन्हीकरण व यदि उन्हें बुखार आदि के लक्षण हो तो उन्हें अस्पताल में भर्ती कराना कुपोषित बच्चों का चिन्हीकरण व अतिकुपोषित बच्चों को एनआरसी में भर्ती कराना तथा नगरीय क्षेत्रो में नगर पालिका के द्वारा नालियों की सफाई, कूड़ा निस्तारण, फागिंग आदि कार्य रोस्टर बनाकर सुनिश्चित कराई जाए ताकि अभियान को सफल बनाया जा सकें।

हर्षोल्लास के साथ मना स्थापना दिवस

उत्कृष्ट योगदान देने वाले लोगों को किया सम्मानित

तरूणमित्र न्यूज

भदोही। जिले का 32वां स्थापना दिवस स्टेशन रोड स्थित एक व्यवसायिक प्रतिष्ठान में मनाया गया। सोशल विजन फाउंडेशन द्वारा आयोजित हमार भदोही कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष अनिरुद्ध त्रिपाठी ने जिले की अवस्थापना सुविधाओं को पूरा करने का संकल्प लिया। औराई विधायक दीनानाथ भास्कर ने जनपद की उपलब्धियों पर चर्चा की। ज्ञानपुर विधायक विपुल दुबे और मड़ियाहूं विधायक डॉ. आरके पटेल ने विकास के प्रति प्रतिबद्धता जताई।

प्रसिद्ध अभिनेता जमील खां ने भदोही के बदलते स्वरूप का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि पहले शिक्षा के लिए बाहर जाना पड़ता था। डीएम शैलेश कुमार ने कार्यक्रम को अनूठा बताते हुए कहा कि यह सभी वर्गों को एक मंच पर लाता है। एसपी अभिमन्यु मांगलिक ने कार्यक्रम की सराहना की। कालीन निर्यात संवर्धन परिषद के चेयरमैन कुलदीप राज वाटल ने इंडिया कार्पेट एक्सपो-2025 की जानकारी दी। इसके साथ ही अन्य लोगों ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया।

समारोह में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले चिकित्सकों और हाईस्कूल-इंटरमीडिएट के टॉपर छात्रों को मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर एडीएम कुंवर वीरेंद्र मौर्य, एएसपी शुभम अग्रवाल, हाजी डॉ.शफात इमाम सिद्दीकी, डॉ.एके गुप्ता, डॉ.ए.रहमान, डॉ.पीयूष जायसवाल, .अश्वनी मौर्य, इम्तियाज अहमद, असलम महबूब, एके ठुकराल, रवि पाटोदिया, बाल विद्या विकास यादव, वसीम अंसारी, हाजी इश्तियाक खां, संदेश योगी, संतोष जायसवाल आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहें। अंत में आयोजक संजय श्रीवास्तव ने सभी के प्रति आभार जताया।

एनएचएम कर्मचारियों के स्थानांतरण समेत पांच मांगों पर बनी सहमति

सोनभद्र। उ0प्र0 राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन संविदा कर्मचारी संघ(रजि0) के बैनर तले प्रदेश अध्यक्ष मयंक प्रताप सिंह के नेतृत्व में अपनी 7 सूत्रीय लम्बित मांगों को पूरा न किये जाने को लेकर प्रदेश भर से हजारों की संख्या में पहुंचे एनएचएम कर्मचारियों ने उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक के आवास का घेराव करके अपना विरोध प्रदर्शन दर्ज कराया।

जिसके दौरान संगठन के 7 सदस्यीय प्रतिनिधि मण्डल के साथ उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक से वार्ता हुई जिसमें उन्होंने 7 मांगो में से कुल 5 मांगो पर अपनी सहमति व्यक्त की जिनमें अंतर्जनपदीय स्थानांतरण को मंजूरी देते हुये कहा तत्काल फाइल मंगाई है और एक-दो दिन के अंदर स्थानांतरण का पत्र जारी करने को बोला, डाटा इंट्री ऑपरेटर के समायोजन, स्वास्थ्य बीमा, दायरा और ईपीएफ को आज शाम तक प्रमुख सचिव और एम डी के साथ बैठक करके शीघ्र इसको पूरा किये जाने के लिए कहा और संगठन को ये भी आश्वस्त किया कि आप अपनी मांगों का अपडेट मेरे कार्यालय आकर सीधे पता कर सकते हैं। प्रतिनिधिमण्डल में प्रदेश अध्यक्ष मयंक ठाकुर, प्रदेश महामंत्री आदित्य भारती, उपाध्यक्ष राम प्रताप सिंह,रविन्द्र राठी, सत्येन्द्र पांडेय, पुष्पेन्द्र शुक्ला व रविन्द्र शुक्ला उपस्थित रहे।

सार्ट सर्किट से मकान में लगी आग

मीरजापुर। हलिया थाना क्षेत्र के हथेड़ा गांव में एक व्यक्ति के कच्चे मकान में सोमवार रात बिजली के सार्ट सर्किट से आग लग गई। मकान में रखा गृहस्थी का सामान जलकर राख हो गया। ग्रामीणों के सहयोग से आग पर काबू पाया गया। हलिया के हथेड़ा गांव में सोमवार देर रात कमलेश के कच्चे मकान में बिजली के सार्ट सर्किट से आग लग गई। परिजन मकान के अंदर थे आग की लपटे देखकर बाहर निकाल कर हल्ला गुल्ला किया।

मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने बाल्टी टुल्लू के सहारे आग को बुझाया तब तक कच्चा मकान आधा जल चुका था। मकान मे रखा गृहस्थी का सामान चावल, गेहूं, आटा, दाल, बिस्तर, चारपाई आदि जलकर राख हो गया। प्रधान प्रतिनिधि काशी मिश्रा ने बताया कि लगभग एक लाख की क्षति हुई है इसकी जानकारी राजस्व लेखपाल को दिया गया है।

एनटीपीसी के स्वतंत्र निदेशकों नें किया एनटीपीसी रिहंद का दौरा

तरूणमित्र न्यूज

बीजपुर/सोनभद्र। एनटीपीसी लिमिटेड के माननीय स्वतंत्र निदेशकगण अनिल कुमार त्रिगुणायत, डॉ. अनिल कुमार गुप्ता, पंकज गुप्ता एवं सुशील कुमार चौधरी ने 30 जून 2025 को एनटीपीसी रिहंद परियोजना का दौरा किया।इस दौरान स्वतंत्र निदेशकगणों ने सर्वप्रथम कंट्रोल रूम का भ्रमण किया, जहाँ उन्होने संयंत्र की संचालन प्रणाली, सुरक्षा मानकों एवं नवीन तकनीकों का निरीक्षण किया। तत्पश्चात वे तरंग प्रेक्षागृह में आयोजित भव्य सांस्कृतिक संध्या में शामिल हुए। यह कार्यक्रम रिहंद परिसर में संचालित विद्यालयों के छात्राओं एवं वर्तिका महिला मण्डल द्वारा संचालित वेल्फेयर विंग उड़ान के बालिकाओं द्वारा प्रस्तुत किया गया। बच्चों की आकर्षक एवं सराहनीय प्रस्तुतियों ने सभी अतिथियों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

इस अवसर पर परियोजना प्रमुख अनिल श्रीवास्तव ने उपस्थित स्वतंत्र निदेशकों का हार्दिक स्वागत किया। अपने स्वागत भाषण में उन्होंने कहा कि स्वतंत्र निदेशकों का एनटीपीसी रिहंद आगमन हमारे लिए अत्यंत प्रेरणादायक है। उनके मार्गदर्शन से हम और बेहतर कार्य करने की दिशा में सतत प्रयासरत रहेंगे। कार्यक्रम के दौरान बालिका सशक्तिकरण अभियान 2025 की चयनित 10 बालिकाओं को एनटीपीसी रिहंद द्वारा साइकिल भी वितरित की गयी।दौरे के अगले दिन, 01 जुलाई 2025 को, स्वतंत्र निदेशकगणों ने शिवालिक प्रेक्षागृह स्थित उद्यान परिसर में वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उन्होंने हरित और सतत भविष्य की दिशा में एनटीपीसी की प्रतिबद्धता को सशक्त किया। इस दो दिवसीय कार्यक्रम में स्वतंत्र निदेशकगणों ने एनटीपीसी रिहंद की संचालन उत्कृष्टता, सामाजिक सहभागिता एवं पर्यावरणीय प्रयासों की सराहना की।

सपाइयों ने आम जनमानस की सेवाकर मनाया अखिलेश का जन्मदिन

सोनभद्र। समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष राम निहोर यादव ने बताया कि पीडीए के जननायक अखिलेश यादव का जन्मदिन जिला पार्टी कार्यालय पर मनाया गया एवं जिला अस्पताल में मरीजों को फल वितरण किया गया।

संगोष्ठी को संबोधित करते हुए समाजवादी पार्टी जिला अध्यक्ष राम निहोर यादव ने कहा कि आज ऐसे देश के नेता का जन्मदिन है जो दूरदर्शी नेतृत्व समाजवादी मूल्यों के प्रतिबद्धता प्रदेश के भविष्य को नई दिशा देने वाले युवासोच, जनसेवा, किसानों, गरीबों, महिलाओं आदिवासियों और संघर्ष की पहचान यदि किसी नेता में है तो वह समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव में है इसलिए समाजवादी पार्टी के एक-एक कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी है कि समाजवादी पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का काम करें और समाजवादी पार्टी को मजबूत करने का काम करें।

संगोष्ठी को संबोधित करते हुए सांसद छोटेलाल सिंह खरवार ने कहा समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव आदिवासियों के नेता हैं जो हमेशा आदिवासियों के विकास की सोच रखते हैं। आज हम लोग समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष को जन्मदिन की बहुत-बहुत बधाई।

संगोष्ठी को संबोधित करते हुए समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिन पूर्व विधायक अविनाश कुशवाहा एवं पूर्व विधायक रमेश चंद दुबे ने कहा कि आज हम लोग ऐसे महान नेताजी का जन्म दिन मान रहे हैं जो हर वर्ग के लोगों को एक साथ लेकर चलने का काम करते हैं। संगोष्ठी में मुख्य रूप से जिला महासचिव मोहम्मद सईद कुरैशी राम भरोसे सिंह पटेल अनिल कुमार यादव वेदमनी शुक्ला राम प्यारे सिंह पटेल सुरेश यादव सुनील गौड़ अनिल प्रधान सरदार पारब्रह्म सिंह अशोक पटेल कृपा शंकर चौहान रमेश सिंह यादव गीता गौर डॉक्टर लोकपति सिंह पटेल फारूक अली जिलानी जयप्रकाश शुक्ला हिदायतुल्ला खान आनंद पटेल रमेश कुमार वर्मा बिंदु यादव मिथिलेश सिंह प्रदीप यादव लाल्लू भारती के साथ सैकड़ो कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

निर्माणाधीन वन स्टॉप सेन्टर का डीएम ने किया औचक निरीक्षण

सोनभद्र। जिलाधिकारी बी0एन0 सिंह ने सोमवार को निर्माणाधीन वन स्टॉप सेन्टर (महिला कल्याण विभाग), जिला संयुक्त चिकित्सालय, लोढ़ी सोनभद्र का औचक निरीक्षण किये। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कार्यदायी संस्था-जिला नगरीय विकास अभिकरण (डूडा), सोनभद्र के द्वारा कराया जा रहा कार्य के स्थिति का जायजा लिए। इस मौके पर जिलाधिकारी द्वारा भवन के निर्धारित संरचना/डिजाइन का अवलोकन करते हुए निर्माणाधीन भवन का विस्तृत निरीक्षण किया गया एवं निरीक्षण में गुणवत्ता पूर्ण अवशेष कार्यों को ससमय पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी ने संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा की भवन निर्माण कार्य में बेहतर गुणवत्ता वाली सामग्री प्रयोग करना सुनिश्चित किया जाये, जिससे भविष्य में भवन की मजबूती बनी रहें।

सर्पदंश से युवक की हुई मौत, परिवार में मचा हड़कंप

मीरजापुर। लालगंज थाना क्षेत्र के वस्तरा पांडेय गांव में मंगलवार सुबह सर्पदंश की घटना में संजय पाल 23 वर्ष की मौत हो गई। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों के अनुसार संजय सुबह घर के अंदर किसी सामान को लेने गया था। इसी दौरान वहां छिपे एक विषैले सांप ने उसे डस लिया। संजय की चीख सुनकर परिजन दौड़े और उसे पास के देसी उपचार करने वाले व्यक्ति के यहां ले गए लेकिन तब तक उसकी हालत काफी बिगड़ चुकी थी। कुछ देर में उसने दम तोड़ दिया।थानाध्यक्ष संजय सिंह ने बताया कि युवक की मौत सर्पदंश से हुई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है और विधिक कार्रवाई की जा रही है।संजय का विवाह करीब एक वर्ष पूर्व हुआ था लेकिन अभी तक कोई संतान नहीं थी। संजय की असमय मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

पूर्वदशम एवं दशमोत्तर के छात्र,छात्राओं हेतु आनलाइन आवेदन प्रकिया प्रारम्भ

सोनभद्र। जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी नरेन्द्र कुमार पाण्डेय ने अवगत कराया है कि छात्र द्वारा रजिस्ट्रेशन/ऑनलाइन आवेदन 2 जुलाई, 2025 से 30 अक्टूबर, 2025 तक, छात्र द्वारा फाइनल प्रिन्ट आउट निकालना 3 जुलाई से 31 अक्टूबर, 2025 तक, हार्ड कापी छात्र/छात्राओं द्वारा वांछित संलग्नकों सहित विद्यालय में जमा किया जाना और छात्र/छात्राओं द्वारा आनलाइन आवेदन पत्र की हार्ड कापी समस्त वांछित संलग्नकों सहित विद्यालय में जमा किया जाना 3 जुलाई से 4 नवम्बर, 2025 तक, विद्यालय द्वारा आवेदन पत्र को आनलाइन सत्यापित एवं अग्रसारित करना और छात्र/छात्रा द्वारा आनलाइन आवेदन पत्र की हार्डकापी समस्त संलग्न अभिलेखों से छात्रध्छात्रा के समस्त विवरण का विद्यालय द्वारा मिलान किया जाना एवं अनलाइन आवेदन प्राप्त करना, अपात्र छात्रों का आवेदन निरस्त करना तथा पात्र छात्रों का आवेदन ऑनलाइन सत्यापित एवं अग्रसारित करना 3 जुलाई से 6 नवम्बर 2025 तक, विद्यालय द्वारा मास्टर डाटा तैयार करना प्रदेश में स्थित मान्यता प्राप्त विद्यालयों द्वारा मास्टर डाटा बेस में सम्मिलित होने के लिये आनलाइन आवेदन करने की कार्यवाही किया जाना, जिला विद्यालय निरीक्षक के समक्ष समस्त प्रपत्र प्रस्तुत करना, तदोपरान्त जिला समाज कल्याण अधिकारी से पासवर्ड प्राप्त करना (नवीन संस्थायें) एवं मास्टर डाटा में सम्पूर्ण सूचनायें भरकर अपलोड करके प्रमाणित करना 1 जुलाई, 2025 से 5 अक्टूबर 2025 तक, जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा सत्यापन सम्बन्धित जिला विद्यलाय निरीक्षक द्वारा उसकी अधिकारिता में आने वाले समस्त विद्यालयों की मान्यता, स्वीकृत सीटों की संख्या एवं प्रोफाइल को आनलाइन डिजिटल हस्ताक्षर से सत्यापित करना 02 जुलाई, 2025 से 15 अक्टूबर 2025 तक ूऐबीवसंतीपचणनचण्हवअण्पद पर आवेदन कर सकते है। कक्षा 10 में अध्ययनरत नवीनीकरण के छात्रों हेतु संस्था स्तर से केवल कक्षा 10 में प्रवेश की तिथि तथा कक्षा 09 का परीक्षाफल अंकित करते हुये आवेदन आनलाइन अग्रसारण किया जायेगा। कक्षा 12 में अध्ययनरत नवीनीकरण के छात्रों हेतु संस्था स्तर से केवल कक्षा 12 में प्रवेश की तिथि तथा गत कक्षा 11 का परीक्षाफल अंकित करते हुये आवेदन आनलाइन अग्रसारण किया जायेगा।

अदालती नोटिस

समन बिनावर इनफिसाल मुकदमा
(आर्डर 5 कायदा 1 व 5)
न्यायालय अपर जिलाधिकारी न्यायिक सोनभद्र।
नम्बर मुकदमा डी-202416660000606 सन् 2024
लालचन्द बनाम उत्तर प्रदेश सरकार
1-गीता पत्नी स्व. सतीश।
2-रीता पत्नी स्व. नरेश।
3-सावित्री पत्नी सूर्यभान।
4-मालती पत्नी स्व. नरेश।
5-कुसुम देवी पत्नी सूरज कुमार। समस्त निवासीगण मौजा-मगरदहा, परगना बड़हर, तहसील घोरावल, जिला सोनभद्र।
हरगाह,
मैं आपके नाम नाशिल की दायरा की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 03 माह 07 सन् 2025 बवक्त 10 बजे के असालतन या मार्फत वकील के जो मुकदमें के हालात से करार वाकहि वाकिफ किया गया हो और उमूरात अरूण मुतल्लिका मुकदमा का जबाब दे सके या जिसके साथ और कोई सख्श हो जो की जबाब ऐसे सवालात का दे सके हाजिर होगा और जबाबदेही दावा करे और आपको लाजिम है कि उसी रोज जमला दस्तावेज पेश करें जिन पर आप बताईद अपनी जबाबदेही को इस्तेमाल करना चाहते हो।
आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर मजकूर हाजिर नहीं होगें तो मुकदमा बगैर हाजिर आपके मसमूम होगा।
मेरे दस्तखत और मुहर अदालत के आज बतारीख 29 माह 06 सन् 2025 ई0 जारी किया गया।
न्यायालय की आज्ञा से
मुंसरिस

कार्यालय- उपनिरीक्षक संस्कृत पाठशालाएं पंचम मण्डल वाराणसी
सूचना

इस कार्यालय के पत्रांक प्र0स0 चुनाव/ 166-69/2025-26 दिनांक 21.06.2025 द्वारा बी0आर0पी0 इण्टर कालेज जौनपुर की प्रबन्ध समिति के नवगठन हेतु पूर्व घोषित चुनाव कार्यक्रम अपरिहार्य कारणवश सम्पादित नहीं कराया जा साकेगा। मण्डलीय समिति के आदेश दिनांक 11.06.2025 द्वारा प्रदत्त निर्देशों के अनुपालन में विद्यालय प्रबन्ध समिति के नवीन चुनाव कार्यक्रम की सूचना पुन: प्रकाशित करायी जायेगी। बी0आर0पी0 इण्टर कालेज जौनपुर की साधारण सभा के मान्य 461 सदस्यों को पृथक से सूचना प्रेषित की जायेगी।
(परमानन्द सिंह)
चुनाव अधिकारी
प्र0स0: चुनाव/ 192-95/ 2025-26
दिनांक- 30.06.2025

अदालती नोटिस

न्यायालय किराया प्राधिकरण/ अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0), गाजीपुर।
मु0नं0-D 202414290000386
अर्न्तगत धारा-21 (2) उ0प्र0 नगरीय परिसर किरायेदारी विनियमन अधिनियम 2021
श्रीमती प्रीति देवी आदि बनाम जोगिन्दर प्रसाद अग्रहरी
तारीख पेशी-03.07.2025
उपरोक्त वाद के निस्तारण हेतु किराया प्राधिकरण/अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) गाजीपुर के आदेश दिनांक-26.06.2025 के अनुपालन में निम्नलिखित प्रतिवादी स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से पत्रावली में नियत तिथि-03.07.2025 को उपस्थित होवे अन्यथा आपके विरूद्ध एक पक्षीय कार्यवाही न्यायालय द्वारा की जायेगी, जिसके लिए आप स्वयं जिम्मेदार होगें। यह प्रति समाचार पत्र में प्रकाशन/गजट हेतु प्रेषित-
1-योगेन्द्र उर्फ जोगिन्द्र प्रसाद अग्रहरी पुत्र स्व. भोलानाथ अग्रहरी निवासी मोहल्ला रूईमंडी वर्तमान पता कपूरपुर, परगना, शहर व जिला गाजीपुर।
- न्यायालय।

आवश्यकता है

सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी से सम्बद्ध एवं मान्यता प्राप्त श्री दूधनाथ शुक्ल संस्कृत महाविद्यालय सहिजदपुर, बरहता जौनुपर-222144 में सहायक अध्यापक व्याकरण-03 पद, सहायक अध्यापक साहित्य-01 पद एवं सहायक अध्यापक आधुनिक विषय हिन्दी-01 पद, सहायक अध्यापक आधुनिक विषय इतिहास- 01 पद हेतु विज्ञापन की तिथि से 21 दिनों के अन्दर प्रबन्धक को सम्बोधित करते हुए महाविद्यालय के पते पर समस्त अंकपत्रों-प्रमाणपत्रों की स्वप्रमाणित छायाप्रति एवं प्रबन्धक के पक्ष में देय रू0 500/ बैंक ड्राफ्ट के साथ मात्र पंजीकृत पत्र के माध्यम से नियुक्ति आवेदन पत्र प्राप्त होने आवश्यक है। अपूर्ण आवेदनपत्रों पर विचार नहीं होगा। अर्हता- उक्त समस्त पदों के सम्बद्ध विषय में कम से कम द्वितीय श्रेणी में स्नातकोत्तर उपाधि, परम्परागत उपाधि को वरियता।
प्रबन्धक
श्री दूधनाथ शुक्ल संस्कृत महाविद्यालय सहिजदपुर, बरहता, जौनपुर- 222144 (उ0प्र0)

धूमधाम से मनाया गया अखिलेश का जन्मदिन

52वें जन्मदिन पर सपाइयों ने 52 पौधे लगाकर की दीर्घायु की कामना

तरूणमित्र न्यूज

भदोही। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के 52वें जन्म दिन के अवसर पर मंगलवार को सपा प्रदेश सचिव आरिफ सिद्दीकी के पचभैया स्थित आवास पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

काफी संख्या में सपाइयों की मौजूदगी में केक काटा गया जहां एक दूसरे का मुंह मीठा कराया और अपने लोकप्रिय नेता के दीर्घायु की कामना की गई तथा 2027 में सपा सरकार बनाने का संकल्प लिया गया। इस दौरान पार्टी के प्रदेश सचिव आरिफ सिद्दीकी ने कहा कि अखिलेश यादव एक अच्छे व नेक इंसान है। जिनके अंदर गरीबों के प्रति पीड़ा है। जिनके दिलों में पिछड़ों, दलितों व अल्पसंख्यकों के प्रति हमदर्दी है। जब वे उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री थे तो ऐसे ही लोगों को दृष्टिगत रखते हुए उन्होंने काफी जनकल्याणकारी योजनाओं को चलाया था और उसे वास्तविकता के धरातल पर उतारा। जिसका लाभ बगैर किसी भेदभाव के दिया जा रहा था। उन्होंने कहा कि उन जनकल्याणकारी योजनाओं में से समाजवादी पेंशन योजना प्रमुख थी। वर्तमान की सरकार द्वारा इस योजना के साथ ही साथ अन्य कई जनकल्याणकारी योजनाओं को बंद कर दिया गया।

जो प्रात्र व्यक्ति उस योजना का लाभ लेने से वंचित हो गए। श्री सिद्दिकी ने कहा कि इन्हीं सब कारणों से प्रदेश की जनता भाजपा सरकार से पूरी तरह उब गई है। वर्ष 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव में जनता भाजपा को सबक सिखाएगी। श्री सिद्दीकी ने कहा आओ चलें वचन और संकल्प के साथ गांव की पगडंडियों, खेत खलिहानों व बाजारों की गलियों में 2027 के विधानसभा चुनाव में सपा सरकार बनाने के लिए। कहा आज से ही पीडीए समाज के लोग किसानों, गरीबो, युवाओं तथा बुनकरों को एक करने के लिए उनके बीच मे जाकर पूर्व की सपा सरकार की उपलब्धियों के बारे में बताना होगा और सपा का पताका 2027 में लहराने के लिए।

सपाइयों ने केक काटकर अपने राष्ट्रीय अध्यक्ष के दीर्घायु की कामना की। वहीं सपाइयों ने अखिलेश यादव के 52वें जन्मदिवस के अवसर पर 52 पौधे लगाए। इस अवसर पर नान्हक यादव, हाजी सुहेल अंसारी, श्यामधर यादव बब्बू, प्रमोद यादव, कनैहिया लाल मौर्य, मयंक यादव, दिलीप भीम कनौजिया, राजकुमार यादव, अभिषेक यादव, महेंद्र प्रधान, परमेश्वर विश्वकर्मा, धर्मेंद्र यादव, रमेश मौर्या, सुरेश यादव, फरीद खां, संदीप मौर्या, जामिन सिद्दीकी, जितेंद्र राय, अक्षय यादव, सूर्यभान राव, अमरेश गौतम, शिवप्रकाश प्रजापति, भोलानाथ पटेल, शुभम पटेल, घनश्याम गौतम, मो0 हारून शेख आदि प्रमुख रूप से रहे।

हत्या के मामले में भाजपा नेता समेत दो को आजीवन कारावास

जौनपुर। अपर सत्र न्यायाधीश द्वितीय रणजीत कुमार की अदालत ने बहुचर्चित जनार्दन सिंह हत्याकांड में मंगलवार को बड़ा फैसला सुनाया। अदालत ने भारतीय जनता पार्टी के नेता विजय सिंह विद्यार्थी व प्रमोद कुमार सिंह को हत्या का दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है।

यह मामला 25 वर्ष पूर्व तीन अक्टूबर 2000 को सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के इटौरी बाजार का है। वादी अनिरुद्ध सिंह निवासी उड़ली सरायख्वाजा ने प्राथमिकी दर्ज कराई थी कि उनके भाई जनार्दन सिंह की दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। घटना से चार दिन पूर्व वादी का भतीजा देवेंद्र सिंह बाजार गया था, जहां सोनिकपुर निवासी अजय कुमार ने उसे धमकी दी थी कि यदि उसके काम में किसी ने दखल दिया, तो गोली मार दी जाएगी। इस पर वादी ने एक पंचायत बुलाई, जिसकी जानकारी अजय समेत विजय सिंह विद्यार्थी को हो गई। इस पर वे लोग नाराज़ हो गए। वारदात वाले दिन वादी का भाई जनार्दन सिंह और भतीजा देवेंद्र जब इटौरी बाजार से लौट रहे थे, तभी दो मोटरसाइकिलों से अजय कुमार सिंह, विजय कुमार सिंह (पुत्रगण तिलकधारी सिंह निवासी सोनिकपुर) तथा प्रमोद कुमार सिंह (पुत्र सूबेदार सिंह, निवासी सरायख्वाजा) पहुंचे। विजय और प्रमोद ने जनार्दन को पकड़ लिया और ललकारते हुए कहा, आज इसे जान से खत्म कर दो। इसके बाद अजय ने फायरिंग कर दी, जिससे जनार्दन सिंह की मौके पर ही मौत हो गई। गोली चलने की आवाज पर वादी और स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे, लेकिन हमलावरों ने चेतावनी दी कि जो पास आएगा, उसे भी गोली मार देंगे। बाद में सभी आरोपी एक ही मोटरसाइकिल से भाग निकले। दूसरी बाइक घटनास्थल पर ही छूट गई। पुलिस ने मामले की विवेचना कर कोर्ट में आरोप पत्र दाखिल किया। सरकारी वकील अरुण कुमार ने प्रभावी पैरवी करते हुए गवाहों के माध्यम से आरोपियों की भूमिका अदालत में स्पष्ट की। दोनों पक्षों की लंबी बहस के बाद न्यायालय ने विजय सिंह विद्यार्थी और प्रमोद कुमार सिंह को दोषी मानते हुए उम्रकैद की सजा सुनाई।

शांति भंग में तीन गिरफ्तार

शाहगंज। क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर हुई मारपीट की सूचना पर पहुंची पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार कर शांति भंग की धारा में चालान न्यायालय भेज दिया। मंगलवार को मारपीट की सूचना पर पहुची पुलिस ने हारून व हैदर निवासी निजामपुर व बृजेश यादव निवासी शेरापट्टी खुटहन को गिरफ्तार कर शांति भंग की धारा चालान न्यायालय भेज दिया।

आयुर्वेद चिकित्सा आदि काल से जीवन दायिनी रही : सीमा

सुजानगंज। क्षेत्र के सुजानगंज स्थित सकापुर मोड़ धर्म काटा के बगल वेदएलिकसर न्यू आयुर्वेद हेल्थ केयर का शुभारंभ करते हुए मुख्य अतिथि के तौर पर राज्यसभा सांसद सीमा द्विवेदी ने कहा आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति आदि काल से चल रहा जो आज भी इनकी द्वारें जीवन रक्षक है। इस पद्धति से इलाज करने वाले पेशेंट को स्वस्थ होने में समय जरूर लगता है पर रोगों का जड़ सेअंत हो जाता है। आज के समय में अंग्रेजी दवाइयां को खाने पर शरीर को आराम तुरंत मिल तो जाता पर यह संशय बना रहता है कि रोग का अंत हुआ कि नहीं। कार्यक्रम के पहले दीप प्रज्वलित करते हुए फीता काटा गया कार्यक्रम में आए हुए अतिथियों का डॉक्टर अमित पंडित ने आभार व्यक्त किया जहां पर क्षेत्रीय हरिशंकर पांडेय हरिहरनाथ पांडे,रमाशंकर पांडे, रामेश्वर पांडेय, संतोष सिंह प्रधान पूर्व, अनिल सिंह, सुरेश पांडेय के साथ क्षेत्रीय गणमान्य लोगो की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

स्कूल चलो अभियान की हुई शुरुआत

रोली और पुष्प वर्षा से हुआ बच्चों का स्वागत

जौनपुर। बेसिक शिक्षा परिषद के विद्यालयों में ग्रीष्मकालीन अवकाश के पश्चात मंगलवार को बच्चों की विद्यालय वापसी पर उत्साह का वातावरण देखने को मिला। जिलाधिकारी डा. दिनेश चन्द्र द्वारा जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डा. गोरखनाथ पटेल को उपलब्ध कराये गये प्रसाद रूपी लड्डू को प्राथमिक विद्यालय ताहिरपुर, कम्पोजिट विद्यालय चाँदपुर, कम्पोजिट विद्यालय भरतपुर, प्राथमिक विद्यालय मेंहदीगंज, उच्च प्राथमिक विद्यालय मेंहदीगंज, प्राथमिक विद्यालय भटवाचक, पीएमश्री कंपोजिट विद्यालय नाथूपुर में वितरित कराया और इसके साथ ही बीएसए एवं शिक्षकों ने पारंपरिक रूप से तिलक लगाकर और फूल बरसाकर एवं विद्यार्थियों को मिष्ठान खिलाकर जोरदार स्वागत किया।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने कम्पोजिट विद्यालय भरतपुर में कुल 10 छात्रों का विद्यालय में नामांकन किया। नवीन छात्रों का नामांकन करनें के उपरांत बीएसए ने बताया कि 'स्कूल चलो अभियान' की औपचारिक शुरुआत भी हो गई है, जिससे अधिक से अधिक बच्चों की उपस्थिति सुनिश्चित हो सकेगी। विद्यालय में स्वागत समारोह की तैयारियां कई दिनों से चल रही थीं और इसका उद्देश्य बच्चों को विद्यालय के प्रति उत्साहित और प्रेरित करना है। उन्होंने बताया कि एक जुलाई से स्कूल चलो अभियान का द्वितीय चरण शुरू हो गया है। इसको लेकर पूर्व में ही सारी तैयारियां पूर्ण कर ली गयी थी। यह अभियान 15 जुलाई तक चलेगा। स्कूलों के

मिठाई खिलाकर बच्चों को स्वागत करते बीएसए।

अध्यापक, शिक्षा मित्रों, अनुदेशकों और एसएमसी सदस्यों द्वारा क्षेत्र के घरों में संपर्क किया जाएगा और बच्चों का नामांकन सुनिश्चित किया जाएगा।

ड्रापआउट बच्चों की सूची बनाकर उपस्थिति सुनिश्चित की जाएगी। इसके अलावा बच्चों की रैली निकालकर विभागीय योजनाओं, शत-प्रतिशत नामांकन एवं नियमित उपस्थिति के लिए लोगों को जागरूक किया जाएगा। स्कूल चलो अभियान के समाप्ति के बाद 30 जुलाई तक प्रेरणा पोर्टल पर सूचना अपलोड कर दी जाएगी। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने बताया कि बेसिक शिक्षा के स्कूलों में दाखिला के लिए मलिन बस्तियों, झुग्गी-झोपड़ियों, ओवरब्रिज के नीचे रहने वाले परिवारों आदि से संपर्क करते हुये उनके बच्चों का नामांकन किया जाएगा।

शौच को गयी किशोरी से युवक ने किया दुराचार

जौनपुर। जफराबाद क्षेत्र के एक गांव की 15 वर्षीय किशोरी से उसके घर के पीछे गांव के ही एक युवक ने जबरदस्ती दुराचार किया। उसके दोस्त ने मौके पर वीडियो बना लिया। फिर दोनों युवकों ने वीडियो वायरल करने की धमकी देकर किशोरी को प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। कई दिनों तक यह मामला चलता रहा लेकिन किशोरी डर के मारे चुप रही। बाद में किशोरी ने अपने परिवार वालों को पूरी बात बताई। जिसके बाद वह लोग पुलिस से शिकायत करने पहुंच गए। मंगलवार को तहरीर मिलने पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया। ऊक्त गांव निवासी किशोरी 15 मई की रात को अपने घर के पीछे शौच के लिए गयी थी। जैसे ही वह घर के पीछे पहुंची उसी समय गांव का सचिन यादव अपने एक दोस्त के साथ उसे दबोच लिया। उसके बाद सचिन ने उसके साथ दुराचार किया। उसका दोस्त दुराचार का वीडियो बनाता रहा। सचिन ने किशोरी को धमकी दिया कि अगर वह जब बुलायेगा तब आना पड़ेगा नहीं तो वीडियो वायरल कर दूंगा। घटना से किशोरी डर के मारे सहम गयी। एक माह से पुत्री को डरी सहमी व गुपचुप रहता देख कर परिजन को कुछ शंका हुई। उन लोगों ने बहुत समझा बुझाकर जब पूछा तब उसने सारी बात बता दिया। जिसके बाद पीड़ित के पिता की तहरीर पर युवक के ऊपर मुकदमा दर्ज हुआ। थाना प्रभारी विश्वनाथ प्रताप सिंह ने बताया कि आरोपी के ऊपर पॉक्सो एक्ट सहित अन्य सम्बंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। आरोपी को गिरफ्तार करने के लिए पुलिस की टीम दबिश दे रही है।

अखिलेश यादव के जन्मदिन पर किया पौधरोपण

जौनपुर। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष, उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री, लोकसभा में संसदीय दल के नेता अखिलेश यादव का 52वां जन्मदिन समारोह पूर्वक नगर के एक होटल में प्रात: 10 बजे हर्षोल्लास पूर्वक केक काट कर मनाया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष राकेश मौर्य ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष राकेश मौर्य ने कहा कि आज का दिन समस्त पार्टीजनों के लिए विशेष दिन है। कार्यक्रम को विधायक तूफानी सरोज, विधायक डा. रागिनी सोनकर, पूर्व एमएलसी लल्लन प्रसाद यादव, पूर्व मंत्री दीपचंद सोनकर, पूर्व विधायक राजनरायन बिंद, पूर्व विधायक श्रद्धा यादव, डा. अवधनाथ पाल, दीपचंद राम, सुशील दुबे आदि ने संबोधित करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को बधाई दिया। सर्वप्रथम केक काट कर उपस्थित पार्टीजनों ने मुंह मीठा कराते हुए बधाई दिया।

राष्ट्रवादी पार्टी ने मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन

जौनपुर। राष्ट्रवादी पार्टी ने प्रदेश के युवाओं, किसानों व आम जन की समस्याओं समेत 13 सूत्रीय मांगों को लेकर मंगलवार को जिला प्रशासन के माध्यम से प्रदेश के मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा। ज्ञापन में बेरोजगारी, गरीबी उन्मूलन, महंगाई, शिक्षा सुधार, भ्रष्टाचार पर लगाम, किसानों की समस्याएं, बाढ़ की समस्या, पुरानी पेंशन, ट्रैफिक जाम से मुक्ति की योजना, बिजली कटौती की समस्या, गर्मी में वाटर कूलर की व्यवस्था, सार्वजनिक शौचालय की उपलब्धता समेत क्षेत्रिय समस्याओं को विस्तार से दर्शाया गया है। वक्ताओं ने मांग किया है कि उपरोक्त सभी बिन्दुओं पर आम जनमानस के हित को ध्यान में रखकर तत्काल कार्यवाही की जाए। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष जितेन्द्र चौहान, अजय चौहान, विकाश चौहान, दयाशंकर गौंड़, सीमा चौहान, शरद चौहान, संगीता, राज चौहान, शुभद्रा सिंह, सूरज चौहान, शिव कुमारी, वेद प्रकाश समेत तमाम कार्यकर्ता एवं पदाधिकारीगण मौजूद रहे।

नकाबपोश बदमाशों ने घर पर छोड़ा धमकी भरा पत्र

जौनपुर। सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के कोइरिडीहा गांव के समीप बीते रविवार रात नकाबपोश बदमाशों ने एक घर पर धमकी भरा पत्र छोड़कर भय का माहौल व्याप्त कर दिया है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है। सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के कोईरिडीहा निवासी संदीप कुमार घर से थोडी दुर पर अपनी एक होम्योपैथिक क्लीनिक खोल रखे है। बीते रविवार रात करीब 12 जब वह अपने कमरे में सो रहे थे। तभी उन्हें अचानक घर के सामने किसी की खड़े होने की आहत हुई लेकिन जब वह बाहर निकले तो वहा कोई नही था। इसके बाद जब वह सुबह घर से निकल ही रहे थे तभी दरवाजे के पास एक पत्र मिला, जब उन्होंने पत्र खोलकर पढ़ तो उसमें 50,000 की मांग की गई थी। उसमें लिखा था कि 50,000 रूपए नहीं मिला तो समस्या हो जाएगी। पत्र को पढ़ते ही परिजन में खौफ का माहौल व्याप्त हो गया, इसके बाद घर के पास लगे सीसीटीवी फुटेज को देखा तो उसमें एक मोटरसाइकिल पर दो नकाबपोश बदमाश चेहरा बांधे हुए दिखाई दे रहे है। जिसके बाद पीड़ित घटना की जानकारी स्थानीय पुलिस को दे दी। थाना प्रभारी विनय प्रकाश जी ने बताया कि पीड़ित के तहरीर पर जगह-जगह लगे सीसी टीवी फुटेज को खंघाला जा रहा है जल्द ही आरोपित को पकड़ लिया जाएगा।

नकली मसाला बनाने की फैक्ट्री पकड़ी गई

शाहगंज। क्षेत्र के बड़ागांव में सोमवार देर शाम नकली मसाले बनाने की एक फैक्ट्री का पर्दाफाश हुआ। अमेठी पुलिस ने छापेमारी कर एक युवक को हिरासत में लिया है। मौके से प्रतिष्ठित ब्रांड के रैपर, डिब्बे और भारी मात्रा में तैयार नकली मसाले बरामद किए गए। अमेठी पुलिस को कंपनी की ओर से शिकायत मिली थी कि बड़ागांव स्थित एक मकान में लंबे समय से मिलावटी मसाले तैयार कर उन्हें कम्पनी ब्रांड के रैपर में पैक कर बाजार में बेचा जा रहा है। सूचना पर पुलिस टीम ने देर शाम कार्रवाई करते हुए छापा मारा। मकान के अंदर मसाले पीसने, पैकिंग करने और ब्रांडेड डिब्बों में भरने की पूरी व्यवस्था मिली। पुलिस हिरासत में लिए गए युवक व बरामद नकली माल को कब्जे में लेकर अपने साथ अमेठी ले गई।

फिट भारत योगा सेंटर का हुआ उद्घाटन

जौनपुर। लोहिया पार्क, जौनपुर में फिट भारत योगा सेंटर का भव्य उदघाटन सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि ज्ञान प्रकाश सिंह (वरिष्ठ भाजपा नेता) व विशिष्ट अतिथि डा. सीमा सिंह राणा (जिला उद्यान अधिकारी) फीता काटकर व दीप प्रज्वलन कर किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि को फिट भारत योगा के संस्थापक भरत व कविता सिंह के द्वारा बुकें देकर दोनों लोगों का स्वागत किया गया।

उसके बाद विशिष्ट अतिथि द्वारा फिट भारत योगा के उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामना संदेश दिया गया उनके बाद मुख्य अतिथि द्वारा उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामना संदेश देते हुए कहा कि योग एक प्राचीन अभ्यास है जो शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक कल्याण को बढ़ावा देता है। योग शब्द का अर्थ जुड़ना या शामिल होना है, जो शरीर, मन और आत्मा के एकीकरण का प्रतीक है। इस लिए आप सभी लोग फिट भारत योगा के द्वारा जो इस अच्छे कार्य का शुभारम्भ किया गया है। उससे जरूर जुड़े उसके लिए हमसे जो भी सहयोग हो सकेगा पूरा सहयोग रहेगा। उनके बाद इस्कॉन के प्रभू जी द्वारा भजन कीर्तन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि व कार्यक्रम में सम्मिलित सभी अतिथियों ने पूरा आनंद साथ में उठाया। अंत में पार्क में मुख्य अतिथि द्वारा वृक्षारोपन का भी कार्य हुआ और कार्यक्रम का संचालन देवेश शुक्ला द्वारा किया गया। इस भव्य कार्यक्रम में डा. उषा सिंह, डा. मनीष सिंह, डा. सतीश पाठक, शिवम सिंह, राकेश सिंह, डा. ज्ञान प्रकाश सिंह, डा. पूजा सिंह, प्रीति मिश्रा, सीके मिश्रा, माता देव, अभिभावक व बच्चे उपस्थित रहे।

जनपद के खिलाड़ियों का नेपाल में रहा दबदबा

जौनपुर। इण्डो नेपाल ताइक्कांडो चैम्पियनशिप में जौनपुर के खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन हुआ। अच्छे प्रदर्शन के बल पर के खिलाड़ियों ने एक गोल्ड एवं छह सिल्वर मेडल प्राप्त किया। इन सात खिलाड़ियों का चयन बीते 27 से 29 मई को मथुरा में आयोजित नेशनल ताइक्कांडो चैम्पियनशिप में हुआ था।

यही खिलाड़ियों ने नेपाल में परचम लहराकर जनपद ही नहीं, बल्कि भारत का नाम रोशन कर दिया। मेडल प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों में रिद्धि गुप्ता (गोल्ड मेडल), आध्या सिंह, श्रेयांश मौर्य, अविरल भट्ट, आयुषी रावत, आदर्श मौर्य, अध्यात्म भट्ट (सिल्वर मेडल) हैं। बता दें कि ये सभी खिलाड़ी बीते 26 जून को नेपाल पोखरा के लिये रवाना हुये। भारतीय टीम में पंजाब, हरियाणा, दिल्ली के खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। गोरखपुर से शालीमार एक्सप्रेस द्वारा भण्डारी रेलवे स्टेशन पर उतरने के बाद खिलाड़ियों के अभिभावकों सहित जनपद के सैकड़ों लोगों ने माला-फूल के साथ मिठाई खिलाकर बाजा-गाजा के साथ स्वागत किया।

कलेक्ट्रेट सभागार में बना आयुष्मान कार्ड

जौनपुर। कलेक्ट्रेट अधिवक्ता समिति के संघ के सभागार में स्वास्थ्य शिविर नवीन आयुष्मान कार्ड बनाने का आयोजन सोमवार को अध्यक्ष घनश्याम सिंह एडवोकेट की अध्यक्षता एवं महामंत्री मनोज कुमार मिश्र एडवोकेट के संचालन में हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जिलाधिकारी डा. दिनेश चन्द्र रहे। जिलाधिकारी के द्वारा बार के वरिष्ठ अधिवक्ताओं के स्वास्थ्य के प्रति अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त किये एवं जिलाधिकारी का जन्मदिवस होने पर कलेक्ट्रेट अधिवक्ता समिति के अध्यक्ष घनश्याम सिंह एडवोकेट एवं महामंत्री मनोज कुमार मिश्र एवं वरिष्ठ अधिवक्ताओं द्वारा मल्यार्पण कर स्वागत किया गया।

पौधारोपण के साथ प्रारंभ हुआ नवीन सत्र

शाहगंज। शाहगंज तहसील क्षेत्र के इमामपुर स्थित शांति शिक्षण संस्थान शिशु एवं बालिका विद्यालय इमामपुर खुटहन में नवीन शैक्षणिक सत्र का शुभारंभ मां सरस्वती के पूजन व पौधारोपण के साथ किया गया। विद्यालय परिवार एवं छात्र-छात्राओं ने सामूहिक रूप से विद्या की देवी मां सरस्वती की आराधना कर पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक सुजीत वर्मा एडवोकेट ने संरक्षक छेदीलाल वर्मा सभासद एवं वरिष्ठ पत्रकार, व्यवस्थापक रामहित प्रजापति, प्रधानाचार्य मनोज यादव, अध्यापक गण मोहम्मद मुर्तजा, सूर्यभान, कमलेश यादव, अध्यापिका दीपाली सोनी, गुंजन पाण्डेय, नेहा चौरसिया, रीना मौर्य, कुमारी नेहा ने किया।

मनबढ़ों ने भाजपा मंडल अध्यक्ष के भाई को पीटा

बक्शा। स्थानीय विकास खण्ड के हसरौली गांव के समीप पेट्रोल पम्प मंगलवार की सुबह करीब साढ़े नौ बजे भाजपा परशुरामपुर मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र मिश्रा के छोटे भाई सुशील मिश्रा को तीन बाईक पर सवार आधा दर्जन मनबढ़ों ने पिटाई कर दी। पुलिस ने आधा दर्जन लोगों के खिलाफ मारपीट का मुकदमा दर्ज कर लिया है। सिकरारा थाना क्षेत्र के विशुनपुर गांव निवासी मारपीट में घायल सुशील ने बताया कि पम्प पर अचानक पहुंचे बाईक सवार लोगों ने अनायास ही गाली गलौज करतें हुए मारना पीटना शुरू कर दिए। ग्रामीणों की मदद से दो आरोपियों का पकड़ पुलिस को सौंप दिया गया। भाजपा मण्डल अध्यक्ष ने बताया कि मेरे भाई को साजिश के तहत पीटा गया है।

लालजी गौतम के परिजन को सपा जिलाध्यक्ष ने सौंपा दो लाख का चेक

जौनपुर। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने जनपद के चर्चित दलित समाज के तिहरे हत्याकांड पर पार्टी के प्रतिनिधि मंडल को भेजकर घटना की जानकारी ली थी।

आज समाजवादी पार्टी की ओर से जिलाध्यक्ष राकेश मौर्य के माध्यम से पीड़ित परिवार के स्व. लालजी गौतम की पत्नी प्रभावती एवं स्व. गुड्डू गौतम की पत्नी सरिता राव निवासी ग्राम मोहम्मदपुर, कांध विकास खंड धर्मापुर विधानसभा क्षेत्र जफराबाद के नाम चेक के माध्यम से दो लाख की आर्थिक मदद भेजा। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष राकेश मौर्य ने कहा कि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने पीड़ित दलित परिवार के लिए छोटी सी मदद भेजी है भविष्य में भी समाजवादी पार्टी इस पीड़ित परिवार के साथ है और हर संभव मदद करने का काम समाजवादी पार्टी करेगी। सरकार बनने पर परिवार के एक सदस्य को नौकरी देकर परिवार के दुख

महिला को चेक सौंपते सपा के जिलाध्यक्ष।

बांटने का काम करेगी।

समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष राकेश मौर्य के नेतृत्व में सांसद सुश्री प्रिया सरोज पूर्व विधायक श्रद्धा यादव, पूर्व ज़िला पंचायत अध्यक्ष राजबहादुर यादव, वरिष्ठ नेता दीपचंद राम, पूर्व दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री संगीता यादव, डा. अवधनाथ पाल, ज़िला महासचिव आरिफ हबीब, ज़िला उपाध्यक्ष राजेंद्र यादव, राहुल त्रिपाठी, डा. सरफराज़ खान, गुलाब यादव, कपिल यादव, रत्नाकर चौबे, विधानसभा अध्यक्ष नंदलाल यादव, निज़ामुद्दीन अंसारी, तौफीक अंसारी, प्रदेश सचिव एवं जिला पंचायत सदस्य अनिल यादव, घनश्याम यादव, रमाशंकर, जयहिंद यादव प्रधान, वीरू यादव, आदि सहित सैकड़ों सपाजन उपस्थित रहे।

टपक सिंचाई संयत्र का लाभ उठायें किसान

जौनपुर। जिला गन्ना अधिकारी रंजीत कुमार निराला द्वारा बताया गया कि प्रदेश के आयुक्त, गन्ना एवं चीनी प्रमोद कुमार उपाध्याय द्वारा लघु व सीमान्त एवं अन्य गन्ना कृषकों के हित के दृष्टिगत प्रधान मंत्री कृषि सिंचाई योजना पर ड्रप मोर क्रापश् (माइक्रोइरिगेशन) को गन्ना खेती में लागू कर उत्पादकता में वृद्धि के सार्थक प्रयास किये जा रहे हैं, जिससे गन्ना उत्पादकता में वृद्धि के साथ-साथ जल संरक्षण/पानी की बचत के क्षेत्र में दीर्घकालिक लाभ किसानों को मिल सके।

गन्ना उत्पादकता में वृद्धि के दृष्टिगत पारम्परिक सिंचाई विधियों की तुलना में ड्रिप सिंचाई प्रणाली बहुत प्रभावी तकनीक है। ड्रिप सिंचाई में पानी और पोषक तत्वों का सही मात्रा में सही समय पर इस्तेमाल होता है, इससे पानी की बचत होती है और गन्ना उत्पादन में वृद्धि के साथ-साथ जल व ऊर्जा की बचत होती है एवं खेत में खरपतवार में कमी आती है तथा पौधों का विकास बेहतर होता है।

शैक्षणिक उन्नयन के लिए नियमित विद्यालय आयें बच्चे : राजेश

जौनपुर। स्कूल चलो अभियान के तहत आज खंड शिक्षा अधिकारी राजेश कुमार वैश्य के दिशा-निर्देशन में जूनियर हाईस्कूल कबिरुद्दीनपुर में बच्चों और अभिभावकों के द्वारा विद्यालय खुलने के प्रथम दिवस पर मां सरस्वती जी का पूजन करते हुए हवन-यज्ञ किया गया। अभिभावकों और बच्चों से संवाद करते हुए खंड शिक्षा अधिकारी के द्वारा बताया गया कि शैक्षणिक उन्नयन के लिए यह अति आवश्यक है की बच्चे प्रत्येक स्थिति में विद्यालय नियमित आयें। विद्यालय के शिक्षकों को निर्देशित करते हुए उन्होंने कहा की विद्यालय की सभी गतिविधियों को अभिभावकों तक पहुंचाकर उन्हें संतुष्ट करनें की सभी संभव प्रयास करनी चाहिए जिससे विद्यालय के प्रति अभिभावकों का विश्वास बढ़ाया जा सके। दैनिक गतिविधियों के तहत प्रार्थना स्थल पर बच्चों को आसन, ध्यान और प्राणायामों का अभ्यास प्रधानाध्यापक अचल हरीमूर्ति के द्वारा कराते हुए उनसे मनोदैहिक स्वास्थ्य पर पड़ने वाले लाभों को भी बताया गया। शिक्षक महेंद्र यादव के द्वारा सभी आगंतुकों का हार्दिक स्वागत और अभिनन्दन करते हुए सभी अभिभावकों को नियमित बच्चों को भेजनें के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक अचल हरीमूर्ति, महेन्द्र कुमार यादव, पद्माकर राय, आनन्द कुमार सिंह और गोमती सहित अनेकों अभिभावकों की उपस्थिति रही।

डीएम ने किया पीली नदी पर खुदाई कार्य का निरीक्षण

जौनपुर। जिलाधिकारी डा. दिनेश चंद्र द्वारा बदलापुर में पीली नदी पर खुदाई के कार्य का औचक निरीक्षण किया किया गया। इस दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि शासन के निर्देश के क्रम में जिला प्रशासन द्वारा पीली नदी के जीर्णोद्धार के कार्य को शुरू किया गया था। 11 जून को जीर्णोद्धार कार्य शुरू किया गया था और अनवरत यह कार्य जारी रहा तथा लगभग अब तक 90 प्रतिशत से भी अधिक कार्य पूर्ण हो चुका है, 25 किलोमीटर के लक्ष्य के सापेक्ष 20 से 22 किलोमीटर तक खुदाई का कार्य कर दिया गया है जो प्रशंसनीय है। इसमें माननीय विधायक बदलापुर रमेश चंद्र मिश्र के सहयोग, उप जिलाधिकारी बदलापुर सहित सिंचाई विभाग के अधिकारी, जिला स्तरीय अधिकारीगण, जेसीबी संचालक, ग्राम प्रधान, स्थानीय निवासियों, समाजसेवियों के स्तर से किए गए सहयोग पर उन्होंने आभार व्यक्त किया और कहा कि मुख्यमंत्री के आह्वाहन पर आप सभी ने आकर इस पुनीत कार्य में सहयोग किया, इसके लिए सभी का हृदय से आभार है, यह एक सामाजिक कार्य है, जिसमें आप सभी का सहयोग सराहनीय रहा।

इस दौरान अपने जन्मदिवस के अवसर पर जिलाधिकारी ने पीली नदी के तट पर स्थित प्राचीन शिव मंदिर पर दर्शन पूजन किया और कहा कि पीली नदी पर जीर्णोद्धार के क्रम में नदी के किनारे पौधरोपण के साथ ही नदी के तट पर स्थित इस प्राचीन शिव मंदिर मंदिर के भी जीर्णोद्धार के कार्य को कराने का संकल्प लिया गया है। अगले 10 दिन में मंदिर का सुंदर स्वरूप आपको देखने को मिलेगा। इस दौरान उन्होंने स्थानीय निवासियों में मिष्ठान भी वितरित किया। इसके साथ ही जिलाधिकारी द्वारा दान के माध्यम से संग्रहित 50 क्विंटल चोकर निराश्रित गोवंशों हेतु विभिन्न गोशालाओं में उपलब्ध कराया गया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी ध्रुव खाडिया, उपजिलाधिकारी बदलापुर योगिता सिंह, तहसीलदार, खंड विकास अधिकारी, ग्राम प्रधान सहित अन्य उपस्थित रहे।

गांवों में बैंकिंग सुविधा के नाम पर सरकारी मंशा को लग रहा पलीता

जौनपुर। जंघई यूनियन बैंक के ग्राहक सेवा केंद्र असवा को बैंक अधिकारियों की साठ-गांठ से बैंक शाखा से कुछ दूर बभनियांव रेलवे फाटक पर चलाया जा रहा है। जिससे सरकार की गांव-गांव बैंकिंग सुविधा पहुंचाए जाने की सरकारी मंशा को पलीता लग रहा है। जबकि इस ग्राहक सेवा केंद्र से 50 मीटर दूर रेलवे फाटक बभनियांव के उत्तर की ओर एक और यूनियन बैंक का ही ग्राहक सेवा केंद्र खुला हुआ है। इस तरह बैंक से डेढ़ सौ मीटर की दूरी पर यूनियन बैंक जंघई ,जौनपुर के दो अन्य ग्राहक सेवा की बात लोगों की समझ से परे हो गई है। असवा लोकेशन पर बभनियांव पूर्वी रेलवे फाटक के दक्षिण में ग्राहक सेवा केंद्र आई डी नंबर यूबीआई 0102445 खोला गया है। जबकि असवा गांव इस केंद्र से तीन किमी दूर है। असवा गांव निवासी प्रकाश चंद मिश्र, चंद्रमणि तिवारी आदि ने यूनियन बैंक के उच्चाधिकारियों का ध्यान इस ओर आकृष्ट कराए जाने की मांग की है। इसी प्रकार यूनियन बैंक की मीरगंज शाखा के इर्द गिर्द 5 ग्राहक सुविधा सेंटर खोल कर एक ही बाजार में ग्राहक सुविधा केंद्र खोला गया है जो यूनियन बैंक के अधिकारियों और सेंटर संचालक की सांठ गांठ को दर्शाता है।

पीयू में प्रवेश प्रक्रिया के लिए ऑनलाइन आवेदन दो जुलाई तक

जौनपुर। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए विश्वविद्यालय परिसर स्थित विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि दो जुलाई निर्धारित की गई है। यह जानकारी विश्वविद्यालय के प्रवेश समन्वयक प्रो. मिथिलेश सिंह ने दी। कुलपति प्रो. वंदना सिंह ने कहा कि विश्वविद्यालय का उद्देश्य न केवल गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना है। बल्कि शोध गतिविधियों को भी प्रोत्साहित करना है। जिससे विद्यार्थी वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बन सकें। विश्वविद्यालय परिसर में कुल छह संकाय-विज्ञान, अनुप्रयुक्त सामाजिक विज्ञान, विधि, अभियांत्रिकी, फार्मेसी एवं व्यवसाय प्रबंधन- के अंतर्गत स्नातक, स्नातकोत्तर एवं डिप्लोमा स्तर के पाठ्यक्रम संचालित हैं। साथ ही रज्जू भैया संस्थान में भी शिक्षण कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। प्रो. सिंह ने बताया कि प्रवेश परीक्षा जुलाई के तीसरे सप्ताह में आयोजित की जाएगी, जिसका विस्तृत कार्यक्रम एवं प्रवेश पत्र विश्वविद्यालय के समर्थ पोर्टल पर उपलब्ध रहेगा। पूर्वांचल विश्वविद्यालय की विशिष्ट पहचान इसकी अत्याधुनिक सुविधाओं में निहित है। जिसमें उच्च स्तरीय प्रयोगशालाएं, समृद्ध केंद्रीय पुस्तकालय, वाई-फाई युक्त परिसर, इंडोर एवं आउटडोर स्टेडियम तथा छात्रावास की सुविधाएं सम्मिलित हैं। यह सभी सुविधाएं विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए सहायक सिद्ध हो रही हैं।

विवाहिता ने खाया जहर

शाहगंज। पारिवारिक कलह से क्षुब्ध होकर विवाहिता ने जहरीला पदार्थ खा लिया। उपचार के लिए निजी नर्सिंग होम गया। जहां हालत गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। क्षेत्र के अरंद गांव निवासी अनिता 28 पत्नी राकेश गौतम मंगलवार की सुबह पारिवारिक कलह से क्षुब्ध होकर जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत गंभीर होने पर उपचार के लिए निजी नर्सिंग होम लाया गया। जहां हालत गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

छठवें दिन भी जारी रखा आंदोलन

बदलापुर। शिक्षण सत्र के प्रथम दिन कक्षा प्रारम्भ से पूर्व ग्रामीणों द्वारा स्कूल को रंग बिरंगे गुब्बारों से खूब सजाया गया। इस दौरान उच्च प्राथमिक विद्यालय में शिक्षा ग्रहण के लिये आये हुये बच्चों का स्वागत करने के पश्चात बच्चों को पढ़ाया। सरकारी स्कूल बचाओ संघर्ष समिति के सदस्यों ने आक्रोश जाहिर करते हुये सरकारी स्कूलों को बंद व मर्ज करने के सरकारी फरमान की घोर निंदा करते हुये जन विरोधी कदम बताया। जबकि इस सम्बन्ध में महा महिम राज्यपाल, मुख्यमंत्री, जिलाधिकारी एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी व उपजिलाधिकारी को ज्ञापन के साथ साथ ईमेल व फैक्स के जरिये मांग भी किया गया। किंतु सरकार एवं शिक्षा विभाग, असहाय अभिभावकों तथा बच्चों के भविष्य को अनदेखी करते हुए उनके साथ खिलवाड़ कर रही है। ऐसे में सवाल है छोटे-छोटे गरीब बच्चे-बच्चियां पढ़ने के लिये कैसे तीन किलोमीटर की दूर की दूरी तय कर पढ़ने के लिये जा पायेंगी। इस अवसर पर शिशिर कुमार दूबे, अशोक कुमार खरवार,मनीष मिश्र, संजय यादव, दिलीप कुमार, संदीप यादव, राम सिंगार दूबे, संतोष कुमार प्रजापति, राहुल गुप्त, राजकुमार मौर्य, रवि कुमार दूबे, ऐश्वर्य दूबे, गौरव दूबे, रबीश यादव, विनय दूबे, घनश्याम दूबे, शिशिर, सिद्धार्थ कुमार सहित कई लोग बच्चों के साथ मौजूद रहे।

जन जागरुकता रैली को सीएमओ ने झण्डी दिखाकर किया रवाना

जौनपुर। एक जुलाई को जिला टीबी चिकित्सालय परिसर से मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. लक्ष्मी सिंह द्वारा संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान जुलाई का उद्घाटन जन जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर किया गया।

संचारी रोग अभियान जनपद में एक से 31 जुलाई तक चलाया जाएगा। अभियान के अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग के अतिरिक्त पंचायती राज विभाग, स्वच्छ भारत मिशन, नगर विकास विभाग, पशुपालन विभाग, बाल विकास विभाग, शिक्षा विभाग, दिव्यांग कल्याण विभाग, कृषि विभाग, सिंचाई विभाग, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग, सूचना विभाग अपने निर्धारित कार्य एवं दायित्व के अनुसार कार्य योजना बनाकर कार्यवाही कराएंगे। कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. लक्ष्मी सिंह एवं अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी वेक्टर बॉर्न डॉक्टर बीसी पंत, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. राजीव कुमार, जिला मलेरिया अधिकारी सुनील कुमार यादव, फाइलेरिया नियंत्रण अधिकारी एवं जिला क्षय रोग कार्यालय, जिला कुष्ठ रोग कार्यालय, जिला मलेरिया एवं फाइलेरिया कार्यालय सहित स्वास्थ्य विभाग के समस्त अधिकारी कर्मचारी तथा बाल विकास विभाग, पशुपालन विभाग, कृषि विभाग, शिक्षा विभाग, नगर पालिका जौनपुर, डब्ल्यूएचओ प्रतिनिधि, सहित अन्य विभागों ने प्रतिभाग किया।

बाजार से घर लौटते समय वृद्ध की मौत

जौनपुर। सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के छबीलेपुर बाजार के समीप सोमवार रात करीब 9 बजे अज्ञात वाहन की टक्कर से 55 वर्षीय वृद्ध की ईलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और विधिक कार्रवाई में जुट गई है। सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के मोलनापुर गांव के निवासी भोलेनाथ सरायख्वाजा थाना पर होमगार्ड के रूप में तैनात है। भोलेनाथ कुल पांच भाई हैं। सोमवार शाम करीब सात बजे उनके भाई 55 वर्षीय सूर्यनाथ किसी काम से छबीलेपुर बाजार गए हुए थे। रात करीब नौ बजे जब वह पैदल घर के लिए वापस आ रहे थे। इसी दौरान किसी अज्ञात वाहन से टक्कराकर वह सड़क पर बीचो-बीच गंभीर रूप से घायल होकर पड़े थे। जब आसपास के लोगों की नजर उन पर पड़ी तो लोगों ने घटना की जानकारी स्थानीय पुलिस को दे दी। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस ने मौके पर पहुंचकर एंबुलेंस से घायल को इलाज के जिला अस्पताल पहुंचाया और घटना की जानकारी परिजनों को दी। जानकारी होते ही परिजनों में त्राहि-त्राहि मच गया, स्वजनों ने जिला अस्पताल पहुंचकर सूर्यनाथ की हाल जानने की कोशिश की इसी बीच करीब 1 घंटे इलाज के बाद चिकित्सकों ने सूर्यनाथ को मृत घोषित कर दिया।

पूर्व सांसद ने कंपोजिट विद्यालय चौकीखुर्द में किया पौधरोपण

जौनपुर। बसुंधरा की सुनी गोद भरने के लिए धरती पर सभी को पौधे लगाना चाहिए, पौधे हमारे जीवन के लिए बहुत ही उपयोगी है। पौधे ही हमारी धरती मां का आभूषण है, इनके जरिये ही हमे जीवनरूपी श्वास मिलती है। यह बातें जिला पंचायत अध्यक्ष के पति व पूर्व सांसद धनंजय सिंह ने चौकीखुर्द गांव स्थित कम्पोजिट विद्यालय परिसर में पौधरोपण करते हुए कही। मंगलवार के दिन चौकीखुर्द गांव में धनंजय सिंह ने कहा कि वृक्षों की कमी से पर्यावरण असंतुलित होता चला जा रहा है, आने वाले समय को खुशहाल बनाने के लिए आज पौधरोपण की अत्यंत आवश्यकता है। आज के समय मे वृक्ष लगाना कई तीर्थो के बराबर है। पेड़ों को लगाकर उसकी रक्षा करना उससे भी बड़ी बात है। ग्राम प्रधानपति अरुण पाण्डेय ने कहा कि इस धरती को हरा भरा बनाये रखने के लिए पौधे लगाए और आने वाले समय में अपने बाल बच्चों के लिए उनके जीवन में खुशियां दे। इसके पूर्व उन्होंने चौकीखुर्द निवासी भाजपा नेता वीरेंद्र पाण्डेय की पत्नी इसरा पाण्डेय के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त किया। इस अवसर पर किशन सिंह, हनुमंत पाण्डेय, संजय सिंह, सोनू, अवधेश तिवारी, संतोष, जगदीशप्रसाद, सुरेश सहित अन्य लोगों ने पौधरोपण किया।

ट्रेन की चपेट में आने से युवक घायल

जौनपुर। जौनपुर-औड़िहार रेलवे प्रखंड स्थित मुफ्तीगंज रेलवे क्रॉसिंग के पास किसी ट्रेन की चपेट में आकर युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसका उपचार किसी प्राइवेट हॉस्पिटल में चल रहा है। केराकत कोतवाली क्षेत्र के मुफ्तीगंज गांव निवासी अर्जुन हलवाई उम्र लगभग 45 वर्ष पुत्र मेंही लाल सोमवार रात्रि लगभग 8:00 बजे किसी ट्रेन की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजन उसे जानकारी होने पर परिजन उन्हें जिला अस्पताल लाकर भर्ती करवाए। यहां पर हालत ठीक ना होने के कारण परिजन छुट्टी करा कर चिकित्सक से कहीं प्राइवेट हॉस्पिटल में ले जाकर उपचार करवा रहे हैं।

डायग्नेटो डायग्नोस्टिक सेंटर ने सफलता के पूरे किए एक वर्ष

जौनपुर। डायग्नेटो डायग्नोस्टिक सेंटर ने अपनी स्थापना के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में सोमवार को एक उत्सवपूर्ण समारोह का आयोजन किया। संस्था के संस्थापक डा. पी.के. सिंह एवं शीला सिंह ने केक काटकर कार्यक्रम की शुरुआत की और जनपद के चिकित्सकों एवं सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर डा. सिंह ने कहा, यह एक वर्ष हमारे लिए सेवा, समर्पण और निरंतर प्रयास का प्रतीक रहा है।

हम अपने जनपद की जनता को उत्कृष्ट एवं नवाचारयुक्त स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध हैं और भविष्य में भी यह प्रयास जारी रहेगा। कार्यक्रम में नगर के कई प्रमुख चिकित्सकों, समाजसेवियों एवं आम जनों की उपस्थिति रही, जिन्होंने संस्थान की सफलता पर बधाई दी और इसे स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में एक उल्लेखनीय

डायग्नेटो सेंटर के एक वर्ष पूरा होने पर केक काटते डा. पीके सिंह।

पहल बताया। डायग्नेटो डायग्नोस्टिक सेंटर ने बीते एक वर्ष में अपनी आधुनिक तकनीकों और कुशल स्टाफ के माध्यम से स्वास्थ्य जाँच की गुणवत्ता को नए स्तर तक पहुँचाया है। संस्था का लक्ष्य आगामी वर्षों में भी जनमानस को विश्वसनीय और सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है।

तरुणमित्र

बुधवार,02 जुलाई 2025

संवत- 2081, आषाढ़ शुक्ल पक्ष.- 07

यह कैसा विरोध

महाराष्ट्र सरकार ने स्कूलों में हिंदी की पढ़ाई के मुद्दे पर यू-टर्न लिया। विपक्ष इस मुद्दे को हथियार बना रहा था। शिवसेना के बाला साहेब ठाकरे ने पहले हिंदीभाषियों का विरोध किया था। समय के साथ, राजनीतिक समीकरण बदले। मुंबई और महाराष्ट्र में हिंदीभाषियों की आबादी बढ़ी है। सरकार इस मुद्दे पर घिर गई थी। लंबी रस्साकशी और कशमकश के बाद आखिरकार महाराष्ट्र की देवेंद्र फडणवीस सरकार ने स्कूलों में हिंदी की पढ़ाई से जुड़े मुद्दे पर अपने कदम पीछे खींच लिए। प्रदेश की राजनीति में यह मुद्दा जिस तरह से गरमाता जा रहा था, उसे देखते हुए सरकार के पास कोई और विकल्प भी नहीं रह गया था। फडणवीस सरकार की ताजा घोषणा को इस सचाई से अलग करके देखना मुश्किल है कि हिंदी का मुद्दा राज्य में विपक्षी दलों के हाथों का एक ताकतवर हथियार बनता जा रहा था। न केवल विपक्ष के सभी दल इस मसले पर एकजुट और विधानसभा के मॉनसून सत्र को हंगामेदार बनाने पर आमादा थे, बल्कि ठाकरे बंधुओं को भी हिंदी विरोध की राजनीति की अपनी जानी-पहचानी जमीन वापस मिलती दिख रही थी।

याद किया जा सकता है कि शिवसेना प्रमुख बाला साहेब ठाकरे के शुरुआती दौर में पार्टी खास तौर पर हिंदीभाषियों के विरोध के लिए जानी जाती थी। मुंबई और महाराष्ट्र में हिंदीभाषियों की निरंतर बढ़ती आबादी को शिवसेना मराठी अस्मिता के लिए खतरे के रूप में देखती थी। हालांकि बाद के दौर में, खासकर नब्बे के दशक से भाजपा के गठबंधन में शिवसेना की राजनीति भी हिंदी से हिंदू की ओर मुड़ती गई। मुंबई और महाराष्ट्र की बदलती डेमोग्राफी ने भी उद्धव ठाकरे के नेतृत्व में शिवसेना को लचीला रुख अपनाने के लिए प्रेरित किया। वहीं, पुरानी आक्रामकता जारी रखते हुए राज ठाकरे की पार्टी धीरे-धीरे कमजोर ही होती गई। चाहे मुंबई हो या महाराष्ट्र, कुल आबादी में हिंदीभाषियों का बढ़ता अनुपात भी अपना असर दिखा रहा था।2001 की जनगणना के मुताबिक हिंदीभाषियों की संख्या मुंबई में 25.9% और मराठीभाषियों की 42.9% थी जो 2011 में क्रमशः 30.2% और 41% हो गई। महाराष्ट्र में इसी अवधि में जहां मराठीभाषी आबादी 76% से 73.4% पर आ गई, वहीं हिंदीभाषियों का अनुपात 7.3% से बढ़कर 9.5% हो गया।

मतदाताओं का बदलता स्वरूप राजनीति में अघोषित तौर पर जो बदलाव ला रहा था, उसे अचानक ही कथित तौर पर हिंदी लादने के इस फैसले ने मानो अप्रासंगिक कर दिया। न केवल उद्धव और राज ठाकरे इस सवाल पर आक्रामक रूप में सामने आए और कांग्रेस व NCP (शरद पवार) उनके साथ खड़ी रहीं बल्कि उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने भी खुलकर इस फैसले का विरोध कर दिया। एकनाथ शिंदे भी इसके पक्ष में नहीं थे। जाहिर है, सरकार इस मुद्दे पर घिर गई थी। ऐसे में उसे इस मुश्किल से निकलने का रास्ता फैसले को वापस लेने में ही दिखा।

"कैलाश मानसरोवर": जहां दर्शनमात्र से खुल जाते है "स्वर्ग के द्वार"

लास्मान सुरोवर के निर्मल जल में झलकते हैं मोक्ष के द्वार, जहां हिमखंडों की गोद में विराजते हैं आदि देव, त्रिपुरारी, भगवान शिव। जिसके ऊपर स्वर्ग है और नीचे मृत्युलोक है. शिवपुराण, स्कंद पुराण, मत्स्य पुराण समेत कई ग्रंथों में कैलाश का जिक्र मिलता है. कैलाश पर्वत के दक्षिण भाग को नीलम, पूर्व भाग को क्रिस्टल, पश्चिम को रूबी और उत्तर को स्वर्ण रूप में माना जाता है. यह वही कैलाश है- जहां कड़कड़ाती ठंड में भी जीवन की तपस्या चलती है, जहां हर बर्फ का कण '? नमः शिवाय' का जप करता है। कैलाशः शिव का वो परंपावन धाम है, जहां समय भी ठहर जाता है, सांसें भी शिवमय हो जाती हैं। यहां का हर पत्थर, हर झरना, हर हवा शिव की महिमा गुनगुनाती है। जहां लास्मान सुरोवर के दर्शन मात्र से आत्मा पावन हो जाती है, और महादेव के चरणों में मन स्थिर हो जाता है। कैलाश, न केवल एक स्थान है, बल्कि यह स्वयं मुक्ति का मार्ग है।

इतना ही नहीं कैलाश को धरती का 'अक्षय धाम' कहा जाता है, जहां समय, जीवन और मृत्यु तीनों निरर्थक हो जाते हैं. मानसरोवर ब्रह्मा के मन से बना है और यहीं से सरयू, सतलुज, सिंधु और ब्रह्मपुत्र जैसी प्रमुख नदियां निकलती हैं। यह सरोवर लगभग 15,100 फीट की ऊंचाई पर स्थित एक मीठे पानी की झील है, जिसका मुख्य स्रोत कैलाश है :-

- सुरेश गांधी -

हिमालय की गोद में बसा कैलाश पर्वत न केवल भूगोल की दृष्टि से एक अद्भुत स्थल है, बल्कि आध्यात्मिक दृष्टि से भी यह सम्पूर्ण सृष्टि का केंद्र माना जाता है। यह वह जगह है जहां हिमालय की गोद में बसा है परमधाम और वास करते हैं स्वयं महादेव. बर्फ की चादर ओढ़े कैलाश पर्वत शिव के धाम का न सिर्फ प्रतीक है, बल्कि लास्मान सुरोवर में झलकता है महादेव के दिव्य दर्शन का सौभाग्य. यहां की ठंडी हवाओं में, बर्फ की चादरों में, और हर हिमखंड में शिव का ही आभास होता है। जी हां, कुबेर की नगरी, भगवान शिव का निवास, बौद्ध, जैन और सिख धर्म मानने वालों के लिए आस्था का केंद्र, वैज्ञानिकों के लिए रहस्य तो वेदों, पुराणों और लोककथाओं में अनगिनत कहानियां समेटे हुए है कैलाश मानसरोवर. कैलाश मानसरोवर भारत और तिब्बत की सीमा पर स्थित एक पवित्र स्थल है। इसे हिन्दू धर्म, बौद्ध धर्म, जैन धर्म और सिख धर्म में काफी अहम माना गया है. कैलाश पर्वत और मानसरोवर झील का विशेष धार्मिक, ऐतिहासिक, और भौगोलिक महत्व है. हिन्दू धर्म में कैलाश पर्वत भगवान शिव का घर माना जाता है. मान्यता है कि शिवजी, पार्वती अपने दो पुत्र, गणेश और कार्तिकेय के साथ कैलाश पर्वत पर ही निवास करते हैं. हिन्दू मान्यता के अनुसार, कैलाश पर्वत के दर्शन और मानसरोवर झील में स्नान करने से सभी पाप समाप्त हो जाते हैं और मोक्ष की प्राप्ति होती है.

पौराणिक कथानुसार कहा जाता है की ये जगह कुबेर की नगरी है. यहीं से भगवान विष्णु के चरण कमलों से निकलकर गंगा नदी कैलाश पर्वत की चोटी पर विकराल वेग के साथ गिरती है, जहां भगवान शिव उन्हें अपनी जटाओं में धारण कर लेते हैं और धरती में निर्मल धारा के रूप में प्रवाहित कर देते हैं. बौद्ध धर्म में कैलाश पर्वत को एक पवित्र स्थल के रूप में पूजा जाता है. इसे 卐कांगरीनबो卐 कहा जाता है और यहां बौद्ध धर्म के अनुयायी ध्यान और साधना के लिए आते हैं. बौद्ध परंपरा में इसे बोधिसत्त्व के स्थान के रूप में माना जाता है. कैलाश पर्वत को बौद्ध धर्म में एक विशेष स्थान प्राप्त है. इसे बौद्धों द्वारा 卐ओम मणि पद्मे हूं卐 मंत्र का केंद्र भी माना जाता है, जो करुणा और ज्ञान का प्रतीक है. जैन धर्म में भी कैलाश पर्वत को विशेष स्थान प्राप्त है. यहां पर भगवान ऋषभदेव के तप करने की मान्यता है. सिख धर्म में कैलाश पर्वत का उल्लेख भी मिलता है. कहा जाता है कि गुरु नानक देव ने यहां की यात्रा की थी. मानसरोवर झील को हिन्दू धर्म में पवित्र माना जाता है. इसे 'स्वर्ग की झील' भी कहा जाता है. कहते है जो भी व्यक्ति मानसरोवर झील की धरती को छू लेता है, वह ब्रह्मा के बनाए हुए स्वर्ग में पहुंच जाता है. मानसरोवर में पांडवों के जाने का उल्लेख भी पुराणों में मिलता है. खास यह है कि शरीर त्यागने के बाद माता सीता मानसरोवर के रास्ते से ही स्वर्ग लोक गई थी. भगवान शिव की कृपा के कारण ही सरोवर का जलस्तर हमेशा एक समान रहता है. मान्यता है कि कैलाश पर्वत के रास्ते 33 कोटि देवी देवता आते हैं और सरोवर में स्नान करते हैं.

वैज्ञानिकों के अनुसार, यह स्थान धरती का केंद्र है. धरती के एक ओर उत्तरी ध्रुव है, तो दूसरी ओर दक्षिणी ध्रुव. दोनों के बीचोबीच है कैलाश पर्वत. कहा जाता है कि आजतक कोई भी कैलाश पर्वत पर नहीं चढ़ सका है. दुनिया की सबसे ऊंची चोटियों पर पर्वतारोहियों ने परचम लहराया है. लेकिन कैलाश पर कोई भी नहीं चढ़ सका है. कई लोगों ने दावा किया है कि जब भी इसपर चढ़ने की कोशिश की गई तब-तब तेजी से लोगों के शरीर में बदलाव होते हैं. कैलाश पर्वत की ऊँचाई लगभग 22,000 फीट (6,638 मीटर) है। यह पर्वत विश्व की चार प्रमुख नदियों सिंधु, ब्रह्मपुत्र, सतलज और करनाली का उद्गम स्थल भी है। कैलाश पर्वत की विशेषता यह है कि इस पर किसी ने अब तक चढ़ाई नहीं की। इसे मानव स्पर्श से परे, एक दिव्य, अलौकिक स्थान माना जाता है। कहते है भगवान शिव यहां अपने दिव्य ध्यान में लीन रहते हैं। कैलाश के निकट स्थित लास्मान सुरोवर (जिसे मानसरोवर झील भी कहा जाता है) को अत्यंत पवित्र और मोक्षदायिनी माना जाता है। मान्यता है कि इसके जल में स्नान करने मात्र से जन्म-जन्मांतर के पाप धुल जाते हैं और आत्मा पावन हो जाती है। इस झील की खासियत है कि यह अपनी निर्मलता, शांति और दिव्यता के लिए प्रसिद्ध है। मानसरोवर का जल इतना स्वच्छ होता है कि इसमें कैलाश पर्वत की छवि स्पष्ट दिखती है।

कठिन लेकिन दिव्य यात्रा- कैलाश मानसरोवर की यात्रा अत्यंत कठिन मानी जाती है। ऊँचाई, ऑक्सीजन की कमी, तीव्र ठंड और दुर्गम रास्ते यात्रियों की परीक्षा लेते हैं। लेकिन हर कष्ट भी भक्तों के लिए आनंद का विषय बन जाता है क्योंकि इस यात्रा का हर कदम आत्मिक उन्नति की ओर बढ़ता है। भारत सरकार और चीन सरकार द्वारा संयुक्त रूप से संचालित इस यात्रा के दो प्रमुख मार्ग हैं. लिपुलेख दर्रा (उत्तराखंड) और नाथुला दर्रा (सिक्किम)। हालाँकि, तिब्बत की सीमा में प्रवेश के लिए चीन की अनुमति अनिवार्य होती है।

कैलाश परिक्रमा- कैलाश पर्वत की परिक्रमा (कोरला) अत्यंत पुण्यदायी मानी जाती है। यह लगभग 52 किमी की कठिन पदयात्रा है, जिसे भक्त तीन दिन में पूरा करते हैं। मान्यता है कि इस परिक्रमा को एक बार करने से हजारों जन्मों के पाप नष्ट हो जाते हैं। तिब्बती श्रद्धालु इसे दंडवत करते हुए परिक्रमा करते हैं, जिसे 'प्रणिपात परिक्रमा' कहा जाता है।

वैज्ञानिक और रहस्यमयी दृष्टि- कैलाश पर्वत आज भी वैज्ञानिकों के लिए रहस्य बना हुआ है। इसकी संरचना एक पिरामिड की तरह है और यह दुनिया के अन्य पवित्र स्थलों जैसे जेरूसलम, पिरामिड ऑफ गिजा और स्टोनहेंज से एक रहस्यमयी रेखा में स्थित है। ऐसा कहा जाता है कि कैलाश पर्वत के चारों ओर प्राकृतिक चुंबकीय शक्ति का एक ऐसा केंद्र है, जो समय और आयु की गणना को प्रभावित करता है। यात्रा का महत्व- कैलाश मानसरोवर केवल एक यात्रा नहीं है, यह जीवन की सबसे पवित्र आध्यात्मिक साधना है। यहां के बर्फीले वातावरण में जो दिव्यता है, वह किसी भी भक्त की आत्मा को झकझोर देती है। यहां आकर लगता है जैसे महादेव की सांसे स्वयं इस हिमालय की ठंडी हवाओं में घुली हुई हैं। लास्मान सुरोवर में स्वयं ब्रह्मा, विष्णु और महेश का तेज समाहित है। कैलाश बुलाता नहीं है, वह तभी दर्शन देता है जब स्वयं महादेव का आशीर्वाद हो। यह यात्रा कठिन जरूर है, लेकिन हर कदम आपको शिव के और करीब ले जाता है। यहां आकर लगता है जैसे हर बर्फ का कण, हर श्वास, हर धड़कन '? नमः शिवाय' का जाप कर रही हो। झील में कैलाश पर्वत का प्रतिबिंब देखना सबसे शुभ क्षण माना जाता है।

यात्रा का मार्ग और प्रमुख पड़ाव- भारत से जाने के दो रास्ते- 1. लिपुलेख दर्रा (उत्तराखंड). 2. नाथुला दर्रा (सिक्किम). जबकि इसके प्रमुख पड़ाव- धारचूला, लिपुलेख, ताकलाकोट, मानसरोवर, कैलाश, डेरापुक, डोलमा ला पास व झोंगदो है। यात्रा की विशेषताएं- केवल चयनित यात्रियों को ही अनुमति मिलती है। हर साल सीमित संख्या में श्रद्धालु जा पाते हैं। भारत सरकार और चीन सरकार की अनुमति अनिवार्य। ऊँचाई और मौसम से जुड़ी कठिनाइयां, लेकिन अद्भुत अनुभूति। भक्ति की अंतिम यात्रा- यह यात्रा केवल पैरों से नहीं, यह ह्रदय और श्रद्धा से तय होती है। यहां पहुंचना सौभाग्य है, क्योंकि कैलाश बुलाता नहीं है, कैलाश तभी दर्शन देता है जब स्वयं महादेव बुलाएं।

भक्तों की जुबानी- कैलाश बुलाता है, तभी रास्ता बनता है

आंखों में श्रद्धा, होठों पर '? नमः शिवाय' जप करते जब श्रद्धालुओं से पूछा गया तो अपने अनुभव साझा करते हुए ललित वर्मा कहते है वहां हर सांस में महादेव बसे है. 卐मैंने सुना था कैलाश बुलाता है, लेकिन इस यात्रा में मैंने इसे महसूस किया। कड़ाके की ठंड, सांस लेने में तकलीफ, मगर महादेव का आशीर्वाद हर कदम पर महसूस होता था। जब मानसरोवर झील में स्नान किया तो लगा जैसे आत्मा भी शिवमय हो गई। शरीर थक जाता था, मगर मन दौड़ता रहता था शिव की ओर। इस यात्रा ने मुझे भीतर से बदल दिया। वाराणसी के राजेश यादव कहते है, हमारा जत्था मानसरोवर की ओर बढ़ रहा था। ऑक्सीजन कम थी, मौसम अचानक खराब हो जाता था। कुछ पल तो लगा शायद आगे नहीं जा सकेंगे। लेकिन फिर शिव नाम की शक्ति मिली। लास्मान सुरोवर के तट पर बैठकर जब शिव के पर्वत की छाया देखी तो आंखों से आंसू बह निकले। ऐसा शांति का अनुभव शायद किसी मंदिर में भी नहीं मिला।

यह शिव के साक्षात् दर्शन हैं। प्रयागराज की अर्चना तिवारी कहती है, कैलाश की परिक्रमा दुनिया की सबसे कठिन यात्राओं में मानी जाती है। पत्थरीले रास्ते, उंचाई, बर्फ और ऑक्सीजन की कमी, हर पल शरीर हार मानने को तैयार था, लेकिन मन कहता था: 'शिव हैं साथ, चलते रहो।' डोलमा ला पास पर पहुंचते समय सचमुच लगा कि शिव ने कंधे पर हाथ रखा। वो पल मेरी जिन्दगी की सबसे बड़ी पूंजी बन गई है। गोरखपुर के बनवारी लाल कहते है, मैंने कई वर्षों तक कैलाश यात्रा के लिए आवेदन किया, लेकिन हर बार किसी न किसी वजह से रुकावट आ जाती थी। 5 साल बाद शुरु हो रहे इस यात्रा के लिए नाम स्वीकृत हो गया है। मैंने महसूस किया, शिव ने बुलाया है। जबकि उनके साथी शंकर दुबे, जो आठ साल पहले यात्रा कर आएं है का कहना है कि यात्रा कठिन थी, लेकिन असीम आनंद मिला। मानसरोवर झील में कैलाश का प्रतिबिंब देखकर मन में एक अद्भुत ऊर्जा दौड़ गई। ऐसा लगा जैसे शिव से प्रत्यक्ष बात कर रही हूं। जब पहली बार दूर से कैलाश पर्वत दिखा तो आंखें भर आईं। वह कोई सामान्य पहाड़ नहीं है, वह सचमुच दिव्य है। वहां की हवा, वहां का मौन, सब शिवमय है। मैंने जीवन में बहुत यात्राएं की हैं, लेकिन ऐसा शांति, ऐसा अद्भुत अहसास कहीं नहीं मिला। मैं लौटकर आया हूं लेकिन मेरा मन अब भी वहीं कैलाश की गोद में है। पौराणिक मान्यताएं- रावण को हम प्रायः लंका का सम्राट, शिवभक्त, महान विद्वान और रामायण के खलनायक के रूप में जानते हैं, लेकिन रावण का संबंध केवल लंका और युद्ध तक सीमित नहीं था। भारतीय पौराणिक कथाओं में रावण से जुड़ी कई ऐसी कथाएं हैं, जो कम ज्ञात हैं, जिनमें सरयू नदी का विशेष स्थान भी उल्लेखनीय है। रावणः शिवभक्ति और विद्वत्ता का प्रतीक था. रावण न केवल एक महान योद्धा था, बल्कि वह परम शिव भक्त, उच्च कोटि का तंत्र साधक और प्रकांड पंडित भी था। कहा जाता है कि उसने 'शिव तांडव स्तोत्र' की रचना स्वयं भगवान शिव को प्रसन्न करने के लिए की थी। उसकी तपस्या, भक्ति और विद्या में कोई संदेह नहीं, किंतु उसका अहंकार ही उसके पतन का कारण बना।

सरयू नदी का पौराणिक महत्व- सरयू नदी अयोध्या से होकर बहती है और इसे मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम से गहरे रूप में जोड़ा जाता है। रामायण में यह नदी केवल एक भौगोलिक धारा नहीं, बल्कि दिव्य मोक्ष का द्वार भी मानी जाती है। कहा जाता है कि श्रीराम ने अपने जीवन के अंतिम समय में सरयू नदी में जल समाधि ली थी और अपने दिव्य लोक में प्रस्थान किया था। कुछ कथाओं में उल्लेख मिलता है कि बाल्यकाल में रावण अयोध्या की धरती पर भी आया था। ऐसी मान्यता है कि रावण के पिता ऋषि विश्वश्रवा और उसकी माता कैकसी ने रावण के बाल्यकाल में उसे अयोध्या की यात्रा करवाई थी, जहां सरयू नदी के तट पर उसे वैदिक संस्कार सिखाए गए। सरयू के किनारे रावण ने अपनी प्रथम यज्ञ दीक्षा प्राप्त की थी। कुछ लोककथाओं के अनुसार, रावण जब भगवान शिव को प्रसन्न करने के लिए अपने तपस्या काल में अयोध्या आया, तब उसने सरयू नदी के तट पर विशेष रुद्राभिषेक किया था। कहते हैं कि सरयू का निर्मल जल शिव को अत्यंत प्रिय है और रावण ने इसी जल से भगवान शिव को स्नान कराया था। अयोध्या के समीप प्राचीन समय में रावण द्वारा स्थापित एक शिवलिंग की भी चर्चा मिलती है, हालांकि इसका ऐतिहासिक प्रमाण बहुत सीमित है। कुछ शोधकर्ता मानते हैं कि रावण ने सरयू के जल का प्रयोग शिव आराधना के लिए विशेष रूप से किया था, क्योंकि सरयू का जल 'मोक्षदायिनी' माना जाता है।

रावण के राम से युद्ध का आध्यात्मिक संकेत

रावण और राम का युद्ध केवल अच्छाई और बुराई का युद्ध नहीं था, बल्कि यह अहंकार और मर्यादा के बीच संघर्ष था। रावण जहां अद्भुत शक्ति का प्रतीक था, वहीं राम मर्यादा और धर्म का प्रतिरूप। इस युद्ध के बाद जब भगवान श्रीराम सरयू नदी में जल समाधि लेते हैं, तो मान्यता है कि यही सरयू रावण के समर्पण का भी साक्षी बनी थी। कुछ कथाओं के अनुसार, रावण की आत्मा ने मोक्ष की प्राप्ति के लिए श्रीराम से अंतिम समय में सरयू तट पर क्षमा याचना की थी, और प्रभु राम ने अपने करुणामय स्वभाव से उसे मुक्ति प्रदान कर दी थी। कहा जा सकता है रावण केवल एक खलनायक नहीं था, बल्कि वह भारतीय संस्कृति का एक जटिल और बहुपक्षीय पात्र था। उसकी विद्वता, भक्ति और साहस आज भी चर्चा का विषय हैं। सरयू नदी, जो श्रीराम की महत्ता की प्रतीक मानी जाती है, रावण के जीवन में भी एक अदृश्य आध्यात्मिक धारा के रूप में जुड़ी रही है। यह संबंध हमें यह सिखाता है कि भले ही पात्रों का संघर्ष कैसा भी हो, भारत की नदियां और धरोहरें सबका समान रूप से कल्याण करती हैं। कैलाश पर्वत के पास ही राक्षस ताल नामक झील भी स्थित है, जिसे नकारात्मक ऊर्जा का प्रतीक माना ज ाता है। झील का पानी अत्यंत निर्मल और मीठा होता है।

वैज्ञानिकों के अनुसार, मानसरोवर झील में अद्भुत चुंबकीय ऊर्जा पाई जाती है।

...आज का दिन...

मेष- अभीष्ट सिद्धि का प्रयास सार्थक, कठिनाइयों में कमी का एहसास, परिवार में शुभ कृत्य संपन्न, आत्मीयजनों से अपेक्षित सहयोग, भोग-विलासिता में रुझान।

वृषभ- शुभ भावनाओं के उदय से आत्मिक शांति, किसी योजना में सम्मिलित होने का सुयोग, धन की प्राप्ति, दूर या समीप की यात्रा का प्रसंग, चित्त प्रफुल्लित।

मिथुन- आर्थिक हानि, समस्याओं से परेशानी, दूर या समीप की यात्रा में असुविधा, मित्रों से मनमुटाव, मानसिक कष्ट, स्पष्टवादिता आपके लिए घातक।

कर्क- शारीरिक सुख की प्राप्ति, आहार-विहार में नवीनता, इच्छित पद की प्राप्ति में उपस्थित व्यवधान समाप्त, दर्शनीय स्थलों की यात्रा, बुद्धि का विकास।

सिंह- मनोरथपूर्ण होने को, आपसी सम्बन्धों में प्रगाढ़ता, वैवाहिक अड़चनें समाप्त, अध्यात्म के प्रति आस्था, मंगल आयोजन सम्पन्न, संभावित यात्रा सफल।

कन्या- बुद्धि चातुर्य से कार्यसिद्धि, वरिष्ठजनों की सलाह मान्य, किसी उत्सव में सम्मिलित होने का सुअवसर, स्वजनों से अपेक्षित सहयोग, विवाद का समापन।

तुला- समस्याओं से अशांति, परिस्थितियां भाग्य के प्रतिकूल, धन का अभाव, जरा-जरा सी बात पर क्रोध, मन दुविधामय, पठन-पाठन में अरुचि, अशांति भी।

वृश्चिक- योजना साकार होने की ओर, किसी के माध्यम से आर्थिक प्रगति, घरेलू वातावरण सुखद, दर्शनीय स्थलों की यात्रा, इच्छित पद की प्राप्ति, आनन्द की अनुभूति।

धनु- कुछेक समस्याओं का समाधान, समझदारी से लिया गया निर्णय हितकर, पारिवारिक कठिनाइयों में कमी, शिक्षा के क्षेत्र में सफलता, प्रसन्नता भी।

मकर- प्रियजनों से अनुकूल सहयोग, शारीरिक सुख की अनुभूति, सुपरिचितों से विचार-विनिमय, व्यापार में धन निवेश, श्रेष्ठजनों से सम्पर्क, अध्यात्म के प्रति आस्था।

कुम्भ- समस्याओं से उलझनें, आरोप-प्रत्यारोप की स्थिति, प्रतिष्ठा में कमी, दाम्पत्य जीवन कष्टकर, धन लाभ में कमी, शत्रु प्रभावी होने की दिशा में प्रयासरत।

मीन- पराक्रम में वृद्धि, प्रगति के लिए प्रयत्नशील, मान-सम्मानपरक कृत्य सम्पन्न, हर्षोल्लास का वातावरण, व्यापारिक क्षेत्र में पूर्ण सफलता, सुख-शांति।

-: श्री विमल जैन :-

हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न-परामर्शदाता, फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद् एस-2/1-76 ए, द्वितीय तल, वरदान भवन, आकांक्षा हास्पिटल के निकट, टैगोर टाउन एक्सटेंशन भोजूबीर, वाराणसी-221002 (उ0प्र0)- मो0:-09335414722

"सेवा को ही धर्म मानने वाले चकिया के वरिष्ठ चिकित्सक"

62 वर्षों से अनवरत कर रहे हैं मरीजों की सेवा, पूरा परिवार है चिकित्सा से जुड़ा

तरूणमित्र न्यूज

चकिया,चन्दौली। डॉक्टर दिवस के अवसर पर चकिया के एक ऐसे चिकित्सक का ज़िक्र ज़रूरी है जिनकी सेवा को शब्दों में बांधना कठिन है। हम बात कर रहे हैं चकिया में पिछले 62 वर्षों से चिकित्सा सेवा में संलग्न वरिष्ठ चिकित्सक की, जो आज भी पूरी निष्ठा से मरीजों का उपचार कर रहे हैं।

जहाँ अधिकांश लोग उम्र के इस पड़ाव में विश्राम चुनते हैं, वहीं ये डॉक्टर साहब आज भी सुबह से शाम तक मरीजों की सेवा में जुटे रहते हैं। न केवल चकिया बल्कि आसपास के गांवों से भी लोग इनसे इलाज कराने आते हैं। सबसे खास बात यह है कि उनका पूरा परिवार चिकित्सा सेवा में लगा हुआ है। उनकी बहु ENT स्पेशलिस्ट हैं, बड़े बेटे कबीरचौरा के मुख्य सर्जन है। छोटे बेटे चकिया स्थित आधुनिक सुविधाओं से युक्त "द्रविलोक अस्पताल" के एम.डी. हैं। उनकी बेटियाँ और बहुएँ भी डॉक्टर हैं। द्रविलोक हॉस्पिटल आज चकिया का एक प्रमुख निजी अस्पताल बन चुका है, जहाँ अल्ट्रासाउंड, पैथोलॉजी, X-ray, महिला स्वास्थ्य और आपातकालीन सुविधाएँ उपलब्ध हैं। जब इस वरिष्ठ डॉक्टर से पूछा गया कि वह अभी तक सेवा क्यों कर रहे हैं, तो उनका जवाब था। "जब तक साँसें चलती रहेंगी, सेवा करता रहूँगा। यही मेरा धर्म है।" राष्ट्रीय डॉक्टर दिवस के इस पावन अवसर पर चकिया की यह मेडिकल फैमिली समाज के लिए एक प्रेरणा बन चुकी है। तरूण मित्र परिवार इस अवसर पर इस महान परिवार को सलाम करता है और प्रशासन से अपील करता है कि ऐसे समर्पित चिकित्सक को "लाइफटाइम हेल्थकेयर एक्सीलेंस अवॉर्ड" से सम्मानित किया जाए।

दरबेशपुर में जनसुरक्षा कैंप आयोजित, ग्रामीणों को बीमा योजनाओं की दी जानकारी

तरूणमित्र न्यूज

चंदौली। डीएफएस के निर्देश पर मंगलवार को चकिया विकासखंड के दरबेशपुर गांव में जनसुरक्षा कैंप का आयोजन किया गया। कैंप की अध्यक्षता विजेंद्र कुमार, डीडीएम नाबार्ड ने की। इस मौके पर सहायक अग्रणी जिला प्रबंधक प्रजीत कुमार ने अधिकारियों व ग्रामीणों का स्वागत करते हुए शिविर का विधिवत शुभारंभ किया।

इस जनजागरूकता कार्यक्रम में डीडीएम नाबार्ड ने केंद्र सरकार द्वारा संचालित विभिन्न सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की जानकारी देते हुए ग्रामीणों को प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, और प्रधानमंत्री जनधन योजना से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि इन योजनाओं के माध्यम से आम नागरिक को जीवन बीमा, दुर्घटना बीमा और भविष्य की आर्थिक सुरक्षा प्रदान की जाती है।

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, मझवार शाखा के शाखा प्रबंधक राजीव रंजन ने ग्रामीणों को बैंक में बचत खाता खोलने और नियमित रूप से बचत करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि बैंकिंग व्यवस्था से जुड़कर ग्रामीण अपने स्वयं का रोजगार स्थापित कर सकते हैं, जिसके लिए बैंक द्वारा विभिन्न ऋण योजनाएं चलाई जा रही हैं।

ओडीओपी योजना के तहत चंदौली को 400 लाभार्थियों का लक्ष्य

तरूणमित्र न्यूज

चंदौली। प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी "एक जनपद एक उत्पाद (ODOP)" योजना के अंतर्गत वर्ष 2025-26 में दक्षता विकास, उद्यमिता प्रशिक्षण एवं टूलकिट वितरण के लिए चंदौली जनपद को 400 लाभार्थियों का लक्ष्य आवंटित किया गया है। यह जानकारी उपायुक्त उद्योग, जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केंद्र चंदौली द्वारा दी गई। उपायुक्त उद्योग ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार काला चावल एवं जरी-जरदोजी ट्रेड जैसे चंदौली के पारंपरिक उत्पादों से जुड़े हस्तशिल्पियों एवं उद्यमियों को इस योजना का सीधा लाभ मिल सकेगा। योजना के अंतर्गत चयनित लाभार्थियों को प्रशिक्षण के साथ-साथ टूलकिट भी प्रदान की जाएगी, जिससे वे अपने व्यवसाय को और सशक्त बना सकें। इच्छुक लाभार्थी 10 जुलाई 2025 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन हेतु वेबसाइट diupmsme.upsdc.gov.in पर जाकर संबंधित प्रपत्र भरने होंगे। यह योजना उन लोगों के लिए एक सुनहरा अवसर है, जो पारंपरिक कारीगरी, कृषि उत्पाद या स्थानीय व्यापार से जुड़े हैं और अपने कौशल को प्रशिक्षण व उपकरण की सहायता से आगे बढ़ाना चाहते हैं। अधिक जानकारी के लिए आवेदक जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केंद्र, चंदौली के कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं। विभागीय अधिकारियों ने पात्र लाभार्थियों से अपील की है कि वे निर्धारित तिथि से पूर्व आवेदन कर योजना का लाभ लें।

चकिया को मिला नया उपजिलाधिकारी, विनय कुमार मिश्रा ने संभाली कमान

विकास मित्तल का नौगढ़ तबादला, चंदौली में तीन एसडीएम इधर-उधर

तरूणमित्र न्यूज

चकिया (चंदौली)। चकिया तहसील को नया उपजिलाधिकारी मिल गया है। मंगलवार को जिलाधिकारी चन्द्रमोहन गर्ग द्वारा किए गए प्रशासनिक फेरबदल के तहत विनय कुमार मिश्रा को चकिया का नया स्ठरू नियुक्त किया गया है। वहीं, अब तक चकिया में तैनात विकास मित्तल का तबादला नौगढ़ तहसील के लिए कर दिया गया है।

प्रशासनिक बदलाव के तहत चंदौली जनपद में कुल तीन उपजिलाधिकारियों के कार्यक्षेत्र में फेरबदल हुआ है। चकिया को जहां नया स्ठरूमिला है, वहीं विजय कुमार त्रिवेदी को अतिरिक्त उपजिलाधिकारी चंदौली मुख्यालय बनाया गया है। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को अपने-अपने स्थान पर तत्काल कार्यभार ग्रहण कर, जनता से जुड़ी समस्याओं के समाधान हेतु कार्य करने का निर्देश दिया है। विनय कुमार मिश्रा की प्रशासनिक पृष्ठभूमि काफी सक्रिय रही है। वर्ष 2022 में प्रशासनिक सेवा में आए मिश्रा ने पहले असमोली विधानसभा में निर्वाचन अधिकारी के रूप में कार्य किया। इसके बाद वह स्ठरू संभल और फिर स्ठरू चंदौसी रहे। अपने पिछले कार्यकालों में उन्होंने अवैध अतिक्रमण के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की, जिसके लिए वे चर्चित रहे हैं। चंदौसी में कार्यरत रहते हुए उन्होंने सार्वजनिक स्थलों से अतिक्रमण हटवाया, संभल चौराहे का चौड़ीकरण कराया, और इस्लामनगर क्षेत्र में सरकारी जमीन पर बनी 14 दुकानों को ध्वस्त करवाया। मिश्रा के कार्यशैली में पारदर्शिता, दृढ़ता और जवाबदेही की झलक साफ दिखाई देती है।

चकिया जैसे सीमावर्ती और संवेदनशील क्षेत्र में उनकी नियुक्ति से स्थानीय नागरिकों में विकास और न्याय को लेकर नई उम्मीद जगी है। लोग उम्मीद कर रहे हैं कि नए स्ठरूमिश्रा के नेतृत्व में प्रशासनिक कार्य प्रणाली में पारदर्शिता आएगी और वर्षों से लंबित समस्याओं का समाधान तेज़ी से होगा।

खाद दुकानों में अनियमितता पर बड़ी कार्रवाई, दो दुकानों के लाइसेंस निलंबित

तरूणमित्र न्यूज

चंदौली। जिलाधिकारी चन्द्र मोहन गर्ग के निर्देश पर जनपद में उर्वरक दुकानों की सघन जांच अभियान के अंतर्गत जिला कृषि अधिकारी विनोद कुमार यादव ने 30 जून को खाद दुकानों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उचहरा क्षेत्र की दो दुकानों पर गंभीर अनियमितताएं पाए जाने के चलते तत्काल प्रभाव से उनके लाइसेंस निलंबित कर दिए गए।

निरीक्षण के दौरान मे0 हिमांशु खाद भण्डार, उचहरा के प्रतिष्ठान पर उर्वरक बिक्री हेतु आवश्यक प्राधिकार पत्र (लाइसेंस) उपलब्ध नहीं था। वहीं मे0 विकास खाद भण्डार, उचहरा ने रेट बोर्ड नहीं लगाया था और स्टॉक एवं बिक्री रजिस्टर भी निरीक्षण दल को प्रस्तुत नहीं कर सका। इन खामियों के कारण दोनों प्रतिष्ठानों की बिक्री तत्काल प्रभाव से प्रतिबंधित कर दी गई है। यदि संतोषजनक जवाब नहीं मिला तो आगे लाइसेंस निरस्तीकरण की कार्यवाही भी की जाएगी। इसी क्रम में मे0 गुप्ता इण्टरप्राइजेज एवं मे0 जायसवाल ट्रेडर्स, हेमितपुर का भी निरीक्षण किया गया। गुप्ता इंटरप्राइजेज से डीएपी एवं एसएसपी, तथा जायसवाल ट्रेडर्स से डीएपी और एनपीके के नमूने जांच हेतु लिए गए।

साथ ही वितरण रजिस्टर प्रस्तुत न करने पर जायसवाल ट्रेडर्स को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। जिला कृषि विभाग ने सभी उर्वरक विक्रेताओं को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि वे अपने प्रतिष्ठानों पर लाइसेंस, रेट बोर्ड, स्टॉक रजिस्टर और बिक्री रजिस्टर अद्यतन रखें, और निर्धारित दर पर ही उर्वरक बेचें। साथ ही बिना किसानों की सहमति के किसी अन्य उत्पाद की टैगिंग न की जाए। प्रशासन द्वारा यह सघन अभियान आगे भी जारी रहेगा।

सख्तीः परिवहन विभाग के चेकिंग अभियान में अनफिट चार स्कूल बसों का हुआ चालान

तरूणमित्र न्यूज

चंदौली। एआरटीओ डॉ सर्वेश गौतम ने बताया कि आज दिनांक 01.07.2025 को स्कूलों के बसों की जांच की गई, जिसमें 4 स्कूल बसों का चालान किया गया, विद्यालय बसों में 25 बिंदुओं पर जांच किया गया जिसमें फायर द्×tinguisher, फर्स्ट एड बॉक्स, बच्चों का सीट बेल्ट, विंडो रेलिंग, एस एल डी, कैमरा, ड्राइवर ड्रेस, अटेंडेंट ड्रेस, बस पर प्रबंधक/ प्रिंसिपल का मोबाइल नंबर इत्यादि की गहन चेकिंग की गई। साथ ही बसों के प्रपत्रों की जांच कर चालान किया गया। परिवहन विभाग के समस्त कर्मियों की ड्यूटी प्रत्येक स्कूल में लगाई गई है। सभी स्कूल की बसों की जांच करेंगे साथ ही ड्राइवर के लाइसेंस एवं चरित्र सत्यापन का स्थिति की डाटा प्रस्तुत करेंगे।

सभी स्कूल के वाहनों का एक डाटा बेस बनाया जाएगा जिसमें सभी प्रबंधकों/ प्रिंसिपल का नाम मोबाइल नंबर, वाहन नंबर, ड्राइवर का नाम, मोबाइल नंबर, डी एल नंबर, इत्यादि का विवरण रहेगा। दिनांक 01 जुलाई से 15 जुलाई तक यह अभियान चलेगा, साथ ही इस माह जिला विद्यालय परिवहन यान समिति की बैठक कराकर आवश्यक निर्देश जिलाधिकारी चन्द्र मोहन गर्ग द्वारा दिया जायेगा।

फर्जी नंबर प्लेट लगी स्कॉर्पियो से शराब तस्करी

तरूणमित्र न्यूज

डीडीयू नगर, चंदौली। जिले में अपराध और अवैध गतिविधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत सैयदराजा पुलिस को एक और बड़ी सफलता मिली है।

सोमवार की देर रात पुलिस टीम ने चेकिंग के दौरान एक फर्जी नंबर प्लेट लगी सफेद स्कॉर्पियो से 43 पेटी में भरी 387 लीटर (कुल 1935 पाउच) अवैध अंग्रेजी शराब बरामद की। बरामद शराब की अनुमानित बाजार कीमत करीब 1.5 लाख रूपए आंकी गई है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक आदित्य लांग्हे के निर्देशन और अपर पुलिस अधीक्षक अनंत चंद्रशेखर (IPS) एवं क्षेत्राधिकारी सदर देवेन्द्र कुमार के पर्यवेक्षण में की गई। सूचना के आधार पर प्रभारी निरीक्षक सैयदराजा, विन्देश्वर प्रसाद पाण्डेय और उनकी टीम ने जेठमलपुर तिराहा, NH-2 पर बेरिकेडिंग कर वाहनों की जांच शुरू की। इस दौरान एक सफेद स्कॉर्पियो (नंबर प्लेट- यूपी 617220) को रोकने की कोशिश की गई, लेकिन चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। जब पुलिस ने स्कॉर्पियो की तलाशी ली, तो उसमें 43 पेटियों में 45-45 पाउच (प्रत्येक 200 एमएल) की अंग्रेजी शराब ब्लू लाइम बरामद हुई। जांच में सामने आया कि स्कॉर्पियो पर लगी नंबर प्लेट फर्जी है।

असली चेचिस नंबर (MA1T 2HANA2F48410) और इंजन नंबर (HAA4F33885) के आधार पर वाहन का पंजीकरण झारखंड राज्य के अंकित कुमार साहू के नाम पर पाया गया।

श्रावण माह की कांवड़ यात्रा को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए पुलिस कमिश्नर मोहित अग्रवाल का लगातार दौरा जारी

तरुणमित्र न्यूज

वाराणसी। पुलिस आयुक्त मोहित अग्रवाल ने श्रावण माह की कांवड़ यात्रा को सकुशल सम्पन्न कराने, शान्ति व सुरक्षा व्यवस्था को अक्षुण्य व सुदृढ़ बनाये रखने तथा कांवड़ यात्रियों को किसी भी प्रकार की असुविधा ना हो, के दृष्टिगत कांवड़ मार्गों का निरीक्षण करते हुए कांवड़ यात्रा को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु की जा रही तैयारियों का जायजा लिया।

इस दौरान कांवड़ियों के लिए की जा रही सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरों की व्यवस्था, विद्युत पोल एवं तारों की स्थिति, नीचे रखे ट्रांसफार्मरों की बैरिकेटिंग, यातायात व्यवस्था, ट्रैफिक डायवर्जन प्वाइंट, कांवड़ शिविरों एवं वाहन पार्किंग हेतु चिन्हित स्थान, बैरिकेटिंग व्यवस्था, कांवड़ मार्ग पर लगाये जा रहे चेतावनी/सांकेतिक बोर्ड एवं मेडिकल कैम्प हेतु चिन्हित स्थानों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान अपर पुलिस आयुक्त (कानून-व्यवस्था एवं मुख्यालय) शिवहरी मीणा, पुलिस उपायुक्त (वरुणा) प्रमोद कुमार, पुलिस उपायुक्त (गोमती) आकाश पटेल व अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण मौजूद रहे।

पुलिस कमिश्नर मोहित अग्रवाल कांवड़ यात्रा को सकुशल संपन्न करने के लिए अधीनस्थों संग निरीक्षण कर उन्हें आवश्यक दिशा निर्देश जारी करते हुए

सम्पूर्णानंद विश्वविद्यालय में प्रवेश प्रक्रिया और उपस्थिति नियमों के सम्बन्ध में महत्वपूर्ण निर्णय : कुलसचिव राकेश कुमार

तरुणमित्र न्यूज

वाराणसी। सम्पूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलसचिव राकेश कुमार ने बताया कि सत्र 2025-26 वर्षीय प्रवेश के सम्बन्ध में प्रवेश-समिति के द्वारा प्रवेश प्रक्रिया और उपस्थिति नियमों के सम्बन्ध में महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए विश्वविद्यालय ने छात्रों की उपस्थिति पंजिका की जांच की जाएगी।

कुलसचिव राकेश कुमार ने बताया कि समस्त विभागाध्यक्षों द्वारा छात्र उपस्थिति पंजिका की प्रमाणित (प्रतिशत के साथ) प्रति माह के प्रथम 05 कार्यदिवसों में सम्बन्धित संकायाध्यक्षों को उपलब्ध कराई जायेगी। उपस्थिति पत्रों की प्रतियाँ विभागाध्यक्षों/ संकायाध्यक्षों के पास सुरक्षित रखी जायेगी। विभाग द्वारा प्रतिमाह कक्षावार उपस्थिति सार्वजनिक की जायेगी। समस्त संकायाध्यक्षों द्वारा समस्त उपस्थिति पंजिकाओं की एक प्रमाणित छायाप्रति विभागाध्यक्षों द्वारा छात्रकल्याण संकायाध्यक्ष को उपलब्ध कराई जायेगी। छात्रकल्याण संकायाध्यक्ष द्वारा कुलपति को उपस्थिति के सम्बन्ध में समय-समय पर अवगत कराया जायेगा। जिन छात्र/छात्राओं की उपस्थिति 75 प्रतिशत से कम होगी उन्हें परीक्षा से वंचित करने पर विचार किया जायेगा। जिन छात्र/छात्राओं की उपस्थिति कम होगी उनके घर विभागों द्वारा अभिभावकों को ई-मेल या दूरभाष द्वारा सूचित किया जायेगा।

राकेश कुमार

शास्त्री प्रथम/आचार्य प्रथम वर्ष सत्र 2025-26 के प्रवेश आवेदन पत्र 10 जुलाई 2025 से पूरित कराय जायेंगे। शास्त्री प्रथम/आचार्य प्रथम वर्ष सत्र 2025-26 के प्रवेश की काउंसलिंग दिनांक 15 जुलाई से करा जायेगी। सत्र 2026-27 से विश्वविद्यालय द्वारा प्रवेश आदि समस्त प्रक्रिया स्वयं से विकसित/क्रय किये गये पोर्टल के माध्यम से कराई जाये छात्रावासीय छात्रों की उपस्थिति कम होने पर उनका छात्रावास सुविधा निरस्त कर दिया जायेगा। छात्रावास आवण्टन नीति का प्रपत्र विश्वविद्यालय की वेब साइट पर अपलोड किया जाये। सभी विभाग अपने-अपने विभाग में तार्किक आधार पर कितने अध्यापकों की आवश्यकता है, उपलब्ध करायेंगे। इस तरह का आदेश निर्गत किया जाये। समस्त अतिथि अध्यापकों को बायोमैट्रिक के साथ-साथ विभाग के उपस्थिति रजिस्टर पर भी हस्ताक्षर के साथ समय अंकित करना अनिवार्य किया जाये। अवकाश आदि के आवेदन विभागाध्यक्ष द्वारा अग्रसारित किया जायेगा, जिसपर संकायाध्यक्ष की संस्तुति प्राप्त होने पर आवेदन की कार्यवाही पूर्ण मानी जायेगी।

12 सैनिटरी पैड वेंडिंग मशीन व 12 इंसीनरेटर मशीन लगाने का कार्य कैंट स्टेशन पर हुआ प्रारम्भ

तरुणमित्र न्यूज

वाराणसी। कैंट रेलवे स्टेशन के डायरेक्टर अर्पित गुप्ता ने मंगलवार को खबर जारी कर बताया कि महिला स्वास्थ्य तथा सशक्तिकरण की ओर एक सकारात्मक कदम बढ़ाते हुए वाराणसी जंक्शन स्टेशन पर भारतीय स्टेट बैंक के क्षेत्रीय कार्यालय के सौजन्य से सी.एस.आर के तहत प्राप्त 12 सैनिटरी पैड वेंडिंग मशीन और उपयोग में आए पैड को सुरक्षित ढंग से निस्तारण के लिए 12 इंसीनरेटर मशीनों को लगाने का कार्य प्रारंभ किया गया है।

स्टेशन डायरेक्टर अर्पित गुप्ता के साथ मौजूद भारतीय स्टेट बैंक के सभी अफसर गण

पैड मशीन पूर्णतः स्वचालित है एवं एक पैड की कीमत पांच रुपए है जिसे वहां मशीन पर सिक्का डाल कर लिया जा सकता है।यह मशीनें वाराणसी जंक्शन पर चिन्हित 12 महिला शौचालयों पर लगाई जा रही हैं जिस से की स्टेशन के हर भाग में आने वाली महिला यात्रियों को यह सुविधा उपलब्ध हो। इन मशीनों को टीटीई रेस्ट रूम तथा गार्ड/लोको पायलट रनिंग रूम में भी लगवाया जा रहा है ताकि वहां पर कार्यरत महिला कर्मचारी भी इनका उपयोग कर अपनी ड्यूटी सुगमतापूर्वक कर सकें। इस दौरान स्टेशन निदेशक अर्पित गुप्ता के साथ भारतीय स्टेट बैंक से उप महाप्रबंधक संजीव कुमार, क्षेत्रीय प्रबंधक सुधांशु श्रीवास्तव, मुख्य प्रबंधक आशीष मिश्रा एवं प्रबंधक वी पी गोस्वामी मौजूद रहे। महिला कर्मचारियों में अनिता सिंह, दिप्ती श्रीवास्तव, मीरा कुमारी, रिंकी सिंह, मनीषा केशरी, सुकृति मनीषी, रेनू सिंह, स्नेहलता मौजूद रहीं।

प्रो के.के. सिंह पुनः बने काशी विद्यापीठ के कुलानुशासक, शुभचिंतकों ने दी बधाई

तरुणमित्र न्यूज

वाराणसी। महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ में समाजकार्य विभाग के प्रो कृष्ण कुमार सिंह (वर्तमान कुलानुशासक) को पुनः कुलानुशासक बनाया गया। कुलसचिव डा. सुनीता पाण्डेय ने बताया कि कुलपति प्रो. आनन्द कुमार त्यागी के आदेशानुसार प्रो. सिंह को 01 जुलाई से अगले एक साल के लिए पुनः कुलानुशासक बनाया गया है। कुलसचिव ने बताया कि शिक्षाशास्त्र विभाग के प्रो रमाकांत सिंह एवं दर्शनशास्त्र विभाग के डा. अम्बरीश राय को एक साल या अगले आदेश तक के लिए अतिरिक्त कुलानुशासक बनाया गया है। प्रोफेसर के.के सिंह के पुनः महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ का कुलानुशासक बनने पर उनके शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई दी है।

प्रो. के.के सिंह

प्रो कृष्ण कुमार सिंह का परिचय.......

समाज कार्य विभाग, महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ, वाराणसी के समन्वयक, राष्ट्रीय सेवा योजना, संकायाध्यक्ष, छात्र कल्याण संकाय, समन्वयक, प्रवेश सेल 2023/24 ,सदस्य आई, क्यू ए सी आदि महत्वपूर्ण पदों पर अपना योगदान दे चुके है।वर्तमान में चीफ प्रॉक्टर, महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ, निदेशक, पंडित दीनदयाल उपाध्याय शोधपीठ, एवं जिला मुख्य आयुक्त, रोवर्स /रेंजर्स महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ वाराणसी के पद पर दायित्व का निर्वहन कर रहे है।

नगर निगम द्वारा आवंटित गुमटी दुकानदार शिफ्ट होगें टाउनहाल शापिंग काम्पलैक्स में

तरुणमित्र न्यूज

वाराणसी। नगर निगम के जनसंपर्क अधिकारी संदीप श्रीवास्तव ने मंगलवार को खबर जारी कर बताया कि मैदागिन क्षेत्र में नगर निगम द्वारा आवंटित 40 गुमटी दुकानदारों को टाउनहाल शापिंग काम्पलैक्स में शिफ्ट किया जायेगा, इस आशय का निर्देश नगर आयुक्त अक्षत वर्मा के द्वारा दिया गया है। मैदागिन क्षेत्र में अत्यधिक भीड़ होने तथा आवागमन में व्यवधान उत्पन्न होने के कारण स्थायी समाधान हेतु टाउनहाल शापिंग काम्पलैक्स का निर्माण कराया गया था, जिसमें कुल 58 दुकाने निर्मित हैं, जिसमें वर्तमान समय 46 दुकाने रिक्त हैं। नगर निगम प्रशासन के द्वारा मैदागिन क्षेत्र में पूर्व में 40 दुकानदारों को गुमटिया आवंटित की गयी थी, वर्तमान समय इस क्षेत्र में अत्यधिक भीड़ भाड़ होने के कारण इन सभी दुकानदारों को टाउनहाल शापिंग काम्पलैक्स में शिफ्ट किया जाना है, इस हेतु सभी गुमटी दुकानदारों से आवेदन प्राप्त कर लिया गया है। नगर निगम प्रशासन के द्वारा दुकानों के आवंटन हेतु दिनांक-4 जुलाई को लाटरी करायी जायेगी तथा दिनांक-5 जुलाई को सभी दुकानदारों को लाटरी के माध्यम से आवंटित दुकानों एवं निर्धारित किराये पर उस दुकान में शिफ्ट करा दिया जायेगा।

पीआरओ नगर निगम संदीप श्रीवास्तव

एनडीआरएफ ने मीर घाट पर डूबते युवक की बचाई जान

तरुणमित्र न्यूज

वाराणसी। गंगा तट पर तैनात 11वीं वाहिनी, एनडीआरएफ की टीम वाराणसी के विभिन्न घाटों पर नियमित रूप से पिकेट ड्यूटी एवं जल गश्ती कार्य में संलग्न है। इसी क्रम में, मीर घाट के समीप आज एक युवक स्नान करते समय अचानक गहरे पानी में चला गया और डूबने की स्थिति में पहुँच गया।घटना को देखते ही पिकेट ड्यूटी पर तैनात एनडीआरएफ के सतर्क और प्रशिक्षित बचावकर्मियों ने बिना किसी विलंब के त्वरित कार्रवाई करते हुए नदी में छलांग लगाई। उन्नत बचाव तकनीकों और साहसिक प्रयासों के बल पर युवक को सुरक्षित बाहर निकाला गया। प्राथमिक उपचार प्रदान करने के पश्चात उसकी पहचान आयुष सिंह, निवासी नंद नगर, गोरखपुर (उत्तर प्रदेश) के रूप में हुई।उप महानिरीक्षक मनोज कुमार शर्मा के कुशल मार्गदर्शन में, 11वीं वाहिनी, एनडीआरएफ, वाराणसी की टीम गंगा घाटों पर सतत सजगता, अनुशासन और पूर्ण समर्पण के साथ तैनात है, जो हर आपातकालीन परिस्थिति से निपटने हेतु सदैव तत्पर एवं उपलब्ध रहती है।

एनडीआरएफ के जवानों ने बचाई युवक की जान

काशी विद्यापीठ के 26 तृतीय श्रेणी कर्मचारियों की हुई पदोन्नति

पदोन्नति पाने वाले कर्मचारी विश्विद्यालय की कुलसचिव डॉ सुनीता पांडेय से शिष्टाचार भेंट करते हुए

तरुणमित्र न्यूज

वाराणसी। महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ में मंगलवार को 26 तृतीय श्रेणी कर्मचारियों की पदोन्नति हुई। कुलसचिव डॉ. सुनीता पाण्डेय ने बताया कि तृतीय श्रेणी कर्मचारियों के सन्दर्भ में अध्यादेश में दी गई व्यवस्थानुसार गठित प्रोन्नति समिति की संस्तुतियों के क्रम में कुलपति प्रो आनन्द कुमार त्यागी के आदेशानुसार 26 तृतीय श्रेणी कर्मचारियों की पदोन्नति की गई है। कुलसचिव ने बताया कि उमाकांत वर्मा, राजनाथ पाल, हेमन्त कुमार मिश्र, जय प्रकाश, सत्येन्द्र राम त्रिपाठी, पृथ्वीनाथ शर्मा, अरविन्द कुमार सिंह, देवेन्द्र प्रसाद शर्मा, अशोक कुमार सिंह एवं रवि प्रकाश सिंह की अधीक्षक पद प्रोन्नति हुई। वहीं, पुरुषोत्तम मिश्र, श्रीचन्द यादव, प्रतीक सिंह, संदीप कुमार मिश्र, शिशुपाल सिंह, उमेश कुमार, अनिता कुमारी, शिवजी भारद्वाज, चन्दन कुमार प्रजापति, धनन्जय कुमार, संदीप कुमार सिंह, तुषार पाण्डेय, सूर्या प्रकाश, अनिरूद्ध पाण्डेय, आकांक्षा सिंह एवं मुकेश झा पदोन्नति हो वरिष्ठ सहायक बने।

काशी विद्यापीठ मनोविज्ञान विभाग के विद्यार्थी इंटर्नशिप के लिए दुर्ग, छत्तीसगढ़ रवाना

कैंट रेलवे स्टेशन से अपने गंतव्य के लिए रवाना होते महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ मनोविज्ञान विभाग के अध्यापकगण व छात्र-छात्राएं

तरुणमित्र न्यूज

वाराणसी। मनोविज्ञान विभाग, महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ में संचालित पी.जी. डिप्लोमा इन साइकोथेरेपी, काउंसलिंग एंड गाइडेंस पाठ्यक्रम के विद्यार्थी एक माह की इंटर्नशिप के लिए मंगलवार को सेंट्रल इंडिया इंस्टीट्यूट ऑफ मेंटल हेल्थ एंड न्यूरो साइंसेज (सीआईआईएमएचएएनएस) दुर्ग, छत्तीसगढ़ के लिए रवाना हुए।

इस मौके पर विभागाध्यक्ष प्रो. शेफाली वर्मा ठकराल, डा. मुकेश कुमार पंथ, डा. पूर्णिमा श्रीवास्तव एवं डा. अभिषेक मिश्रा ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं और उन्हें मानसिक स्वास्थ्य के क्षेत्र में व्यावहारिक अनुभव अर्जित करने के लिए प्रेरित किया। प्रो. ठकराल ने कहा कि इस इंटर्नशिप का उद्देश्य छात्र- छात्राओं को व्यवहारिक ज्ञान से जोड़ना और उन्हें काउंसलिंग तथा साइकोथेरेपी के वास्तविक परिदृश्य से परिचित कराना है।

भाजपा नेता ने किया पौधरोपण

पौधरोपण करते भाजपाई।

मड़ियाहूं। तहसील क्षेत्र के ग्राम सभा बेलगहन में भाजपा के वरिष्ठ नेता पूर्व जिलाध्यक्ष सुशील कुमार उपाध्याय ने एक वृक्ष मां के नाम कार्यक्रम के तहत वृक्षारोपण किया। ग्राम सभा के भाजपा कार्यकर्ता आदेश सिंह के आवास पर पूर्व जिलाध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं संग बैठक कर लोगों को पर्यावरण को संरक्षित करने के लिए जागरूक किया। उन्होंने कहा कि आज बृक्ष का होना जीवन के लिए अत्यंत आवश्यक है। इससे वर्षा होगी, तापमान में कमी आयेगी और लोगो का जीवन स्तर में भी परिवर्तन आयेगा, इसलिए सभी लोग धरा को हरा भरा रखने के लिए अधिक से अधिक बृक्ष लगाएं तथा उन्होंने वहां पर स्वयं बृक्ष का रोपण कर इस दिशा में कदम उठाए।इस अवसर पर भाजपा नेता पं राज कृष्ण शर्मा, आदेश सिंह, अर्जुन सिंह, कोटेदार संघ के ब्लाक अध्यक्ष अरविंद सिंह, संतोष शुक्ला, सहित तमाम लोग उपस्थित थे।

सपाइयों ने केक काटकर मनाया अखिलेश यादव का जन्मदिन

खेतासराय। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का 52वां जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया। खेतासराय थाना क्षेत्र के जमदहा में केक काटकर सपाईयों ने एक दूसरे को केक खिलाया और लम्बी उम्र की कामना की। समाजवादी पार्टी के सेक्टर अध्यक्ष अशोक कुमार यादव के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में लोगों ने एक दूसरे को केक खिलाया। इसके साथ ही अखिलेश यादव की लंबी उम्र की कामना की। श्री यादव ने कहा कि अखिलेश यादव ने पीडीए का गठन करके समाज के लोगों को एकजुट करने का काम किया है। वहीं पूर्व प्रधान मोहम्मद साकिब खान ने कहा कि समाजवादी पार्टी समाज के सभी लोगों को उत्थान चाहती है। जिसके मुखिया अखिलेश यादव नवयुवकों को सही रास्ता दिखाया है। इस मौके पर सेक्टर अध्यक्ष अशोक कुमार यादव, पूर्व प्रधान मोहम्मद साकिब खान, प्रधान भीम यादव, राजेंद्र यादव सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

जमीनी विवाद में जमकर चले लाठी-डंडे

थानागद्दी। केराकत कोतवाली क्षेत्र बिसुई बराई गांव में सोमवार की शाम जमीनी विवाद मे दो पक्षो मे जमकर मारपीट का वीडियो सोशल मिडिया पर तेजी से प्रसारित होने लगा।मारपीट मे घायल दोनों पक्षो को पुलिस ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र केराकत में इलाज के पश्चात् मेडिकल मुआयना करवा कर दोनों पक्षो के मिलाकर दस लोगों को जेल भेज दिया।

बिसुई गांव में आबादी की जमीन को लेकर दो पक्ष मे विवाद काफ़ी दिनों से चल रहा जो मामला न्यायलय मे भी चल रहा हैं। सोमवार कि शाम दोनों पक्ष जमीन को लेकर विवाद कर लिये और गाली गलौज मारपीट मे बदल गया। दोनों तरफ से एक दूसरे पक्ष को लाठी डंडे से बेरहमी से मरते पीटते रहे जिसका वीडियो सोशल मिडिया पर तेजी से प्रसारित होने लगा। मामले मे एक पक्ष के प्रियांशु शुक्ला, शिवम् शुक्ला, सुभाष शुक्ला, सुषमा शुक्ला, जाग्रति पाठक और दूसरे पक्ष के दिलीप शुक्ला, कैलाश नाथ शुक्ला, अन्नू तिवारी, बबिता शुक्ला, सरस्वती शुक्ला घायल हो गये। मिली सुचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षो के घायलों को केराकत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र केराकत भेजवाया था। चौकी प्रभारी आशुतोष कुमार गुप्ता ने बताया कि दोनों पक्षो के बीच बहुत पुराना जमीनी विवाद चल रहा हैं मामला न्यायलय मे भी चल रहा हैं यथास्थित के बावजूद दोनो पक्ष आये दिन विवाद करते रहते हैं। घटना के दिन सुबह मे हलके फूलके विवाद को लेकर केराकत कोतवाली मे दोनों पक्षो मे सुलह समझौता भी हुआ था उसके बाद शाम मे दोनों पक्ष मारपीट कर लिये। पुलिस ने दोनों पक्षो के खिलाफ मुकदमा लिखकर दस लोगो को जेल भेज दिया।

बिजली गिरने से धान की रोपाई कर रहीं चार महिलाएं झुलसीं

खेतासराय। स्थानीय थाना क्षेत्र के कलापुर गांव में मंगलवार दोपहर को एक दुर्भाग्यपूर्ण घटना सामने आई। धान की रोपाई के दौरान आकाशीय बिजली गिरने से चार महिलाएं झुलस गईं। सभी को परिजनों ने तुरंत खेतासराय के निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां डॉक्टरों ने उनकी हालत खतरे से बाहर बताई है। जानकारी के अनुसार कलापुर निवासी गीता (48) पत्नी सोहन राजभर, विमला (52) पत्नी रामअचल राजभर, उनकी बेटी उमा (18) और रामपत्ती (50) पत्नी मोहन राजभर पहलमापुर गांव के एक खेत में धान की रोपाई कर रही थीं। दोपहर करीब तीन बजे अचानक तेज बारिश के साथ बादलों की गड़गड़ाहट शुरू हुई। इसी दौरान तेज आवाज के साथ आकाशीय बिजली खेत में गिरी। बिजली गिरते ही सभी महिलाएं मौके पर झुलसकर गिर पड़ीं। परिजन और गांव के लोग मौके पर पहुंचे और किसी तरह चारों को सुरक्षित बाहर निकालकर अस्पताल ले गए। डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार कर भर्ती कर लिया।

डॉक्टरों के अनुसार झुलसीं महिलाओं को आंशिक बेहोशी और शरीर में जलन की शिकायत थी। प्राथमिक इलाज के बाद हालत में सुधार है। गांव के लोगों ने बताया कि बरसात के मौसम में बिजली गिरने की घटनाएं पहले भी हुई हैं, लेकिन एक साथ चार महिलाओं के झुलसने का यह पहला मामला है।

सार्वजनिक कुएं पर अतिक्रमण को लेकर दो पक्ष आमने-सामने, पुलिस ने कराया शांत

बाजारवासियों ने जताया विरोध, अधिशासी अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

तरुणमित्र न्यूज

केराकत। केराकत नगर के गोला वार्ड स्थित ऐतिहासिक सार्वजनिक कुएं पर एक सर्राफा व्यवसायी द्वारा किए जा रहे अवैध निर्माण को लेकर मंगलवार को दो पक्ष आमने-सामने आ गए।

इसको लेकर घंटों अफरातफरी का माहौल बना रहा। सूचना पर पहुंची पुलिस ने लोगों को शांत कराते हुए निर्माण कार्य रुकवाया और प्याऊ लगवाने का आश्वासन दिया। जानकारी के अनुसार सर्राफा व्यवसायी वृजलाल कसौधन ने वर्षों पुराने सार्वजनिक कुएं की चरखी हटाकर उस पर लोहे की जाली लगा दी, जिससे वहां जल आपूर्ति प्रभावित हो गई। स्थानीय लोगों ने इसका विरोध किया, जिसके बाद विवाद बढ़ गया और बाजार में तनाव की स्थिति बन गई। दोनों पक्षों के सैकड़ों लोग आमने-सामने आ गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित किया और विवाद को बढ़ने से रोका। नागरिकों ने इस पर नाराजगी जताते हुए अधिशासी अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर निर्माण पर रोक लगाने व कुएं के संरक्षण की मांग की। कोतवाली प्रभारी अवनीश कुमार राय ने बताया कि मामला संज्ञान में है, दोनों पक्षों को समझा दिया गया है। नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि उक्त कुआं न केवल ऐतिहासिक है, बल्कि धार्मिक और सामाजिक दृष्टिकोण से भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। ऐसे में प्रशासन से इसकी सुरक्षा व वैकल्पिक जल व्यवस्था की मांग की गई है।

बाइक से घर जा रहे युवक का मोबाइल छीनकर भागे बदमाश

पंगुलबाबा आश्रम नहर के समीप बदमाशों ने दिया घटना को अंजाम

मीरगंज। क्षेत्र के करियांव मीरगंज बाजार के उत्तर तरफ से होकर गुजरने वाली शारदा सहायक खंड 39 नहर के बगल पंगुलबाबा आश्रम के समीप बाइक से घर जा रहे युवक से बाइक सवार बदमाशों ने युवक को धक्का देकर उसका बैग व मोबाइल छीनकर भाग गए। बदमाशों के कोप भाजन से बचकर पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर शिकायत दर्ज कराई है।

सोमवार की देर शाम भिदुना गांव के सेनापुर पुरवे निवासी सुखराम विश्वकर्मा वक्रांगी संचालक है। बीती देर शाम को करीब पौने आठ बजे के आसपास वह अपनी बाइक से घर जा रहा था। इस बीच वह नहर के पास स्थित पंगुलबाबा आश्रम के पास जैसे ही पहुचा था कि पहले से घात लगाए बाइक सवार मनबढ़ बदमाशों ने उसके बाइक के सामने अपनी बाइक तिरछा कर खड़ा कर दिया। जब तक पीड़ित कुछ समझ पाता कि बदमाशों ने उसे धक्का देकर सड़क के बगल धकेल दिया। जिससे वह अनियंत्रित होकर गिर गया। बदमाश गाड़ी से बैग लेकर बिलरा की तरफ फरार हो गए।किसी तरह पीड़ित उठकर पुलिस को सूचना दिया। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस आवश्यक जांच पड़ताल करते हुए बदमाशों को खोजबीन करने में जुट गई है। इस संबंध में थानाध्यक्ष मीरगंज विनोद कुमार अंचल ने बताया कि पीड़ित का मोबाइल छीनकर बदमाश फरार हो गए। आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

रिटायर होमगार्ड जवान को दी गयी भावभिनी विदाई

तरुणमित्र न्यूज

केराकत। होमगार्ड कंपनी केराकत के दो जवानो के रिटायर होने पर साथी जवानों ने उन्हें भावभिनी विदाई दिया। गौरतलब है कि रिटायर हुए जवान राजदेव यादव और इंदु प्रकाश अपनी नौकरी को ससम्मान पूरा करके रिटायर हो गए। विदाई समारोह कार्यक्रम के अवसर पर थाना कोतवाली परिसर में प्रभारी निरीक्षक अवनीश कुमार राय, कंपनी प्रभारी संतोष यादव, ब्लॉक ऑर्गेनाइजर अजय कुमार सिंह व रनर योगेंद्र तिवारी समेत होमगार्ड कंपनी के समस्त जवान मौजूद रहे।

विधान सभा अध्यक्ष के नेतृत्व में मनाया गया सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष का जन्मोत्सव

मड़ियाहूं। मड़ियाहूं तहसील क्षेत्र के शिवपुर स्थित एस जे एकेडमी के प्रांगण में विधान सभा अध्यक्ष रामू मौर्य के नेतृत्व में समाजवादी पार्टी के मुखिया माननीय अखिलेश यादव की 52वी जन्मोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया वहीं पर विधानसभा अध्यक्ष द्वारा बताया गया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष के निर्देशानुसार सभी कार्यकर्ताओं को क्षेत्र में जाकर पीडीए तर्ज पर सभी जनमानस से मिलकर उनकी छोटी से छोटी समस्याओं को ही सुनकर शासनिक एवं प्रशासनिक तरीके से उनकी समस्याओं का निराकरण करने की पूरी कोशिश करें और पर्यावरण को ध्यान में रखते हुए ज्यादा से ज्यादा वृक्षारोपण करवाये जिला सचिव कैलाश नाथ यादव जिला सचिव मंजूर हसन जिला सचिव राजदेव पाल महासचिव राजेश यादव ब्लॉक अध्यक्ष रामपुर प्रदीप यादव ब्लॉक अध्यक्ष रामनगर जयसिंह यादव जितेंद्र गौतम बीआरजी प्रबंधक पॉलिटेक्निक ब्लॉक अध्यक्ष मड़ियाहूं रामधनी यादव जिला सचिव गामा प्रसाद सोनकर दया यादव अवधेश वरिष्ठ समाज सेवी निर्भय पटेल यादव लुकमान खान नैना पटेल डॉ अनिल यादव लालाजी पटेल वीरेंद्र यादव फूलचंद यादव भुआल मौर्या ओमकार यादव नीरज यादव सुरेश यादव दीपक यादव सोनू यादव चंद्रभान यादव धर्मराज यादव अनीश अहमद डा. अखिलेश कन्नौजिया सेक्टर प्रभारी वीरेंद्र यादव आदि लोग समाजवादी नेता एवं समर्थन मौजूद रहे।

अखिलेश यादव का जन्मदिन मनाते सपाई।

गरीबों के लिए नि:स्वार्थ भाव से काम करने के लिए जानी जाती हैं डा. शिवांगी

वाराणसी। डॉक्टर शिवांगी सिंह, एक प्रसिद्ध स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ, बनारस हिन्दू यूनिवर्सिटी की रेजीडेंट डॉक्टर हैं। वह गरीबों के लिए नि:स्वार्थ भाव से काम करने के लिए जानी जाती हैं। उनका मानना है कि चिकित्सकों को मरीजों के साथ सहानुभूतिपूर्ण व्यवहार करना चाहिए और उनके इलाज में सुधार के लिए प्रयास करना चाहिए। आज के युग में, जहां डॉक्टरों की मानसिकता अक्सर सिर्फ पैसा कमाने पर केंद्रित होती है, डा. शिवांगी सिंह एक अलग दृष्टिकोण प्रस्तुत करती हैं। वह अपने काम में दयालुता और सहयोग को महत्व देती हैं और गरीबों के लिए निशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए तैयार रहती हैं।

डा. शिवांगी सिंह।

मैनेटरिंग भारत के अधिष्ठाता अमित परमार ने डा. शिवांगी सिंह से उनके चिकित्सालय में मुलाकात की और मैनेटरिंग भारत की योजनाओं के बारे में चर्चा की। उन्होंने डा. शिवांगी सिंह से ग्रामीण क्षेत्रों में नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविरों में भाग लेने का अनुरोध किया, जिसे डा. शिवांगी सिंह ने स्वीकार किया। डा. शिवांगी सिंह की कहानी हमें दिखाती है कि कैसे एक डॉक्टर अपने काम में निस्वार्थ भाव से काम कर सकती है और समाज के लिए एक सकारात्मक प्रभाव डाल सकती है। नैशनल डॉक्टर-डे के शुभ अवसर पर और समय समय पर फ्री ओपीडी की पहल आप करते रहते है।

संविदा लाइन मैंनों ने किया कार्य बहिष्कार, आपूर्ति चरमराई

मछलीशहर। विद्युत केंद्र में कार्यरत संविदा लाइन मैंन वेतन भुगतान का वादा पूरा नहीं होने पर कार्य बहिष्कार कर अनशन पर बैठे हैं। कर्मचारियों के कार्य बहिष्कार करने से विद्युत आपूर्ति व्यवस्था चरमरा चुकी है। तीन माह से वेतन भुगतान नहीं होंने से अजीज आकर संविदा लाइन मैंन 25 जून को हड़ताल पर चले गए थे। बिजली विभाग के अधिकारियों से शाम को वार्ता हुई जिसमें अगले दिन ही एक माह का तथा एक सप्ताह में शेष वेतन भुगतान करने का वादा किया गया था। कर्मचारी काम पर वापस लौट गए किंतु एक भी महीने का वेतन भुगतान नहीं किया गया।

अनशन पर बैठे लाइनमैन।

जिससे नाराज होकर मंगलवार को कार्य बहिष्कार कर दिया गया है। कर्मचारियों के कार्य बहिष्कार करने के कारण मथुरा फीडर सोमवार की रात से ही बंद है तो बरईपार फीडर पर थोड़ी दूर तक दो फेज लाइन चल रही है। बरईपार बाजार से आगे बरजी तक विद्युत आपूर्ति बाधित होने की जानकारी ग्रामीणों ने दी है। मामले में बिजली विभाग के एसडीओ आदित्य मारकंडेय का कहना है कि भुगतान करने के निर्देश के बावजूद कार्यदाई संस्था के सुपरवाइजर की लापरवाही से भुगतान नहीं हो सका है। विभागीय उच्च अधिकारियों से भुगतान के लिए वार्ता की गई है। कार्य बहिष्कार करने वाले संविदा लाइन मैंन से काम पर लौटने के लिए वार्ता की जा रही है।

विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान दल को डीएम ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

- जिले में 31 जुलाई तक चलेगा विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान
- 11 से 31 जुलाई के बीच विशेष दस्तक अभियान संचालित किया जायेगा

अभियान दल को हरी झण्डी दिखाकर रवाना करते डीएम प्रवीण मिश्र।

तरुणमित्र न्यूज

मऊ। जिलाधिकारी प्रवीण मिश्र द्वारा विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान के द्वितीय चरण (01 जुलाई से 31 जुलाई 2025 तक चलने वाला अभियान को मंगलवार को हरी झंडी दिखाकर कलेक्ट्रेट परिसर से रवाना किया गया।

जिलाधिकारी ने बताया कि संचारी रोग नियन्त्रण अभियान के अन्तर्गत जनपद में साफ सफाई, कचरा निस्तारण एवं छिड़काव तथा जागरूकता हेतु प्रचार प्रसार किया जायेगा। मुख्य चिकित्साधिकारी ने बताया कि चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग एईएस/ जेई रोकथाम एवं नियन्त्रण गतिविधियों हेतु जनपद, ब्लाक तथा पंचायतग्राम स्तरों पर विभिन्न विभागों के बीच समन्वय हेतु नोडल का कार्य करेगा। आशा, ए.एन.एम. तथा आंगनबाड़ी कार्यकर्त्रियों के सहयोग से समय पर उपचार एवं सन्दर्भन हेतु समुदाय स्तर पर बुखार के मरीजों की ट्रेकिंग की जायेगी। नोडल अधिकारी वेक्टर बार्न डा. आर.एन. सिंह ने बताया कि आशाओं को बुखार के मरीजों की ट्रेकिंग हेतु प्रशिक्षित किया गया है। इस माह के दौरान 11 से 31 जुलाई के बीच विशेष दस्तक अभियान संचालित किया जायेगा। एईएस केसेज की निगरानी हेतु स्वास्थ्य कर्मियों को प्रशिक्षित किया गया है इसके लक्षण दिखाई देते ही स्वास्थ्य केन्द्रों पर संदर्भन किये जाने का निर्देश है। जिला मलेरिया अधिकारी बेदी यादव ने बताया कि ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में वाहक के घनत्व का आंकलन, स्रोतों में कमी लार्वारोधी गतिविधियां तथा आवश्यकतानुसार फागिंग एवं छिड़काव हेतु बनाई कार्ययोजना के अनुसार किया जायेगा।

क्या करें- दिमागी बुखार का टीका जरूर लगवायें। मच्छरों के काटने से बचें मच्छरदानी, मच्छर अगरबत्ती या क्वायल आदि का प्रयोग करें। पूरे आस्तीन की कमीज, फुल पैंट मोजे पहनें। सुअरों को घर से दूर रखें। रहने की जगह साफ सुथरा रखें एवं जाली लगवायें। पीने के लिए इण्डिया मार्का हैण्ड पम्प के पानी का प्रयोग करें। पानी हमेशा ढ़क कर रखें, छिछला हैण्ड पम्प के पानी को खाने पीने में प्रयोग न करें। पक्के व सुरक्षित शौचालयों का प्रयोग करें। शौच के बाद व खाने के पहले साबुन से हाथ अवश्य धोयें। नाखुनों को काटते रहें। लम्बे नाखुनों से भोजन बनाने व खाने से भोजन प्रदूषित होता है। दिमागी बुखार के मरीज को दाएं या बाएं करवट लिटाएं। यदि तेज बुखार हो तो पानी से बदन पोछते रहें।

क्या न करें- बेहोशी व झटके की स्थिति में मरीज के मुंह में कुछ भी न डालें। झोला छाप डाक्टरों के पास न जायें घर के आस पास गंदा पानी इकट्ठा न होने दें। इधर-उधर कूड़ा-करचा व गंदगी न फैलायें। उक्त अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. राहुल सिंह, नोडल अधिकारी वेक्टर बार्न डा. आर.एन. सिंह, जिला मलेरिया अधिकारी बेदी यादव, नगर पालिका परिषद के सफाई निरीक्षक सत्य प्रकाश यादव, राजीव शुक्ला यूनिसेफ के डी.एम.सी. सौरभ सिंह, सहायक मलेरिया अधिकारी तरुण कुमार, अर्बन कोआर्डिनेटर देवेन्द्र प्रताप यादव तथा मलेरिया निरीक्षक राजेश यादव व स्वास्थ्य विभाग के सभी कर्मचारी उपस्थित रहे।

एसीएमओ ने की बीपीएचयू लैब की शुभारंभ

तरुणमित्र न्यूज

मुहम्मदाबाद गोहना (मऊ)। मंगलवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में स्थापित बी पी एच यू लैब की शुभारंभ, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर एच एन मोर्य एवं अधीक्षक डॉक्टर राम बदन की अध्यक्षता में फीता काटकर शुभारंभ किया गया। इस जांच प्रयोगशाला के चालू हो जाने से मरीज को एक ही छत के नीचे सभी जांच होगी और मरीजों को अब जिला मुख्यालय नहीं जाना पड़ेगा।

इसके अलावा जल्दी ही ब्लड यूनिट की भी व्यवस्था हो जाएगी जिससे खून के लिए अब मरीजों को जनपद मुख्यालय नहीं जाना पड़ेगा। इस मौके पर बीपीएम सर्वेश कुमार सिंह प्रबुद्ध आशुतोष कुमार पांडेय मोहम्मद अहसान प्रयोगशाला प्राविधिक मोहम्मद हसन राहुल चौधरी मोहम्मद जावेद सुजीत कुमार गौतम एवं समस्त अधिकारी कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

शातिर बाल अपचारी चोर पुलिस अभिरक्षा में लिया गया

तरुणमित्र न्यूज

मऊ। पुलिस अधीक्षक इलामारन जी के निर्देश में अपराध/अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में मंगलवार को चोरी को 02 विद्युत मोटर व एक अवैध तमंचा के साथ शातिर अभियुक्त गिरफ्तार को गिरफ्तार किया गया। टीम में अपर पुलिस अधीक्षक महेश सिंह अत्रि के कुशल पर्वेक्षण में तथा क्षेत्राधिकारी नगर अंजनी कुमार पाण्डेय के कुशल नेतृत्व में थाना दक्षिण टोला पुलिस द्वारा देखभाल क्षेत्र व चेकिंग के दौरान रैनी बगीचे के पास से संबंधित अभियुक्त असलम उर्फ डग्गर 25 वर्ष पुत्र इरशाद साकिन डोमनपुरा बाड़ा थाना दक्षिण टोला को धर दबोचा गया। उसके कब्जे से चोरी की 02 विद्युत मोटर व एक नाजायज तमन्चा 315 बोर बरामद किया गया। घटना से संबंधित एक बाल अपचारी पुलिस अभिरक्षा में लिया गया। उल्लेखनीय है कि उक्त अभियुक्त, एक बाल अपचारी व 02 वांछित चल रहे अभियुक्तों द्वारा मिर्जाहादीपुर थाना दक्षिण टोला में लूम की दुकान से मोटरों की चोरी किया गया था। उक्त गिरफ्तार अभियुक्त का चालान न्यायालय किया गया।

अशक्तों की निस्वार्थ सेवा ही जीवन का लक्ष्य: डॉ संजय सिंह

तरुणमित्र न्यूज

मऊ। चिकित्सा की अत्याधुनिक प्रणालियों के माध्यम से पूर्वांचल के नगरीय से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक आमजन की सेवा करने के ध्येय से कार्य किया जा रहा है। ग्रामीण गरीबों से लेकर समाज के अशक्त लोगों को सर्वोत्तम चिकित्सा सेवाओं का लाभ देना ही जीवन का लक्ष्य है। शारदा नारायण हास्पिटल के माध्यम से जनपद सहित आजमगढ़ मंडल के सभी क्षेत्रों में सेवार्थ भाव से कार्य किया जा रहा है। ग्रामीण क्षेत्र में अधिकांश गरीब लोगों में व्यापक रुप से कार्य किए जाने की आवश्यकता है। इस दिशा में वेलफेयर ट्रस्ट द्वारा निरंतर प्रयास किया जाता रहेगा। डॉ संजय सिंह ने यह उद्गार मंगलवार को डाक्टर्स डे पर शारदा नारायण हास्पिटल सभागार में आयोजित कार्यक्रम में व्यक्त किया। मेडिकल डायरेक्टर डॉ सुजीत सिंह ने ग्रामीण क्षेत्रों में किए जा रहे कार्यों पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए आगामी वर्ष के कार्यों की रुपरेखा रखा। इस दौरान डॉ एकिका सिंह व डॉ मधुलिका सिंह के नेतृत्व में इंदिरा आईवीएफ एंड टेस्ट ट्यूब बेबी सेंटर में आयो नि:शुल्क चिकित्सा शिविर में बांझपन व स्त्री रोग से जुड़े 96 लोगों को नि:शुल्क जांचकर दवाओं का वितरण किया गया।

गुमशुदा मोबाइल बरामद कर पुलिस ने स्वामी को सौंपा

तरुणमित्र न्यूज

मऊ। पुलिस अधीक्षक इलामारन जी के निर्देशन में अपराध/अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना मुहम्मदाबाद साइबर टीम द्वारा खोए मोबाइल फोन लगभग 18 हजार रुपये कीमती बरामद कर मंगलवार को उनके स्वामी को सुपुर्द किया गया।

थाना स्थानीय पर दर्ज गुमशुदगी को सीईआईआर पोर्टल के माध्यम से गुमशुदा मोबाइल धारको का थाना स्थानीय पर नियुक्त साइबर टीम द्वारा थाना मुहम्मदाबाद में गुमशुदा एक मोबाइल वीवो लगभग 18,000 (अट्ठारह हजार) रुपये कीमती को बरामद कर उनके स्वामी को सुपुर्द किया गया। जिसमें आवेदिका अमृता कुमारी पुत्री सुरेश राम निवासी छपरा थाना चिरैयाकोट द्वारा उच्चाधिकारियों व थाना मुहम्मदाबाद के अधिकारी/कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया।

पर्यावरणीय संकल्प के साथ रोटरी क्लब के नए सत्र का हुआ शुभारंभ

तरुणमित्र न्यूज

मऊ। रोटरी क्लब मऊ के नए सत्र 2025-26 की शुरुआत एक पर्यावरणीय संकल्प के साथ हुई। सत्र के पहले दिन गाजीपुर तिराहा स्थित श्री साईं अस्पताल परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण और समाज में हरित जागरूकता फैलाना था।

सभी सदस्यों ने मिलकर विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए और हरियाली बढ़ाने के प्रति अपने संकल्प को दोहराया। इस अवसर पर अध्यक्ष डॉ. ए.के. सिंह ने कहा कि 'पर्यावरण संरक्षण रोटरी क्लब की प्राथमिकताओं में शामिल है, और इस सत्र की शुरुआत हम इसी संदेश के साथ कर रहे हैं।' पौधारोपण कार्यक्रम के अवसर पर वरिष्ठ रोटेरियन डॉ. एस.सी. तिवारी ने कहा,वृक्षारोपण केवल एक पर्यावरणीय कार्य नहीं, बल्कि यह भविष्य की पीढ़ियों के लिए जीवन का उपहार है। डॉ. एच.एन. सिंह ने अपने विचार साझा करते हुए कहा, हर पौधा न सिर्फ ऑक्सीजन देता है, बल्कि यह हमारे कर्तव्य और संवेदनशीलता का प्रतीक भी है।

प्रोफेसर डॉ. ए.के. मिश्रा ने कहा, शिक्षा और पर्यावरण दोनों समाज के आधार हैं दोनों को सहेजना हमारी प्राथमिक जिम्मेदारी है निवर्तमान अध्यक्ष श्री प्रदीप सिंह ने कहा, 'प्राकृतिक संतुलन बनाए रखने के लिए वृक्षारोपण जैसे कार्य समय की आवश्यकता हैं। रोटरी क्लब इस दिशा में अनुकरणीय कार्य कर रहा है।' इस अवसर पर रो सचिंद्र सिंह, रोटेरियन पुनीत श्रीवास्तव, रोटेरियन तेज प्रताप तिवारी, रोटेरियन सौरभ बरनवाल, रोटेरियन डॉक्टर एम असलम, रोटेरियन मनीष तानवानी आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम के संयोजक पूर्व अध्यक्ष एवं वरिष्ठ रोटेरियन अजीत सिंह एवं आशीष सिंह रहे। अंत में सचिव डॉ. एस. खालिद ने भी सभी रोटेरियन्स को इस सकारात्मक पहल के लिए धन्यवाद दिया। रोटरी क्लब का यह प्रयास आने वाली पीढ़ियों के लिए एक हरित और सुरक्षित भविष्य सुनिश्चित करने की दिशा में एक सराहनीय कदम है।

अभियान के दौरान संबंधित विभाग शत प्रतिशत जिम्मेदारियों का करें निर्वहन: जिलाधिकारी

- जिला स्वास्थ्य समिति एवं संचारी रोग नियंत्रण अभियान के बावत डीएम ने ली बैठक
- शत प्रतिशत टीकाकरण कार्यक्रम में बीडीओ एवं ईओ को सहयोग हेतु दिये निर्देश
- 31 जुलाई तक जिले में डायरिया रोको अभियान जारी

जिला स्वास्थ्य समिति की अधिकारियों संग बैठक लेते जिलाधिकारी।

तरुणमित्र न्यूज

मऊ। जिलाधिकारी प्रवीण मिश्र की अध्यक्षता में गत दिवस सोमवार की देर शाम कैंप कार्यालय पर जिला स्वास्थ्य समिति एवं संचारी रोग नियंत्रण अभियान की द्वितीय बैठक हुई। संचारी रोग नियंत्रण अभियान की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने समस्त खंड विकास अधिकारियों को अपने विकास खण्डों में समस्त ग्राम प्रधानों के साथ बैठक कर कार्य योजना के अनुसार कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मंगलवार से प्रारंभ होने वाले संचारी रोग नियंत्रण अभियान के दौरान संबंधित समस्त विभाग शत प्रतिशत अपनी जिम्मेदारियां को निभाएं।

जिलाधिकारी ने जिला पंचायत राज अधिकारी एवं समस्त अधिशासी अधिकारियों को इस दौरान विशेष साफ-सफाई अभियान चलाने, झाड़ियों की कटाई करने, फॉगिंग करने आदि के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि माइक्रो प्लान के हिसाब से प्रथम दिन से ही पूरी मेहनत से कार्य करें। इस दौरान उन्होंने नगरीय क्षेत्र में रेलवे लाइन के आसपास जल जमाव को रोकने हेतु रेलवे के अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर कार्य करने को कहा। इसके अलावा जिलाधिकारी ने मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को सूअर बाड़ों पर नजर रखने तथा सूअर पलकों को शासनादेश का अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जल जमाव किसी भी स्थिति में न होने पाए। बैठक के दौरान डीएम ने शत प्रतिशत टीकाकरण सुनिश्चित करने हेतु समस्त खंड विकास अधिकारियों एवं अधिशासी अधिकारियों को भी सहयोग करने के निर्देश दिए। टीका न लगवाने वाले परिवारों को प्रेरित कर समस्त सीडीपीओ स्वास्थ्य अधीक्षकों से नियमित संवाद कर बच्चों का शत प्रतिशत टीकाकरण सुनिश्चित करें। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि डायरिया की रोकथाम हेतु 15 जून से 31 जुलाई तक डायरिया रोको अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान विभिन्न गतिविधियों की जा रही हैं तथा 5 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को विशेष रूप से लक्षित करते हुए कार्य किया जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि सभी हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर क्रियाशील है और सब पर कार्य किया जा रहा है। जिलाधिकारी ने जिला चिकित्सालय में ब्लड बैंक, आयुष्मान भारत के तहत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना एवं उपचारित लाभार्थियों की भी समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए इस दौरान 102 एवं 108 एंबुलेंस सेवा की स्थिति भी ठीक रही। बैठक में सीएमओ डॉक्टर राहुल सिंह, जिला विकास अधिकारी उमेश चंद तिवारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी अजीत सिंह सहित समस्त खंड विकास अधिकारी, स्वास्थ्य अधीक्षक अन्य संबंधित विभाग के अधिकारी तथा स्वास्थ्य विभाग से संबंधित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

सरकार हम मजदूर को हमारा ही जमा पैसा नहीं देना चाह रही है: जिला मंत्री

कताई मिल पेंशनर संघ की बैठक में मजदूर सम्मेलन के वक्तव्य व पेंशन पर हुई चर्चा

माले दफ्तर पर प्रदर्शन करते पेंशनर्स गण।

तरुणमित्र न्यूज

मऊ। कताई मिल पेंशनर संघ की एक आवश्यक सभा भाकपा माले जिला कार्यालय पर मंगलवार को हुई। सभा में ई पी एस 95 राष्ट्रीय संघर्ष समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक रावत जी के पिछले महीने रामकोला में हुई मजदूर सम्मेलन पर दिए गए वक्तव्य पर चर्चा और पेंशन को लेकर सरकार से चल रही वार्ता पर विचार विमर्श हुआ। कताई मिल मजदूरों को संबोधित करते हुए पेंशनर संघ के जिला मंत्री राम सिंह ने कहा कि पिछले 8 वर्ष से अशोक रावत जी के नेतृत्व में ई पी एस 95 के पेंशन की मांग को लेकर आंदोलन चल रहा है जिसमें सरकार पर दबाव बनाते हुए कई बार वार्ता का दौर चला है। सरकार हम मजदूर को हमारा ही जमा पैसा नहीं देना चाह रही है।

मजदूर अपने जीवन का कीमती समय देश की सेवा में दिया है जब मजदूरों की सामाजिक सुरक्षा की जिम्मेदारी उठाने की बात आ रही है तो सरकार पेंशन देने में आनाकानी कर रही है। फिर हम कह रहे हैं कि मजदूरों का ही पैसा जमा है जिसको हम मांग रहे हैं कोई खैरात या भीख नहीं मांग रहे हैं। मजदूरों का आंदोलन एक ताकत के साथ खड़ा है हमें अपने हक की लड़ाई के लिए तैयार रहना होगा।

कताई मिल पेंशनर संघ के जिलाध्यक्ष देवेंद्र सिंह ने कहा कि कोई भी संघर्ष बिना एकता के नहीं जीता जा सकता है। ई पी एस 95 राष्ट्रीय संघर्ष समिति अब एक ताकतवर संगठन बन गया है। देश के हर जिलों में इसका अपना संगठन खड़ा हो गया है। कोई भी जिला ऐसा नहीं है जहां दस हजार मजदूर ना हो। हमारी लड़ाई आने वली पीढ़ी की लड़ाई है। 21 जुलाई से संसद सत्र शुरू होगा जिसमें हमारे संगठन की मांग को कई सांसद संसद के अंदर चर्चा करने के लिए तैयार है। सभा को भाकपा माले के जिला सचिव बसंत कुमार, पूंजीवाद साम्राज्यवाद विरोधी मंच के नेता बाबू रामपाल, कताई मिल पेंशनर संघ के जिला कोषाध्यक्ष राम जन्म राजभर व मजदूर नेता रामजन्म राजभर ने भी संबोधित किया. सभा की अध्यक्षता चंद्रजीत यादव और संचालन राम सिंह ने किया। सभा में मुन्नीलाल, धरमु राजभर, परमदेव यादव, रामलाल, मो. इस्लाम अंसारी, इलियास, कुबेर सहित सैकड़ो लोग शामिल रहे।

एसबीआई शाखा में धूमधम से मनाया गया स्थापना दिवस

तरुणमित्र न्यूज

मुहम्मदाबाद गोहना (मऊ)। स्थानीय कस्बे में स्थित भारतीय स्टेट बैंक परिसर में बैंक के 70 वर्षगांठ के अवसर पर शाखा प्रबंधक चंदन यादव समेत कर्मचारी एवं सम्मानित खाता धारकों द्वारा केक काटकर स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया।

संभव अभियान-5.0 के सफल आयोजन के संबंध में बैठक संपन्न

तरुणमित्र न्यूज

मऊ। प्रभारी मुख्य विकास अधिकारी उमेश चन्द्र तिवारी की अध्यक्षता में मंगलवार को कुपोषण की रोकथाम हेतु 01 जुलाई से 30 सितंबर 2025 तक संभव अभियान 5.0 के सफल आयोजन के संबंध में विकास भवन सभागार में बैठक हुई। जहां जिला कार्यक्रम अधिकारी अजीत कुमार सिंह ने बताया कि आंगनबाड़ी केंद्र पर आने वाले 03 वर्ष से 06 वर्ष तक की आयु वर्ग के बच्चों हेतु हाटकुक्ड मील योजना का आंगनबाड़ी केंद्रों पर क्रियान्वयन तथा आंगनबाड़ी केंद्र भवन निर्माण, शौचालय, लर्निंग लैब व जनपद में चयनित आकांक्षात्मक नगर पंचायत के रूप में चयनित आंगनबाड़ी केंद्रों के भवन निर्माणध्प्रगति के संबंध में विस्तृत रूप से जानकारी दी गई।

डीपीआरओ ने बताया कि प्रदेश सरकार सतत विकास लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु पूर्णत: प्रतिबद्ध है, जिनका उद्देश्य समावेशी, न्यायसंगत एवं सतत विकास सुनिश्चित करना है। इन लक्ष्यों के अंतर्गत शिशु एवं बाल पोषण, स्वास्थ्य तथा समग्र विकास को राज्य सरकार द्वारा सर्वोच्च प्राथमिकता में स्थान दिया गया है। सतत विकास लक्ष्य दो के अंतर्गत वर्ष 2030 तक कुपोषण की दर में कमी लाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष भी संभव अभियान के आयोजन हेतु बाल विकास एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा संयुक्त रूप से अभियान के सफल संचालन हेतु कार्य किया जाएगा। इस अभियान में गंभीर कुपोषित बच्चों के समुदाय आधारित प्रबंधन पर विशेष फोकस किया जाएगा। प्रभारी मुख्य विकास अधिकारी ने कार्यदाई संस्था आर.ई.डी. को निर्देश दिए कि आंगनबाड़ी केंद्रों के निर्माण कार्यों को ससमय पूर्ण करा लें अन्यथा कार्य पूर्ण न होने की दशा में एफआईआर दर्ज करा दी जाएगी।

इसके साथ ही जिन विकास खण्डों के अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्रों के भवन निर्माण का कार्य प्रारंभ नहीं हुआ है, उन्हें तत्काल प्रारंभ करने के निर्देश समस्त खंड विकास अधिकारी एवं समस्त बाल विकास परियोजना अधिकारी को दिए। बैठक में डीसी मनरेगा उपेंद्र पाठक, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी सुशील कुमार, अपर जिला पंचायत राज अधिकारी किरन वर्मा सहित समस्त खंड विकास अधिकारी एवं समस्त बाल विकास परियोजना अधिकारी उपस्थित रहे।

संक्षिप्त समाचार

'डॉक्टर्स डे' पर प्रकाश ग्रुप के अस्पताल और कॉलेजों में चिकित्सकों का हुआ सम्मान

तरुणमित्र न्यूज

मऊ। प्रकाश हॉस्पिटल एंड ट्रामा सेंटर के साथ-साथ बापू आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज में भी वर्ल्ड डॉक्टर्स डे के अवसर पर मंगलवार को गरिमामय समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें अस्पताल और कॉलेज के निदेशक डॉ. मनीष राय ने डॉक्टर्स और पैरामेडिकल स्टाफ के समाज हित में किए जा रहे कार्यों की भूरि-भूरि प्रशंसा की। इस मौके पर, डॉ. राय ने सभी चिकित्सकों और सहयोगी स्टाफ के साथ केक काटकर उनकी निस्वार्थ सेवा को सलाम किया। कार्यक्रम के दौरान निदेशक डॉ. मनीष राय ने उपस्थित डॉक्टर्स को पुष्पगुच्छ, अंगवस्त्र और मोमेंटो देकर सम्मानित किया। अपने संबोधन में, डॉ. राय ने चिकित्सकों के समर्पण की सराहना करते हुए कहा, 'डॉक्टर्स समाज के सबसे महत्वपूर्ण स्तंभों में से एक हैं।

वे बिना किसी स्वार्थ के दिन-रात मरीजों की सेवा में लगे रहते हैं, कई बार अपने व्यक्तिगत जीवन की परवाह किए बिना। उनका यह त्याग और समर्पण ही उन्हें समाज में 'दूसरे भगवान' का दर्जा दिलाता है।' डॉ. राय ने आगे कहा, 'प्रकाश हॉस्पिटल एंड ट्रामा सेंटर और बापू आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज हमेशा से ही गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध रहे हैं। हमारे डॉक्टर्स और पैरामेडिकल स्टाफ की मेहनत और लगन ही हमें यह सेवा प्रदान करने में सक्षम बनाती है। आज के इस विशेष दिन पर, मैं उन सभी को नमन करता हूँ जो हर दिन अनगिनत जिंदगियों को बचाने और उन्हें बेहतर बनाने का काम करते हैं।' उन्होंने यह भी रेखांकित किया कि स्वास्थ्य सेवा केवल इलाज तक सीमित नहीं है, बल्कि इसमें मरीजों के प्रति संवेदनशीलता और सहानुभूति भी शामिल है। डॉ. राय ने उम्मीद जताई कि डॉक्टर्स इसी लगन और मानवतावादी दृष्टिकोण के साथ भविष्य में भी समाज की सेवा करते रहेंगे।

इंदु प्रकाश फार्मेसी कॉलेज कै छात्र का मल्टीनेशनल कपंनी में हुआ सेलेक्शन

तरुणमित्र न्यूज

मऊ। नगर के बलिया मोड स्थित साई कालेज ऑफ फार्मेसी के सभागार में मंगलवार को इन्दु प्रकाश फार्मेसी कालेज हलधपुर के बी.फार्म के छात्र का मल्टीनेशनल कंपनी में सेलेक्शन हुआ। इसकी जानकारी संस्था के प्रबन्धक अखिलेश राय द्वारा जारी विज्ञप्ति के माध्यम से दी गयी। उन्होंने बताया कि चुना गए छात्र में अंकित भारती (गेलमार्क कंपनी) क्षेत्र व्यवसाय मनेजर के पद 400000 के सलाना पैकेज पे नियुक्ति हुआ। चयनित छात्र ने खुशी जाहिर करते हुए कहा चयनित होने पर हमें जीवन की पहली सफलता मिल गई है और आगे भी हम इसी दिशा में नए कीर्तिमान कायम करेंगे।

इन्दु प्रकाश फार्मेसी कालेज व साई कालेज के प्रबन्धक अखिलेश राय ने कहा कि विद्यार्थियों के प्रतिष्ठित कम्पनियों में चयन पर खुशी व्यक्त की और साथ ही इसके पीछे टीचर्स की कड़ी मेहनत को श्रेय दिया। बताया कि कई गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए दवाओं पर शोध हो रहे हैं। इसलिए फार्मेसी के विद्यार्थियों के पास भविष्य में कई अवसर आएंगे और देश विदेश में रोजगार की संभावनाएं लगातार बढ़ेंगी। इस दौरान प्रधानाचार्य डा.अजय कुमार, असजद कमाल व अध्यापकगण अविनास पाण्डेय, शिवम सुशील, अखिलेश सिंह चौहान, अजय सिंह, मुदस्सीर शमीम, चन्द्रशेखर चौहान, रामप्रकाश व विवेक पाण्डेय, अमित श्रीवास्तव, अंकिता सिंह, जुही गुप्ता, आकांक्षा राव, विजय मौर्या सहित सभी छात्र-छात्राएं उपस्थित रहीं।

तहसील के चार कर्मचारी हुये सेवानिवृत्त

तरुणमित्र न्यूज

मुहम्मदाबाद गोहना (मऊ)। स्थानीय तहसील परिसर के सभागार में मंगलवार संध्या तहसील के चार कर्मचारी के सेवानिवृत होने के पश्चात उनका विदाई समारोह धूमधाम से किया गया। इस मौके पर उप जिलाधिकारी अभिषेक गोस्वामी नायब तहसीलदार गौरव शाह समेत तहसील के अधिवक्ता राजस्व निरीक्षक लेखपाल ने चारों कर्मचारियों को अंग वस्त्र रामायण की पुस्तक देकर विदा किया।

सेवानिवृत हुए कर्मचारियों में रघुपति राम लेखपाल वीरेंद्र पांडे पेशकार राजेंद्र यादव अमीन एवं रामकृष्ण राम सेवक की विदाई कर्मचारियों ने धूमधाम से की इस अवसर पर एसडीएम अभिषेक गोस्वामी ने इन चारों कर्मचारी को कहा कि यह तो परंपरा है आज नहीं तो कल सबको सेव निवृत होना है आप अपने परिवार में जाकर हंसी खुशी से रहे यही हमारी सबसे बड़ी शुभकामना है। इस मौके पर प्रकाश सिंह संजीव पांडे केदार यादव सत्यपाल सिंह अमित मौर्य नर्सिंग आदि समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।

शांतिभंग में चार का हुआ चालान

तरुणमित्र न्यूज

मुहम्मदाबाद गोहना (मऊ)। स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के ग्राम उतरेजपुर में मंगलवार प्रात: दो पक्षों में रास्ते के विवाद को लेकर नोक झोक के पश्चात हुए मारपीट के मामले में एक पक्ष के एकता दूसरे पक्ष के बबली को पुलिस ने शांति भंग में न्यायालय चालान किया। इसी क्रम में कोतवाली क्षेत्र के ग्राम धरहरा में जमीनी विवाद को लेकर हुए लोग जो के मामले में एक पक्ष के प्रयाग गौतम तथा दूसरे पक्ष के गोविंद कुमार को पुलिस ने रविवार को शांतिभंग में न्यायालय चालान किया है।

शुभ लग्न ऑफर
शुद्धता और विश्वास, अब आपके और भी पास
कोठी परसोत्तम राम
अजीत कुमार बैंकर्स एण्ड ज्वैलर्स
त्यौहारों के उपलक्ष्य में कोठी परसोत्तम राम अजीत कुमार बैंकर्स एण्ड ज्वैलर्स प्रस्तुत करते हैं देश एवं विदेश के सर्वोत्तम कारीगरों द्वारा निर्मित उत्कृष्ट डिजाइनर ब्राण्डेड ज्वैलरी
हमारे यहां सोने, चांदी और डायमण्ड की फैन्सी ब्रान्डेड ज्वेलरी मिलती है। साथ ही साथ सोने चांदी के सिक्के, रत्न, उपरत्न एवं मूर्ति भी उपलब्ध है। एक बार सेवा का मौका दें।
कोतवाली चौराहा, अलफस्टीनगंज, स्टेशन रोड, जौनपुर
रविन्द्र बैंकर, संस्कार बैंकर, दिव्यांश बैंकर मो. 09838435680 - ए.सी. शोरूम
सम्बंधित फर्म-
परसोत्तम राम नरेन्द्र कुमार बैंकर ख्वाजगी टोला, स्टेशन रोड, जौनपुर
कोठी परसोत्तम राम राजाराम बैंकर्स कोतवाली चौराहा, जौनपुर

जी.एच.के. हास्पिटल
(मल्टी स्पेशलिटी)
पालीटेक्निक चौराहा निकट-लोहिया पार्क, जौनपुर
सुविधाएं:-
अल्ट्रासाउण्ड एवं कलर डापलर
इनफर्टिलिटी विशेषज्ञ
नार्मल एवं सीजर डिलीवरी
कैंसर से बचाव एवं टीकाकरण
काल्पोस्कोपी
हिस्ट्रोस्कोपी
जनरल एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जरी।
(इमरजेन्सी सेवा 24 घण्टे उपलब्ध)
Mob.: 9335382171
डा. अम्बर खान
एमबीबीएस डीजीओ इलाहाबाद (गोल्ड मेडलिस्ट)
स्त्री रोग विशेषज्ञ
प्रत्येक दिन 10 से 4 बजे तक

रजि. नं. 49166 (U.P.)
हिमानी हॉस्पिटल
(अत्याधुनिक महिला चिकित्सा केन्द्र)
डा. शैली निगम
M.B.B.S.,M.D. (Obst & Gynae)
प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ
गोल्ड मेडलिस्ट, के.जी.एम.सी., लखनऊ
हेल्पलाइन नं. 7800785686
भूतपूर्व सर्जन: गुरुतेग बहादुर अस्पताल एवं यूनिवर्सिटी कालेज ऑफ मेडिकल साइंसेज, दिल्ली • कस्तूरबा अस्पताल, दिल्ली
डा. आदित्य निगम
M.B.B.S.,M.S. (Ortho.)
हड्डी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ
ट्रामा, आर्थराइटिस एवं ज्वाइंट रिप्लेसमेंट सर्जन
भूतपूर्व सर्जन: • डा. एल.एच. हीरानदानी हॉस्पिटल, मुंबई • ई.एस.आई. हॉस्पिटल, दिल्ली
डा. तुषार मोहन
जनरल एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जन
(प्रतिमाह आखिरी रविवार को उपलब्ध)
सुविधायें
• गाइनी- अल्ट्रासाउण्ड
• सामान्य एवं अतिगंभीर गर्भावस्था • आधुनिक तकनीक से बच्चेदानी (छक्टभ)
• इन्फर्टिलिटी विशेषज्ञ एवं अन्य आपरेशन
• कैंसर से बचाव एवं टीकाकरण • कॉल्पोस्कोपी • हिस्ट्रोस्कोपी • लैप्रोस्कोपी
सुविधायें
• आर्थो • प्लास्टर
• ज्वाइंट एन्जेक्शन
• ट्रामा ज्वाइंट रिप्लेसमेंट एवं अन्य आपरेशन
पता - डा. मन मोहन श्रीवास्तव
सीनियर फिजीशियन एवं हृदय रोग विशेषज्ञ
48, जहांगीराबाद (बदलापुर रोड), जौनपुर-222002
परामर्श का समय प्रात: 10-2 बजे तक (रविवार अवकाश)
इमरजेन्सी परामर्श : प्रतिदिन 24 घण्टा
नि:संतान महिलाएं अवश्य मिलें

संस्थापक सम्पादक- स्व. कैलाशनाथ
श्री विश्वकर्मा चैरिटेबल ट्रस्ट धरनीधरपुर, जौनपुर एवं तरूणमित्र मीडिया प्रा0लि0 द्वारा तरूणमित्र हि0दै0 के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं सम्पादक आदर्श कुमार* द्वारा मीडिया टेक्स्ट प्रा0लि0, रोहनिया जी0टी0 रोड, वाराणसी से मुद्रित एवं 631, उमरपुर हरिबन्धनपुर, जौनपुर से प्रकाशित।
आर.एन.आई पंजीयन सं. 353710/78 (मो0:- 9452984488)
फोन:-समाचार कक्ष-(05452) 358728, 05452-470147
E-mail : tarunjnp@rediffmail.com, tarunjaunpur@gmail.com
* इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा उत्पन्न समस्त विवाद जौनपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
मुख्यालय:- 47 धरनीधरपुर, जौनपुर (उ0प्र0)

कार्यदायी संस्थाओं को समय से कार्य पूरा करने का दिया निर्देश

डीएम ने की विकास योजनाओं की समीक्षा बैठक

तरूणमित्र न्यूज

गाजीपुर। जिलाधिकारी अविनाश कुमार की अध्यक्षता में उ0प्र0 शासन द्वारा निर्धारित शासन के महत्वपूर्ण योजनाओं मुख्यमंत्री की सर्वोच्च प्राथमिकता निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक, 50 लाख से अधिक लागत के निर्माण कार्यो, की मासिक समीक्षा बैठक विभाग भवन सभागार मे सम्पन्न हुई। बैठक के दौरान कस्तूरबा आवासीय विद्यालय देवकली मे नामित नोडल अधिकारी ने कार्यदायी संस्था द्वारा गुणवत्तापूर्ण निर्माण ने होने सम्बन्धित जानकारी दी गयी जिसपर जिलाधिकारी ने सम्बन्धित कार्यदायी संस्था सी एण्ड डी एस जल निगम जौनपुर के अधिशासी अभियन्ता को इस सम्बन्ध मे स्पष्टिकरण का निर्देश दिया इसके साथ ही जिलाधिकारी ने उ0प्र0 जल निगम शहरी द्वारा शहर के वार्ड नं0 10 मे पाईप पेयजल योजना के कार्यो को नवम्बर 2025 तक पत्येक दशा मे पूर्ण कराने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने विभागवार विभागो में आवास विकास परिषद, निर्माण खण्ड वाराणसी, प्रथम, सी.एण्ड डी.एस, जल निगम जौनपुर, उ0प्र0 जल निगम शहरी/ग्रामीण गाजीपुर, लोक निर्माण विभाग, ग्रामीण अभियंत्र विभाग, सिचाई निर्माण खण्ड, वाराणसी, सी.एल.डी.एफ. यू.पी.सिडको, उ0प्र0 प्रोजेक्ट कारपोरेशन लि0 वाराणसी, उ0प्र0 राजकीय निर्माण नि.लि. आजमगढ़ इकाई, राजकीय निर्माण निगम लि0, वाराणसी इकाई-1, राजकीय निर्माण निगम लि0 वाराणसी-2/भदोही, उ0प्र0 राज्य निर्माण सहकारी संघ लि0 वाराणसी-2, वाराणसी, देवकली पम्प कैनाल प्रखण्ड प्रथम, द्वितीय, लघु डाल नहर खण्ड गाजीपुर एवं सोन यांत्रिक खण्ड तथा अन्य कार्यदायी संस्थाओं के निर्माण कार्यो की विस्तृत समीक्षा की।

बैठक मे जिलाधिकारी ने कस्तूरबा आवासीय विद्यालय देवकली मे नामित नोडल अधिकारी द्वारा गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्य न कराये जाने की शिकायत पर सम्बन्धित कार्यदायी संस्था सी एण्ड डी एस जल निगम जौनपुर के अधिशासी अभियन्ता को इस सम्बन्ध मे स्पष्टिकरण का निर्देश दिया इसके साथ ही उन्होंने उ0प्र0 जल निगम शहरी द्वारा शहर के वार्ड नं0 10 मे पाईप पेयजल योजना के कार्यो को नवम्बर 2025 तक पत्येक दशा मे पूर्ण कराने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने कार्यदायी संस्थाओं को निर्माण कार्य मे मानक के अनुरूप एवं गुणवत्तापुर्ण कार्य कराने तथा अधूरे कार्य जो धनाभाव के कारण रूके है की जानकारी लेते हुए पत्राचार करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने धनावंटन के बाद भी कम प्रगति वाले कार्यो पर नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्माण एजेंसी के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि कार्यो को गुणवत्तापूर्ण एवं मानक के अनुसार निर्धारित समय के अन्दर पूरा करने की कार्यवाही सुनिश्चित की जाये। जिलाधिकारी ने कार्यदायी संस्थाओ को निर्माण कार्य निश्चित समयाअवधि में पूर्ण न करने पर ठेकेदारो के विरूद्ध एफआईआर दर्ज कराने का निर्देश दिया इसके साथ ही जिन विभागो मे धनावंटन अवमुक्त हो चुका है तथा कार्य मे लापरवाही बरती जायेगी तो सम्बन्धित अधिकारी स्वयं जिम्मेदार होने जिनपर कार्यवायी तय है। इसमें किसी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नही होगी।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी संतोष कुमार वैश्य, परियोजना निदेशक राजेश यादव, जिला विकास अधिकारी सुभाष चन्द्र सरोज, अर्थ एवं संख्याधिकारी चन्द्र शेखर प्रसाद, समेत समस्त सम्बन्धित नामित जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

पहली मानसूनी बारिश में ही विद्युत व्यवस्था चरमराई

तरूणमित्र न्यूज

बरदह। थाना क्षेत्र बरदह अंतर्गत विद्युत उपकेंद्र बरदह से संबंधित सभी गांवों में मंगलवार के दिन विद्युत व्यवस्था पुरी तरह से फेल नजर आयी,जर्जर तारों एवं लटके हुए पेड़ो के कारण लगातार सप्लाई ट्रिप होती रही लोग पूरे दिन उमस भरी गर्मी में परेशान रहे,ऐसा लगता है कि मजबूत विद्युत व्यवस्था प्रणाली न होने के कारण हमेशा फॉल्ट आता रहता है, सरकार ने जहां ग्रामीण क्षेत्रों में 18 घंटे विद्युत आपूर्ति का आश्वासन दिया है,वहीं गांवों में 10 घंटे की भी सप्लाई नही मिल पा रही है।

जिससे आम जनता को खासी परेशानी का सामना करना पड़ता है,सरकार द्वारा विद्युत व्यवस्था को निजी स्वामित्व को सौंपना ही एक विकल्प नजर आता है,जिससे आम जनता और सरकार दोनों को फायदा मिल पाए।

आक्रोशित जनता में हेमंत तिवारी पंकज राय विशाल तिवारी रणजीत सिंह घनश्याम सिंह अजय राय हर्ष तिवारी मनोज राय विवेक तिवारी चंद्रेश राम विनोद राय सोनू राय राजेश विश्वकर्मा विकास सिंह अमित तिवारी आदि लोग आक्रोशीत हुए विद्युत कटौती से जेई बरदह मनोज कुमार गुप्ता ने बताया कि बड़े हाइडल पर कुछ काम चल रहा था और कुछ गांव की टूटे हुए तार जर्जर हो चुके हैं जिस कारण से पेड़ के लटकने से तारों पर ट्रिपिंग हो रही थी बारिश हुई है।

जल्द से जल्द गांव के एवं रोड के भी तार को अंडरग्राउंड केबल डलवा कर समस्या को दूर किया जाएगा और विद्युत व्यवस्था सुदृढ़ रूप से चलाई जाएगी।

तिलक लगाकर किया बच्चों का स्वागत

मीरजापुर। शैक्षिक सत्र 2025-26 में ग्रीष्मावकाश के पश्चात विद्यालय पुनः खुलने पर 1 जुलाई 2025 को जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन द्वारा गोद लिये पीएम श्री कम्पोजिट विद्यालय कछवा में स्कूल चलों अभियान के द्वितीय चरण के अन्तर्गत प्रातः 10 बजे उनके द्वारा स्वयं दो बच्चों आयुष पुत्र संजय व विनिश यादव पुत्र राजेश यादव का कक्षा 1 में नामांकन किया गया। तत्पश्चात विद्यालय के नव प्रवेशित बच्चों को रोरी का तिलक लगाकर व पुष्प से स्वागत किया गया। बच्चों को अपने हाथों से पुस्तक, स्टेशनरी सामग्री एवं चॉकलेटस का वितरण किया गया। बच्चे स्टेशनरी सामग्री व चॉकलेट पाकर आहलादित हुए। जिलाधिकारी द्वारा बच्चो को प्रतिदिन विद्यालय आने के लिए प्रेरित किया गया। जिलाधिकारी एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा स्कूल चलो अभियान के द्वितीय चरण में रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। स्कूल चलो अभियान की रैली नगर पंचायत कछवां के विभिन्न वार्डो में स्लोगन, नारे लगाते हुए रैली निकाला गया। जिलाधिकारी द्वारा उक्त विद्यालय में 15M40 मीटर का मल्टीपरपज हॉल व उसके ऊपर 8M6 मीटर का 05 कमरों का निर्माण करवाने हेतु निर्देशित किया गया। तत्पश्चात जिलाधिकारी द्वारा राजकीय बालिका इण्टर कालेज कछवां का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय विद्यालय परिसर में एक आडिटोरियम बनवाने हेतु अधिशासी अभियन्ता नगर पंचायत कछवां को निर्देशित किया गया। साथ ही राजकीय बालिका इण्टर कालेज कछवा में स्मार्ट क्लास व कम्प्यूटर लैब के संबंध में पृच्छा की गयी। तत्पश्चात प्राथमिक विद्यालय बरैनी जिसके स्थान पर नवीन प्राथमिक विद्यालय का निर्माण कराया जा चुका है पुराने खपरैल वाले विद्यालय को ध्वस्त कराकर पुनः उस स्थल पर चिल्ड्रेन पार्क अथवा ओपेन जिम के निर्माण हेतु खण्ड विकास अधिकारी को निर्देशित किया गया। इस अवसर पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अनिल वर्मा, खण्ड विकास अधिकारी व अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत कछवा व खण्ड शिक्षा अधिकारी मझवां तथा जिला सन्वयक निर्माण उपस्थित रहे।

सड़क किनारे गड्ढा खोदकर छोड़े जाने से घट सकती है कोई अप्रिय घटना

सोनभद्र। विन्ध्य कन्या महाविद्यालय राबर्ट्सगंज तथा विन्ध्य तक्षशिला एकेडमी राबर्ट्सगंज मे संचालित है। कॉलेज से सटी सड़क के किनारे लगभग 50 फीट का एक गड्ढा कन्हैया लाल केसरी द्वारा जे.सी.बी. लगाकर खोद दिया गया है जिससे रास्ता बिल्कुल शकरा और फिसलने वाला हो गया है महाविद्यालय में वर्तमान समय में परीक्षाएं चल रही हैं और परीक्षा देने वाली छात्राओं के साथ ही पैदल तथा साइकिल से चलने वाले व्यक्ति भी फिसल कर गिर जा रहे हैं जिससे कभी भी कोई बड़ी दुर्घटना छात्रों के साथ या राहगीरों के साथ घट सकती है। कभी-कभी छात्राएं गिर जाती हैं तो कभी मोटरसाइकिल या साइकिल से जाने वाले राहगीर।

चंदन लगाकर छात्रों का किया स्वागत

गाजीपुर। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी गाजीपुर एवं खण्ड शिक्षा अधिकारी सदर गाजीपुर द्वारा प्रा0वि0 हेतिमपुर में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को रोरी-चन्दन लगाकर स्वागत किया गया व कॉपी - कलम, सूक्ष्म जलपान दकर छात्र- छात्राओं को विद्यालय रोज आने के लिए प्रेरित किया गया। विद्यालय में 50 बच्चे उपस्थित रहे व विद्यालय के समस्त स्टाफ कुल 07 अध्यापक उपस्थित रहे। हेमन्त कुमार जिला बेसिक शिक्षा अधिकरी गाजीपुर व आलोक कुमार खण्ड शिक्षा अधिकारी सदर व पूनम राय प्र0अ0 प्रा0 वि0 हेतिमपुर व रागिनी सिंह स0अ0 अध्यापक व अन्य स0अ0, शिक्षामित्र आदि की उपस्थिति रही।

जिलाधिकारी ने संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान का किया शुभारंभ

तरुणमित्र न्यूज़

बलिया। संचारी रोगों, दिमागी बुखार, मच्छर जनित रोगों तथा जल जनित रोगों परप्रभावी नियंत्रण के लिए सरकार द्वारा वर्ष में तीन बार, अप्रैल, जुलाई, एवं अक्टूबर माह में संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान का संचालन किया जाता है ।मांगलबार को जनपद में संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान का शुभारम्भ जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह द्वारा जिला चिकित्सालय में आहूत गोष्ठी को संबोधित कर तथा रैली को हरी झंडी दिखाकर किया गया।

जनपद में संचारी रोग नियंत्रण अभियान दिनांक- 01 जुलाई से 31 जुलाई तक एवं दस्तक अभियान दिनांक- 11 जुलाई से 31 जुलाई तक संचालित किया जाएगा । इस अभियान में 11 विभाग आपसी तालमेल एवं समन्वय के साथ संचारी रोगों के नियंत्रण तथा उन्मूलन के लिए कार्य करते हैं। स्वास्थ्य विभाग इस अभियान का नोडल विभाग हैं । 15 दिनों के दस्तक अभियान के दौरान स्वास्थ्य विभाग एवं आई0सी0डी0एस0 की 3026 टीमें हर घर दस्तक देकर लोगों को व्यक्तिगत और वातावरण की स्वच्छता आदि के संबंध में जागरूक करेगी। साथ ही टीमों द्वारा जुखाम, बुखार, कुपोषण, टी0बी0, कुष्ठ, कालाजार, फाइलेरिया, दस्त आदि रोगों के लक्षणों से युक्त व्यक्तियों को चिन्हित कर उनका समुचित उपचार कराया जाएगा। जुलाई माह में दस्त की बढ़ती संभावना को देखते हुए दस्तक अभियान के दौरान 5 वर्ष से कम आयु के बच्चों के बीच ओआरएस का वितरण भी किया जाएगा। अभियान के अंतर्गत जनपद के समस्त उपकेंद्रों, प्राथमिक एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों तथा 6826 अगंबाडी केन्द्रों में ओआरएस कार्नर की भी स्थापना कि जाएगी।

संचारी रोग नियंत्रण अभियान में पंचायती राज विभाग की कुल 163 टीमों द्वारा 940 ग्राम पंचायतों में वेक्टर कन्ट्रोल, झाडियों कटाई, गड्ढों को भरना, स्थिर जलभराव का निस्तारण, नालियों की सफाई, उथले हैण्ड पम्प का चिन्हित करण, इण्डिया मार्का 2 हैण्डपम्प एवं इसके प्लेटफार्म की मरम्मत का कार्य किया जायेगा। इसी तरह नगर विकास विभाग द्वारा बलिया जनपद के शहरी क्षेत्रों के कुल 195 वार्डों में मच्छर नियंत्रण संबंधी गतिविधि संपादित की जाएगी तथा स्वच्छता अभियान आदि का संचालन करते हुए साफ सफाई संबंधी गतिविधियां जिनमें मुख्य रूप से नालियों की सफाई, झाड़ियां की कटाई, आदि शामिल है को किया जाएगा। कृषि विभाग की 102 टीमों द्वारा 940 ग्राम पंचायतों में चूहा एवं कृत्रंक नियंत्रण तथा इससे बचाव में प्रयुक्त होने वाले रसायनों के प्रयोग के विषय तथा स्क्रब टाइफस बीमारी से बचाव के सम्बन्ध में जागरूकता संबंधी कार्यों को किया जाएगा। अभियान में कृषि एवं उद्यान विभाग के समन्वय से मच्छर रोधी पौधों को उगाने हेतु जन समुदाय को प्रेरित भी किया जाएगा। पशुपालन विभाग की ब्लाकवार 18 टीमों द्वारा 357 सुअर बाड़ो की सफाई, पम्पलेट वितरण एवं पशुमेला द्वारा सुकर पालको के संवेदीकरण का कार्य करेगी। शिक्षा विभाग द्वारा जनपद के 2452 विद्यालयों के अध्यापकों तथा लगभग 3,16,921 बच्चों उनके अभिभावकों को संचारी एवं अन्य वेक्टर रोग से बचाव हेतु बैठकों, रैलियों, एवं विभिन्न प्रतियोगिताओं के माध्यम से जागरूक किया जाएगा। माह अप्रैल में सम्पादित दस्तक अभियान में आशा तथा आंगनबाड़ी की टीमों द्वारा कुल 5,77,256 घरों का भ्रमण किया, जिनमें से 6328 घरों में मच्छरों के लार्वा मिले जिन्हें टीमों द्वारा नष्ट कराया गया तथा विभिन्न संक्रामक रोगों से ग्रसित कुल 1692 व्यक्तियों का उपचार कराया गया।

आप सभी से निवेदन है जुलाई माह में संचालित होने वाले इस अभियान में बढ़ चढ़कर प्रतिभाग करें तथा व्यक्तिगत स्वच्छता, वातावरण की स्वच्छता, जल जनित, वाहक जनित तथा मच्छर जनित रोगों से बचाव हेतु अपने परिवार, मित्रों तथा जन समुदाय को भी प्रेरित करें। संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान के सफल संचालन द्वारा हम संचारी रोगों पर न सिर्फ नियंत्रण पा सकते हैं, बल्कि संचारी रोगों के परिणाम स्वरूप होने वाली रुग्णता तथा मृत्यु को भी कम कर सकते हैं। अभियान के उद्घाटन के अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी बलिया डॉ0 संजीव वर्मन, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक जिला चिकित्सालय बलिया डॉ0 एस0 के यादव, नोडल अधिकारी वी0बी0डी0 डॉ0 अभिषेक मिश्रा, जिला कृषि अधिकारी श्री पवन कुमार प्रजापति, जिला उद्यान अधिकारी श्रीमती अल्का श्रीवास्तव, जिला मलेरिया अधिकारी श्री राजीव कु0 त्रिपाठी, सहायक जिला मलेरिया अधिकारी श्री सुजीत कु0 प्रभाकर, जिला चिकित्सालय के चिकित्सक डॉ0 रितेश सोनी, डॉ0 दीपक गुप्ता एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहें।

नहीं रहे कांग्रेसी नेता अजय कुमार राय

नवानगर, (बलिया)। क्षेत्र के करमौता निवासी व वरिष्ठ कांग्रेस नेता व पूर्व प्रधान अजय कुमार राय की 65 वर्ष की उम्र में का दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। मंगलवार की सुबह लगभग 10 बजे श्री राय की अचानक तबियत बिगड़ने लगी। उनका शुगर लेवल बहुत हाई हो गया था वही हार्टबीट बैठने लगा। घर वालों ने इलाज हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिकन्दरपुर पहुँचाया, जहाँ डॉक्टरों ने प्राथमिक इलाज करने के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया। परिजन अपूर्व हास्पिटल लेकर गये, जहाँ उन्हें डॉक्टरों द्वारा जांच के बाद मृत् घोषित कर दिया गया। राय अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़कर चले गए। उनकी की तीन बेटियां व एक बेटा है।

शपथ दिलाकर किया विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान की शुरूआत

तरूणमित्र न्यूज

गाजीपुर। संचारी व मच्छर जनित रोगों की रोकथाम व नियंत्रण के लिए मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 सुनील पाण्डेय ने आज मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय से विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान की शुरुआत शपथ दिलाकर किया। इस दौरान जन जागरूकता रैली का भी आयोजन किया गया। जिसमें स्वास्थ्य समेत सभी विभिन्न विभागों के अधिकारियों, स्वास्थ्यकर्मियों, आशा-आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने बढ़-चढ़ कर प्रतिभाग किया।

मुख्य चिकित्साधिकारी ने कहा कि संचारी व मच्छर जनित रोगों जैसे डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया, फाइलेरिया, कालाजार आदि बीमारियों की रोकथाम व नियंत्रण के लिए प्रदेश सरकार निरंतर प्रयास कर रही है। इन्हीं बीमारियों की रोकथाम के लिए विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान की शुरुआत की गई है। यह अभियान 31 जुलाई तक चलेगा। इसी बीच 11 से 31 जुलाई तक दस्तक अभियान चलाया जाएगा। अभियान के सफल संचालन के लिए स्वास्थ्य विभाग, नगर निमग, पंचायती राज विभाग समेत 11 विभागों की टीम तैनात की गईं हैं जो घर-घर जाकर बीमारियों की रोकथाम और समुदाय को जागरूक करेंगी। ऐसे में जन समुदाय का भी दायित्व है कि अभियान में सहयोग करे, सतर्क और जागरूक रहें। मुख्य चिकित्साधिकारी ने अपील की कि डेंगू का मच्छर दिन में ही काटता है तथा इससे बचाव के लिए पूरे शरीर को ढकने वाले कपड़े पहनें। मच्छर रोधी क्रीम का इस्तेमाल करें। सोते समय मच्छरदानी का प्रयोग करें।

प्रशासन व विभिन्न विभागों के साथ ही जन प्रतिनिधि भी इस अभियान को सफल बनाने में सहयोग करेंगे। इन बीमारियों की रोकथाम के लिए एंटी लार्वा छिड़काव, फोगिंग, स्वच्छता, साफ-सफाई आदि का कार्य किया जाएगा। जांच व उपचार के साथ आवश्यक दवा भी प्रदान की जाएगी। इस अभियान में स्वास्थ्य विभाग, नोडल विभाग रहेगा। नगर निगम, पंचायती राज, पशुपालन विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, शिक्षा विभाग, दिव्यांग जन कल्याण विभाग, कृषि एवं सिंचाई विभाग सहित 11 विभाग आपसी समन्वय बनाकर अभियान को सफल बनाएंगे।

सीएमओ ने कहा कि विशेष संचारी रोग नियंत्रण व दस्तक अभियान उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री का बेहद महत्वाकांक्षी कार्यक्रम है। डेंगू, मलेरिया, फाइलेरिया, कालाजार आदि रोगों को विशेष अभियान चलाकर काबू कर लिया जाएगा। स्वास्थ्य विभाग के आपसी समन्वय से नगर पालिका व नगर पंचायत की टीमें शहरी क्षेत्र तथा पंचायती राज विभाग की टीमें ग्रामीण क्षेत्रों में बीमारियों की रोकथाम व नियंत्रण कार्य के साथ ही समुदाय को जागरूक करेंगी। सीएमओ ने कहा कि अभियान में अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार किया जाएगा। इसमें जन प्रतिनिधियों, प्रभावशाली व्यक्तियों, विभिन्न संस्थाओं के साथ ही जनमानस का भी सहयोग लिया जाएगा।

इस मौके पर डिप्टी सीएमओ, एसीएमओ, चिकित्सा अधीक्षक, जिला मलेरिया अधिकारी, नगर पालिका/नगर पंचायत, पंचायती राज, आईसीडीएस, बेसिक व माध्यमिक शिक्षा विभाग समेत सभी विभागों के प्रमुख अधिकारी व सहकर्मी, सहायक मलेरिया अधिकारी, मलेरिया निरीक्षक एवं अन्य स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित रहे।

डीएम ने जिला चिकित्सालय का किया निरीक्षण

तरुणमित्र न्यूज़

बलिया। जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने मंगलवार को जिला चिकित्सालय का निरीक्षण किया। उन्होंने निरीक्षण के दौरान मुख्य चिकित्साधिकारी एवं सीएमएस को मरीजों को बेहतर चिकित्सीय सुविधा उपलब्ध कराने के साथ ही शासन द्वारा अनुमन्य सभी सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रतीक्षालय हाल में ए.सी. लगवाने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान निर्देश देते जिलाधिकारी।

उन्होंने कई स्थानों पर निष्प्रयोज्य सामग्री पड़ी पाए जाने पर नाराजगी प्रकट करते हुए सी.एम.एस को नियमानुसार निष्प्रयोज्य सामग्रियों को निस्तारित करने के निर्देश दिए। उन्होंने अस्पताल परिसर में अव्यवस्थित तरीके से खड़ी वाहनों पर भी नाराजगी प्रकट करते हुए सी.एम.एस को अस्पताल स्टाफ एवं मरीज/परिजन के लिए अलग-अलग पार्किंग चिन्हित कर पार्किंग में ही वाहन खड़ी हो, सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। साथ ही अस्पताल परिसर के निरीक्षण के दौरान कई स्थानों पर कूड़ा एकत्र पाए जाने एवं नाली की सफाई न पाए जाने पर नाराज़गी प्रकट करते हुए सीएमएस व सफाई एजेंसी को तत्काल कूड़ा उठाने एवं अस्पताल व अस्पताल परिसर में साफ-सफाई की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। उन्होंने पर्ची काउंटर के निरीक्षण के दौरान पंजीकरण प्रक्रिया धीमी पाई जाने पर कड़ी नाराजगी प्रकट करते हुए सी.एम.एस को महिला एवं पुरुष मरीजों के लिए अलग-अलग पर्याप्त संख्या में पंजीकरण काउंटर स्थापित कराने के भी निर्देश दिए। उन्होंने अस्पताल के प्रवेश द्वार पर नाली टूटी पाए जाने पर अधिशासी अधिकारी, बलिया को 24 घंटे के अंदर नाली ठीक कराने के निर्देश दिए। इन्होंने मुख्य चिकित्साधिकारी को अस्पताल परिसर में हेल्पलाइन सेंटर स्थापित कराने तथा अस्पताल परिसर में स्थित प्रत्येक बिल्डिंग एवं कक्ष पर साइनेज बोर्ड लगवाने के निर्देश दिए। उन्होंने मरीजों के बैठने के लिए अस्पताल परिसर में शेड बनवाने के साथ ही शेड में पर्याप्त बेंच, कुर्सी व पंखा आदि लगवाने के भी निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि यह भी सुनिश्चित किया जाय कि अस्पताल परिसर में मरीज व उनके परिजन के अलावा कोई अन्य व्यक्ति अनावश्यक रूप से प्रवेश न करें।

पांचवीं मोहर्रम पर 'यादगारे शोहदाए कर्बला' जुलूस का आयोजन

तरुणमित्र न्यूज़

सिकन्दरपुर (बलिया)। मोहर्रम के पांचवें दिन 'यादगारे शोहदाए कर्बला' के तहत मंगलवार को भव्य जुलूस निकाला गया, जिसमें मुस्लिम समुदाय के हजारों लोगों ने भाग लिया।

मोहल्ला बढ़ा स्थित दरगाह से डॉ. सैय्यद मिन्हाजुद्दीन अजमली के नेतृत्व में जुलूस परंपरागत मार्गों से होते हुए मुड़ियापुर स्थित हजरत हाशिम शाह चहारजरब के मजार पर पहुंचा। नातखां नवहा और मर्सिया पढ़ते रहे, वहीं शबीलों में शरबत व तबरुक बांटा गया। डॉ. अजमली ने कर्बला के शहीदों की कुर्बानियों व इमाम हुसैन की शिक्षाओं पर प्रकाश डाला। शांति व्यवस्था हेतु प्रशासन द्वारा पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया गया, जिसमें उपजिलाधिकारी रवि कुमार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। जुलूस में सैयद जाफर अजमली, हाजी वसी अहमद, शेख अहमद अली, नजरूलबारी डॉ. सलाहुद्दीन खां, खुर्शीद आलम समेत अनेक गणमान्य लोग शामिल हुए।

आवश्यकता है

मड़ियाहूं पी0जी0 कालेज मड़ियाहूं, जौनपुर उ0प्र0 सम्बद्ध वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर में स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत भौतिक विज्ञान (स्नातक)-01 पद, वनस्पति विज्ञान (स्नातक)-01 पद, गृह विज्ञान (स्नातक)-01 पद, बी0सी0ए0- 06 पद, राजनीति विज्ञान (स्नातकोत्तर)-01 पद, शिक्षाशास्त्र (स्नातकोत्तर)-01 पद, प्राणी विज्ञान (स्नातकोत्तर)-03 पद, एवं रसायन विज्ञान (स्नातकोत्तर)-03 पद। योग्यता एवं वेतनमान उ0प्र0 शासन/ यू0जी0सी0/ विश्वविद्यालय परिनियमावली के अनुसार। इच्छुक अभ्यर्थी अपने समस्त अभिलेख की छात्राप्रति, पासपोर्ट साइज फोटो, आधार कार्ड एवं पैन कार्ड के साथ विज्ञापन तिथि से 21 दिन के अन्दर प्रबन्धक के पद नाम महाविद्यालय के पते पर आवेदन करें। साक्षात्कार की सूचना डाक अथवा दूरभाष द्वारा दी जायेगी।

(अपूर्व तिवारी)
प्रबन्धक
मड़ियाहूं पी0जी0 कालेज
मड़ियाहूं, जौनपुर

जल जमाव से बाजारवासियों में काफी आक्रोश

तरूणमित्र न्यूज

बरदह। थाना क्षेत्र अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग प्रयागराज - गोरखपुर ,पर स्थित बरदह बाज़ार में दुकानदार एवं ग्रामीण क्षेत्र की जनता को राष्ट्रीय राजमार्ग पर जलभराव के कारण काफी दुश्वारियों का सामना करना पड़ रहा है।

बताते चलें कि पिछले वर्ष जिस निजी कंपनी ने राष्ट्रीय राजमार्ग जौनपुर से मोहम्मदपुर एनएच 128 ए का कार्य संपन्न किया। उसने सड़क की अच्छे से ढाल और नालियां न बनाने के कारण जगह जगह भारी जल जमाव हो जाता है जिससे दुकानदारों को उनके दुकान के सामने बहुत अधिक मात्रा में जमा हो जाता है और जो लोग भी उसके बगल से गुजरते हैं। तो वाहन उनको पूरी तरीकों से भिगो देते हैं और यह जल जमाव बारिस बीत जाने के बाद 2 से 3 दिनों तक रहता है जिससे उस रास्ते के अगल बगल से गुजरने वाली जनता भी परेशान होती है और दुकानदारों के यहां कोई सामान लेने नहीं आता है। नालिया भी पूरी तरीके से जाम हो चुकी है।

पानी निकलने का कोई साधन नहीं है जिससे राष्ट्रीय राजमार्ग भी लगातार खराब हो रहा है और इसकी सुध लेने वाला कोई नहीं है। मौके पर उपस्थित दुकानदारों एवं ग्रामीणों में हर्ष वर्धन तिवारी, शकील अहमद फिरतू यादव, छांगुर यादव ,राजेश तिवारी, पप्पू तिवारी, हेमंत तिवारी, शिवप्रसाद सोनी, इसराइल आदि लोग मौके पर मौजूद रहे।

विद्यालय मर्जर के खिलाफ प्राथमिक शिक्षक संघ पंदह का विरोध

तरुणमित्र न्यूज़

सिकंदरपुर, बलिया। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा परिषदीय विद्यालयों के मर्जर के निर्णय के विरोध में ब्क्स्ट पंदह (खेजुरी) में प्राथमिक शिक्षक संघ की बैठक आयोजित हुई। बैठक में कार्यसमिति, संघर्ष समिति, ग्राम प्रधान, स्स्ष्ट अध्यक्षों व अभिभावकों ने एकजुट होकर विरोध दर्ज किया। अध्यक्ष ज्ञानेन्द्र गुप्ता ने कहा कि सरकार मान्यता विहीन स्कूलों पर कार्रवाई की बजाय गरीब बच्चों के स्कूल बंद कर रही है, जिससे बालिकाएं खासकर प्रभावित होंगी। मंत्री सैफुद्दीन अंसारी ने निर्णय को तुगलकी बताते हुए आर-पार की लड़ाई की चेतावनी दी। वक्ताओं ने मर्जर को अव्यवहारिक और छात्रहित के खिलाफ बताते हुए तत्काल आदेश रद्द करने की मांग की। बैठक की अध्यक्षता ज्ञानेन्द्र गुप्ता व संचालन राम प्रवेश चौधरी ने किया।

निजी क्लिनिक में प्रसूता की मौत के बाद बवाल

तरुणमित्र न्यूज़

सिकंदरपुर (बलिया)। स्थानीय बस स्टेशन चौराहे के पास एक निजी क्लिनिक में मंगलवार सुबह

परिजन ने लगाया लापरवाही का आरोप

डिलीवरी के दौरान 26 वर्षीय महिला माधुरी की मौत के बाद जमकर हंगामा हुआ। परिजनों ने मृतका का शव दुबरी चौधरी के कटरा के बाहर रखकर विरोध प्रदर्शन किया और क्लिनिक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। मृतका के पिता रामाशीष कनौजिया (निवासी करमौता) ने आरोप लगाया कि उनकी बेटी की मौत चिकित्सकीय लापरवाही के कारण हुई है। उन्होंने बताया कि उनकी बेटी माधुरी की शादी ताड़ीबड़ागांव निवासी राजेश कन्नौजिया से हुई थी और कुछ दिन पहले ही वह मायके आई थी। 26 जून को प्रसव पीड़ा होने पर उसे सिकंदरपुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया।

परिजनों के अनुसार, अस्पताल में मौजूद महिला चिकित्सक और उनके स्टाफ ने बिना अनुमति के बाहर से एक चिकित्सक को बुलाकर ऑपरेशन कर दिया। ऑपरेशन के बाद माधुरी की हालत लगातार बिगड़ती रही। परिजनों ने 27 जून से ही चिकित्सकों से उसे बेहतर इलाज के लिए कहीं और रेफर करने का आग्रह किया, लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें रेफर नहीं किया।

परिजनों का आरोप है कि 30 जून को जब माधुरी की हालत गंभीर हो गई, तो उसे पहले फातिमा अस्पताल मऊ ले जाया गया, जहाँ गंभीर हालत के कारण उसे भर्ती करने से मना कर दिया गया। इसके बाद उसे प्रकाश अस्पताल ले जाया गया, जहाँ इलाज के दौरान सोमवार रात करीब 11 बजे उसकी मौत हो गई। मऊ के चिकित्सकों ने परिजनों को बताया कि ऑपरेशन गलत तरीके से किया गया था और संक्रमण पूरे पेट में फैल गया था। मंगलवार सुबह जब परिजन शव लेकर उस अस्पताल पर पहुँचे, जहाँ ऑपरेशन हुआ था, तो वहाँ ताला लगा था और सभी कर्मचारी फरार हो चुके थे। पुलिस ने दर्ज किया मामला, क्लिनिक अवैध रूप से चल रही थी। चौकी प्रभारी ज्ञान प्रकाश तिवारी ने बताया कि मृतका के भाई कृष्णा कनौजिया की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

प्रवेश प्रारम्भ प्रवेश प्रारम्भ
(श्रम मंत्रालय भारत सरकार एन.सी.वी.टी. द्वारा मान्यता प्राप्त)
प्यारी देवी निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान
100% रोजगारपरक

ट्रेड (कोर्स)	अवधि	पात्रता
फिटर	2 वर्ष	हाईस्कूल
इलेक्ट्रिशियन	2 वर्ष	हाईस्कूल

सीमित सीट
★आधुनिक वर्कशाप ★ अनुभवी शिक्षक
विशेष- कैम्पस सिलेक्शन सुविधा, सुसज्जित कार्यशालाएँ प्रशिक्षित एवं अनुभवी अनुदेशक, जाब अप्रेन्टिस की व्यवस्था
गौराबादशाहपुर, पिलखिनी, जौनपुर
Mob.: 9415234998, 8423472673

लक्ष्मी हेल्थ केयर नर्सिंग एवं पैरामेडिकल कालेज
A.N.M. 10+2 (Art/Bio)
G.N.M. (A) 10+2 (Bio)
B.Sc. Nursing (A) 10+2 (Bio)
प्रवेश प्रारम्भ 2025-26
O.T.T. डिप्लोमा इन आपरेशन थियेटर टैक्निशियन
D.P.T. डिप्लोमा इन फिजियोथैरेपी
OPTOMERTY डिप्लोमा इन आप्टोमेट्री टैक्निशियन
कुत्तूपुर, जौनपुर Mob. : 7275314939, 9236627158

NIRMALA DEVI POLYTECHNIC & Pharmacy College
(D Pharma Course) | AICTE & UPBTE Approved
ADMISSION OPEN 2025-26
B. PHARMA AND D. PHARMA
Course Name Bus Facility
Electrical & Electronics Engineering
Mechanical Engineering Production
Mechanical Engineering Automobile
Electrical Engineering
Civil Engineering
Adress: Near Gaurabadshahpur Police Station, Nayansand, Jaunpur (U.P.)
Contact No. 9415234998, 7839456998, 9839449646, 7080956598, 8787010634, 8808800929
Website: www.ndpc.co.in E-mail: dnirmala432@gmail.com

"HAPPY DOCTORS DAY"
जनपद के समस्त चिकित्सकों को चिकित्सक दिवस पर हार्दिक शुभकामनाएं डॉ. शकुन्तला यादव, डॉ. राम अवध यादव

स्टाफ नर्स के प्रशिक्षण के लिए
अवध पैरा मेडिकल कालेज जौनपुर
708, विशेषरपुर (पचहटिया) शीतला चौकियाँ, आजमगढ़ रोड, जौनपुर Mob. : 9129773253
G.N.M., A.N.M., B.Sc.(Nursing) Post Basic, D.Pharma, B.Pharma
G.N.M. सामान्य नर्सिंग एवं मिडवाइफरी के 3 वर्षीय डिप्लोमा प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रवेश हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं।
योग्यता 10+2 या समकक्ष परीक्षा में कम से कम 90% अंक
चयन प्रक्रिया मेरिट के आधार पर
आयु सीमा 17–35 वर्ष
छात्रावास की सुविधा
आवेदन पत्र एवं अन्य विवरण के लिए सम्पर्क करें
डा. रामअवध यादव Mob.: 8931931199, 9415273329
डा. शकुन्तला यादव प्रबन्ध निदेशक Mob.: 9889377675, 9415207436
KUNWAR DAS MEDICAL CENTRE PVT. LTD. 708, Vishesharpur (Panchahatiya), Sheetala Cahukiya, Azamgarh Road, Jaunpur-222106

रिवांश मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधायें-
जनरल सर्जरी, अपेण्डिक्स, हार्निया बच्चेदानी का ऑपरेशन, पेट आंत पित्त की थैली के पथरी का ऑपरेशन हाइड्रोसिल, गुर्दे की पथरी प्रोस्टेट (दूरबीन विधि द्वारा), बवासीर भगन्दर, फिशर का ऑपरेशन क्षार सूत्र विधि द्वारा, यूरो सर्जरी, लैप्रोस्कोपिक सर्जरी ऑपरेशन द्वारा बच्चा पैदा करने की सुविधा इत्यादि
डॉ. पवन चौरसिया B.A.M.S., M.S. (Ay) जनरल एण्ड एनोरेक्टल सर्जन
डॉ. फैजल जावेद M.B.B.S फिजीशियन
डॉ. डी.के. गुप्ता M.B.B.S., MS, Mch, Urologist यूरो सर्जन
लाइन बाजार तिराहा, वाराणसी रोड, जौनपुर 24/7 Emergency Service
Mob.: 8765452133, 9336748494, 9415161571

Reg. No. 65483
HOPE FAMILY CLINIC
होप फैमिली क्लीनिक
डा. नाज़िया बानो
बी.ए.एम.एस. (बैंगलोर)
सी.सी.एच., सी.जी.ओ. (पूणे)
स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
पूर्व एम.ओ. बालाजी हॉसिपटल- मुम्बई
रिस्क केयर हॉस्पिटल- मुम्बई
रविवार बन्दी
24 घण्टे इमरजेन्सी सुविधा उपलब्ध
Mob.: 9956487705
क्लीनिक का समय
सुबह- 10 बजे से 2 बजे तक / शाम- 4 बजे से 7 बजे तक
पता:- मल्हनी पड़ाव, गंगा प्रेस के सामने गली में, जौनपुर-222001

नि:सन्तान दम्पति निराश न होवें
बाँझपन के सर्वोत्तम इलाज के लिए
शकुन्तला आईवीएफ सेन्टर जौनपुर
सेवा का अवसर दें
.... निवेदक ....
डा0 रामअवध यादव
डा0 शकुन्तला यादव
डा0 आनन्द वर्द्धन
डा0 अन्शु कुमारी
पंचहटिया, आजमगढ़ रोड, जौनपुर
Mob.: 8931931199, 9918905642

उमानाथ सिंह शिक्षण प्रशिक्षण महाविद्यालय
पिलखिनी, जौनपुर (उ.प्र.)
(वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर से सम्बद्ध)
वर्तमान सत्र- 2025-26 से मान्यता प्राप्त विषय
कला संकाय (बी.ए.)
प्राचीन इतिहास, शिक्षा शास्त्र, अंग्रेजी, हिन्दी, भूगोल, होम साइन्स, समाज शास्त्र।
विज्ञान संकाय (बी.एस.सी.)
भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, गणित, जन्तु विज्ञान, वनस्पति विज्ञान।
प्रवेश प्रारम्भ - शीघ्रता करें - सीटें सीमित

स्वर्ण आभूषण होल सेल से कम रेट पर
16 वर्षों से शुद्धता एवं विश्वास की कसौटी पर ग्राहकों की अपेक्षाओं पर खरे सोने के भाँति निरंतरता को बनाये रखते हुए आमंत्रित करता है अपने प्रतिष्ठान
सौरव ज्वेलर्स
सम्मानित ग्राहकगण
सोने के बढ़ते हुए रेट में सौरव ज्वेलर्स आपको सोने व चाँदी के जेवर होल सेल के सभी कम रेट पर आपको ज्वेलरी देने का प्रयास निरंतर कर रहा है। जिससे आप सभी को कुछ राहत मिल सके।
18 कैरेट जेवर पर 18 कैरेट का ही भाव लगेगा
22 कैरेट जेवर पर 22 कैरेट का ही भाव लगेगा
सोने के जेवर पर मेकिंग चार्ज 3.9 प्रतिशत से शुरू।
जो कि प्रदेश में पहली बार इतने न्यूनतम बनवाई पर HUID हाल मार्क गहने आप प्राप्त कर सकेंगे। विश्वास ही हमारी परम्परा है।
मिश्रा काम्प्लेक्स, ओलन्दगंज तिराहा, जौनपुर
प्रो0-सौरव कुमार बैंकर मो0- 7317337000

पेट, आँत, लीवर, किडनी, ब्रेस्ट, प्रोस्टेट, बच्चेदानी आदि रोग की सुरक्षित गुणवत्ता पूर्ण एडवांस मेडिकल एवं सर्जिकल इलाज के लिए राष्ट्रीय प्रमाण-पत्र
NABH & ISO द्वारा प्रमाणित अस्पताल
डा. लाल बहादुर सिद्धार्थ
M.B.B.S., M.S. Surgery, F.I.M.S.A., M.I.A.G.E.S.
SR. (Gastro Surgery,) M.I.M.S.A., F.A.I.S., F.I.C.S.
(गैस्ट्रो. लेप्रोस्कोपिक एवं कैंसर सर्जन)
जनता के बेहतर और कल्याण के लिए केन्द्र सरकार की सौगात
आयुष्मान भारत योजना के अन्तर्गत
5 लाख तक का नि:शुल्क उपचार
गोल्डेन कार्ड प्रतिदिन बनता है
न्यू. टैरिटेज
सिद्धार्थ हास्पिटल
मल्टी स्पेशियलिटी साइंस एवं रिसर्च सेन्टर
सुन्दरनगर उमरपुर हरिबंधनपुर, (निकट मैहर देवी मंदिर) जनपद जौनपुर
मो.नं.: 9415315405, 9598725958, 9838259535
बेटी बचाओ - बेटी पढ़ाओ

बी.ए.एम.एस. के सर्वोत्तम प्रशिक्षण के लिए
डा. शकुन्तला आयुर्वेदिक मेडिकल कालेज, जौनपुर
पता - 1214, नयनसण्ड, थाना रोड, गौराबादशाहपुर, जौनपुर (उ.प्र.) 222133
College Code- AYU0728
ADMISSION OPEN 2025-26
अभ्यर्थी U.P. आयुष, NEET की वेबसाइट पर डा. शकुन्तला आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज को प्रथम विकल्प चुनें
BAMS BACHELOR OF AYURVEDIC MEDICINE AND SURGERY
Recognized by NCISM, Ministry of AYUSH, Govt. of India. Affiliated to Mahayogi Guru Gorakhnath AYUSH University, Uttar Pradesh
10+2 (PCB) Min. 50% and NEET Qualifying Score
4.5 Years + 1 Year Internship
स्कॉलरशिप
एजुकेशन लोन सुविधा
LIMITED SEATS HURRY UP! PRE BOOK YOUR SEAT NOW
NEET UG 2024 QUALIFYING CUTOFF

CATEGORY	PERCENTILE	MARKS
GEN/EWS	50%ile	164
OBC	40%ile	129
SC	40%ile	129
ST	40%ile	129

9415273329, 9889377675, 1390691111 drshakuntalaayush.in drshamch2023@gmail.com

11 मासूमों की जान गंवाने के लिए RCB जिम्मेदार

नई दिल्ली। सेंट्रल एडमिनिस्ट्रेटिव ट्रिब्यूनल (CAT) ने बेंगलुरु भगदड़ केस में सस्पेंड IPS विकास कुमार को बहाल कर दिया है। आईपीएल 2025 फाइनल मैच जीतने के बाद आरसीबी की विक्ट्री सेलिब्रेशन के दौरान चिन्नास्वामी स्टेडियम में भगदड़ मची थी।

इस दौरान कुल 11 मासूम लोगों की जान गई थी और 75 लोग घायल हुए थे। अब CAT ट्रिब्यूनल ने कहा कि हादसे के लिए रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (RCB) को जिम्मेदार ठहराया है। दरअसल, CAT ने सरकार को मामले में शामिल दो अन्य अधिकारियों के निलंबन की समीक्षा करने का भी निर्देश दिया। सूत्रों ने कहा कि अधिकारियों को उम्मीद है कि उनका निलंबन भी वापस लिया जा सकता है। भीड़ प्रबंधन में खामियों के लिए अधिकारियों को निलंबित करने की कर्नाटक सरकार की सिफारिश के बाद केंद्र ने विकास और दो अन्य वरिष्ठ आईपीएस अधिकारियों -बी दयानंद (बेंगलुरु के पुलिस आयुक्त थे) और शेखर एच टेक्कन्नावर ने ट्रिब्यूनल में चुनौती दी थी।